सूर्योदय 7:03 सूर्यास्त 5:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 1.0 न्यू | 13.2 अधि |
| धर्मशाला | 3.9 न्यू | 17.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81510.05 |
| निफ्टी | 24610.05 |
| सोना 78,600 | चांदी 97,995 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 11 दिसंबर 2024 | 26 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 355, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए follow us on: 8894521702



सबालेंका साल की सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी

पृष्ठ 14 पर

## आसाराम को फिर 17 दिन की पैरोल

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को 17 दिन की पैरोल फिर दे दी है। इसमें दो दिन यात्रा के लिए शामिल हैं यानी वह 15 दिसंबर तक इलाज के लिए महाराष्ट्र के माधवबाग अस्पताल जा सकते हैं। आसाराम फिलहाल जोधपुर के आरोग्यम अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। इससे पहले, 10 नवंबर को उन्हें जोधपुर के एक आयुर्वेदिक अस्पताल में 30 दिन की पैरोल दी गई थी, जो 30 नवंबर को खत्म हो गई। इसके बाद, उन्होंने महाराष्ट्र के पुणे स्थित माधवबाग अस्पताल में इलाज के लिए कोर्ट से इजाजत मांगी थी।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बर्फबारी ने बिजली बोर्ड का लिया कड़ा इम्तिहान -पेज 2
- आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के कपाट बंद -पेज 3
- सराज हलके में होंगे अब 3 मंडल अध्यक्ष -पेज 9
- सीयूईटी-यूजी 2025 में फेरबदल: 5 विषयों की दे सकेंगे परीक्षा -पेज 13
- लिरेन के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेंगे गुकेश -पेज 14

# विपक्ष ने जगदीप धनखड़ को हटाने के लिए दिया नोटिस

## कांग्रेस समेत 60 सांसदों के हस्ताक्षर, सभापति पर लगाया पक्षपात का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** के शीतकालीन सत्र के 11वें दिन मंगलवार को कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्ष ने राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए नोटिस दिया है। यह नोटिस राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को सौंपा।



इस नोटिस में कांग्रेस, टीएमसी, 'आप', सपा, डीएमके, सीपीआई, सीपीआई-एम और आरजेडी समेत कई पार्टियों के 60 सांसदों के साइन हैं। विपक्ष का धनखड़ पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन चलाने का आरोप है। वहीं, लोकसभा में अडानी-जॉर्ज सोरोस मुद्दे पर खूब हंगामा हुआ। स्पीकर ने बुधवार तक के लिए सदन स्थगित कर दिया।

### क्या है नियम

**राज्यसभा** के सभापति के खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 67(बी) के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है। सभापति को राज्यसभा के सभी तत्कालीन सदस्यों के बहुमत से पारित प्रस्ताव और लोकसभा की सहमति से हटाया जा सकता है, लेकिन 14 दिन पहले नोटिस देना जरूरी है। अगस्त माह में भी विपक्षी दलों ने सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में किसी कारणवश इसे टाल दिया गया था।

### विपक्ष को 249 सांसदों का समर्थन बहुमत के आंकड़े से 23 कम

**लोकसभा** में अभी 543 सदस्य हैं, जहां सत्ता पक्ष के पास कुल 293 सांसद हैं। विपक्ष को 249 सांसदों का समर्थन प्राप्त है, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से करीब 23 कम है। राज्यसभा में वर्तमान में एनडीए गठबंधन के पास पूर्ण बहुमत है, जबकि विपक्ष 100 के आंकड़े के करीब ही है। राज्यसभा में अभी भी मनोनीत सांसदों के चार पद रिक्त हैं। वहीं, छह सीटों के लिए उपचुनाव हो रहे हैं।

### रिजिजू बोले- नोटिस बेहद अफसोसजनक

**संसदीय** कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने सभापति धनखड़ को हटाने के लिए विपक्षी गठबंधन के नोटिस सौंपने के कदम को बेहद अफसोसजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि यदि प्रस्ताव पेश किया जाता है, तो दलों को पारित कराने के लिए साधारण बहुमत की आवश्यकता होगी, लेकिन उनके पास अपेक्षित संख्या नहीं है।

# हिमाचल में 41 स्थलों पर होंगे ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित

## मुख्यमंत्री सुक्खू की उपस्थिति में परिवहन विभाग व 2 कंपनियों के बीच एमओयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में मंगलवार को परिवहन विभाग और दो कंपनियों के बीच चिन्हित पांच ग्रीन कॉरिडोर में सुविधाएं बढ़ाने के लिए एमओयू साइन हुआ।



जियो-बीपी कंपनी मंडी-जोगिंद्रनगर-पठानकोट और कीरतपुर-मनाली-केलांग ग्रीन कॉरिडोर को विकसित करेगी, जबकि ईवीआई टेक्नोलॉजी कंपनी एक वर्ष के भीतर परवाणू-ऊना-संसारपुर टैरेस-नूरपुर तथा परवाणू, शिमला-रिकांगपिओ-लोसर ग्रीन कॉरिडोर को विकसित करेगी। इलेक्ट्रोवेब कंपनी शिमला-हमीरपुर-चंबा ग्रीन कॉरिडोर को विकसित करेगी। पांच ग्रीन कॉरिडोर पर कंपनियां एक साल के भीतर 41 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन, वे-साइड सुविधाएं और सुपर मार्केट स्थापित करेंगी।

**पांच ग्रीन कॉरिडोर में बढ़ेंगी सुविधाएं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 41 स्थानों पर ई-बस, ई-ट्रक और अन्य ई-व्हीकल को चार्ज करने की सुविधा प्राप्त होगी। इन स्थानों पर शौचालय तथा रेस्तरां जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। राज्य सरकार को कंपनियां लगभग 75 लाख रुपए प्रति वर्ष लीज मनी के रूप में प्रदान करेंगी। एमओयू पर राज्य सरकार की ओर से निदेशक परिवहन विभाग डीसी नेगी, जबकि ईवीआई टेक्नोलॉजी की ओर से राहुल सोनी व जियो बीपी कंपनी की ओर से अविनाश शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रधान सचिव आरडी नजीम व अन्य उपस्थित रहे।

# वर्षगांठ पर 'अनंत ज्ञान' प्रदेशभर में कल लगाएगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

आओ! मिलकर करें रक्तदान बचाएं जान

**प्रदेश** का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान और अनंत ज्ञान टीवी अपनी पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर, वीरवार को प्रदेशभर में रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। शिविरों का उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और रक्तदान के प्रति जागरुकता फैलाना है। अनंत ज्ञान के नगरोटा बगवां के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित प्रेस परिसर में, ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में, शिमला के रिज मैदान पर, बिलासपुर में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिविर लगेंगे। वहीं, सोलन में साईं संजीवनी हॉस्पिटल, हमीरपुर के गांधी चौक में, चंबा के गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज में, कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में, मंडी के जोनल अस्पताल तथा जोगिंद्रनगर के सिविल अस्पताल में शिवर लगेंगे। शिविरों का आयोजन प्रातः दस बजे से शुरू हो जाएगा। अनंत ज्ञान रक्तदाताओं से रक्तदान की अपील करता है।

# आनी में खाई में गिरी निजी बस; 3 की मौत, 39 घायल

**अनंत ज्ञान, आनी**

**कुल्लू** जिले के आनी क्षेत्र में श्वाड-निगान सड़क मार्ग पर मंगलवार को 11:30 बजे शकैलड़ के समीप एक निजी बस खाई में गिर गई। इस हादसे में चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 39 यात्री घायल हुए हैं।

18 घायल आनी अस्पताल में उपचाराधीन हैं, जबकि 21 गंभीर रूप से घायलों को रामपुर व आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान करसोग के 56 वर्षीय दीनानाथ, टिपर के 55 वर्षीय केशव और कांडूगाड़ के 32 वर्षीय गुलशन गोस्वामी के रूप में हुई है। पुलिस व प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। डीसी तोरुल एस रवीश ने बताया कि बस में चालक-परिचालक समेत 42 लोग सवार थे। चालक ने मौके पर और दो घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ा। मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार और घायलों को 5-5 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की जा रही है। डीएसपी चंद्रशेखर कायथ ने कहा कि हादसे के कारणों की छानबीन की जा रही है।



# हिंसा रोकने व डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सुझाव दें: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कोलकाता रेप-मर्डर केस**

**नेशनल टास्क फोर्स को 3 माह में रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से हुए रेप और मर्डर केस में सुनवाई की।

कोर्ट ने लिंग आधारित हिंसा को रोकने, डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल को लेकर सुझाव मांगे। कोर्ट ने कहा कि ये सुझाव नेशनल टास्क फोर्स को भी भेजे जाएंगे।

बेंच ने कहा कि मार्च 2025 से मामले की रेगुलर सुनवाई होगी, अगर सुनवाई में देरी होती है तो पक्षकार जल्दी सुनवाई की मांग कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल टास्क फोर्स को सुरक्षा प्रोटोकॉल और बाकी पहलुओं पर 3 महीने में अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

आओ! मिलकर करें रक्तदान बचाएं जान

अनंत ज्ञान

दैनिक समाचार पत्र

का उपलब्धियों भरा प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर

लगने वाले रक्तदान शिविर में आप सब सादर आमंत्रित हैं।



रक्त दें और जीवन बचाएं

कार्यक्रम

दिनांक:- 12 दिसंबर 2024, वीरवार

समय:- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक



स्थान

| | |
|---|---|
| ऊना | क्षेत्रीय अस्पताल, ऊना, मो. 98163 96500 |
| शिमला | रिज मैदान, शिमला, वर्षाशालिका, मो. 98054 38718 |
| बिलासपुर | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, मो. 98058 53582 |
| सोलन | साईं संजीवनी हॉस्पिटल, सोलन ,माल रोड, नजदीक कोर्ट परिसर, मो. 9418157519, 7018716514 |
| हमीरपुर | गांधी चौक, हमीरपुर, मो. 94180 03422 |
| चंबा | गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज चंबा, मो. 9318134100 |
| कुल्लू | क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, मो. 86298-97600 |
| मंडी | जोनल अस्पताल मंडी, मो. 8263880288 |
| जोगिंद्रनगर | सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर, मो.7018982097 |
| कांगड़ा | प्रेस परिसर, इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा, फोन : 88945-21702 |

BEST CABS BEST RECOGNITION PVT LTD | लूण Lunn | DHAKER FOUNDATION | WEMBLEY Wembley Paints & Chemicals Mob. 9805002437 | Royal Shoes Co. Mob. 9816135899, 01893-245702 | ARNI UNIVERSITY Mob. 7876848080,7876859292

Website: www.anantgyaan.in

follow us on

अनंत ज्ञान आपका अखबार... आपके लिए

Head Office: Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.)- 176047, Contact: 01892-299098, 98168-75517, Email: anantgyaanmedia@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### इंटरनल रैंकिंग में सुन्नी कॉलेज 15वें स्थान पर



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग की शिक्षा में गुणवत्ता सुधार लाने के उद्देश्य से पहली बार करवाई गई इंटरनल राज्य स्तरीय सरकारी कॉलेजों की रैंकिंग सूची जारी हुई है। रैंकिंग में अटल बिहारी वाजपेई डिग्री कॉलेज सुन्नी ने 15वें स्थान पर रहा। बता दें कि शिक्षा विभाग की इस ओवरआल रैंकिंग में प्रदेश के 141 सरकारी डिग्री और संस्कृत कॉलेज शामिल किए गए। उपलब्ध सुविधाओं और छात्र-छात्राओं की संख्या व अन्य मापदंडों के आधार पर निरीक्षण करवाने के बाद नेक की तर्ज पर इंटरनल रैंकिंग सूची जारी की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा करवाई गई रैंकिंग में सरकारी कॉलेजों की ओवरऑल इंटरनल रैंकिंग में जिला शिमला के 14 सरकारी कॉलेजों को टॉप 100 में रैंक दिया गया है। इनमें टॉप 10 में शिमला के दस कॉलेज शामिल हैं।

### चिड़गांव-1 के उपभोक्ता 31 तक करवाएं केवाईसी

**दशमी रावत, रोहड़ू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चिड़गांव-1 ई.सत्यपाल भट्टवान ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि विद्युत उपमंडल चिड़गांव-1 की आम जनता को सुचित किया जाता है कि विद्युत विभाग की ओर से उपभोक्ता के विद्युत मीटर को आधार कार्ड से जोड़ने (केवाईसी) की प्रक्रिया फिर से शुरु कर दी गई है, जिसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जब विद्युत विभाग के कर्मचारी बिजली का बिल जारी करने के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड को पहले से ही उपलब्ध रखें, ताकि इस काम को समय पर पूरा किया जा सके। यदि कोई उपभोक्ता इस काम में सहयोग नहीं करता है तो भविष्य में विद्युत बिल में आने वाली सुविधाओं से वंचित रह जाएगा, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

### पैरावेट ने बताई फील्ड में आ रही समस्याएं



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** मशोबरा समिति में आयोजित एक दिवसीय जोनल मीट का आयोजन किया गया जिसमें निदेशक पशु पालन विभाग डा प्रदीप शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व सेमिनार में पैरावेट काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. सुनील चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस सेमिनार में जिला किन्नौर, सिरमौर, सोलन, शिमला के पैरावेट साथियों ने भाग लिया। डॉ. नीरज मोहन उपनिदेशक पशु स्वास्थ्य तथा प्रजनन ने अपने स्वागत वक्तव्य में सभी उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों का स्वागत किया व उपस्थित कर्मचारियों ने पैरावेट काउंसिल द्वारा आयोजित इस सेमिनार में विभिन्न जिलों से आए पैरावेट ने फील्ड में आ रही समस्याओं से अवगत करवाया। इन समस्याओं को सुलझाने के लिए पैरावेट क्या कदम उठाएं इस बारे सेमिनार में उपस्थित विशेषज्ञों ने इस पर अपने विचार रखे। डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि काउंसिल आने वाले वर्ष में समय-समय पर कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाने जा रही है। इसके अलावा, पैरावेट काउंसिल की वेबसाइट बहुत जल्द बनाई जाएगी, जिससे रजिस्ट्रेशन, रिनिवल आदि की सुविधा ऑनलाइन मिल जाएगी। डॉ. हितेंद्र ग्रैक ने केंद्र और राज्य द्वारा पशु पालन विभाग में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। पशु पालन कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष जिला शिमला अध्यक्ष दिग्विजय ऑक्टा ने बताया कि यह सेमिनार सफल रहा, जिसमें चार जिलों के पैरावेट लाभान्वित हुए।

### प्रिंसिपल डॉ. पीएस कटवाल को दी बधाई



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर स्थित स्थानीय इग्नू इकाई ने डॉ. पीएस कटवाल को महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। वहीं, डॉक्टर कटवाल ने समस्त स्थानीय इग्नू इकाई के सदस्यों का धन्यवाद किया और कहा कि पहले भी इग्नू को बेहतर बनाने के लिए बहुत प्रयास किए हैं और लगातार इस दिशा में काम करते रहेंगे। कटवाल ने 14 नवंबर को कार्यकारी प्राचार्य से प्राचार्य के पद का कार्यभार संभाला है। वे मार्च, 2023 से स्थानीय इकाई इग्नू के कोऑर्डिनेटर का कार्यभार संभाल रहे हैं। इस अवसर पर इग्नू के सहायक समन्वयक डॉक्टर बरवाल, प्रोफेसर रितु शर्मा और प्रोफेसर सोनिया, इग्नू के असिस्टेंट सुरजीत, जमुना देवी, अटेंडेंट पवन कुमार, शिव प्रताप, मीना देवी और विद्या देवी मौजूद रहे।

### नैक एक्रेडिटेशन विषय पर कार्यशाला आयोजित



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में आईक्यूएसी द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता तथा नैक एक्रेडिटेशन विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस की अध्यक्षता महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक प्रो.प्रीतम लाल ने की। इस कार्यशाला में नैक के सात मानकों के संयोजकों तथा सदस्यों एवं सभी प्राध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला में सभी प्राध्यापकों ने नैक एक्रेडिटेशन तथा रैंकिंग के लिए सभी मानकों में सुधार के लिए अपने विचार तथा सुझाव प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो.विनोद शर्मा ने कहा कि एक्यूएआर तथा एसएआर के माध्यम से नैक एक्रेडिटेशन का रास्ता तय किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश के महाविद्यालयों में आन्तरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यशाला में महाविद्यालय के उप-प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने कहा कि महाविद्यालय अच्छा ग्रेड पाने के लिए प्रयासरत है तथा विभाग एवं सरकार के सहयोग से परिसर में जो भी कमियां होंगी उसे दूर किया जाएगा। इस कार्यशाला में सभी प्राध्यापकों ने नैक एक्रेडिटेशन में अच्छा ग्रेड पाने के लिए अपने अपने विचार तथा अनुभव साझा किए।

### रिज मैदान में हिम ईरा सरस मेला व फूड कार्निवल हुआ संपन्न

# पहाड़ी सीड्डू के कायल हुए बाहरी राज्य से शिमला घूमने आए पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर लगे हिम ईरा सरस मेले व फूड कार्निवल में बाहरी राज्य से घूमने आए पर्यटक कायल हुए। पर्यटकों ने खासकर कोदा के बने सीड्डू को घी के साथ खाने का आनंद उठाया। यह सीड्डू सिरमौर की रहने वाली महिलाओं द्वारा बनाए गए। इस मेले का मंगलवार को समापन हो गया है। अंतिम दिन मेले में खरीददारी करने के लिए काफी संख्या में लोगों की भीड़ लगी रही।

बता दें कि इस मेले में 14 स्टॉल बाहरी राज्यों के उत्पादों और 21 स्टॉल हिमाचली व्यंजनों के शामिल हैं। दस दिवसीय मेले में हर जिला के स्टॉल पर पारंपरिक व्यंजन व धाम परोसी गई। जिसे सभी लोगों ने पसंद किया। इसमें मुख्य रूप से सबसे ज्यादा लोगों ने कांगड़ी धाम व मंडी की धाम को पसंद किया। इसमें मदरा, माश की दाल, चना दाल, खट्टा, मीठे चावल, राजमाह व कड़ी का स्वाद लिया।

फूड कार्निवल में हिमाचली धाम ने लोगों को सबसे ज्यादा आकर्षित किया। फूड कार्निवल में लोगों की भीड़ सबसे ज्यादा देखने को मिली। वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि स्टॉल पर सबसे ज्यादा पर्यटक धाम का स्वाद चखने के लिए पहुंचे।

### कुशा घास से बने उत्पाद रहे आकर्षण

**कुशा** घास से बने उत्पाद भी पर्यटकों व स्थानीय लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। इन उत्पादों की भी खूब खरीददारी हुई। वहीं मंजू द्वारा हाथों से कुशा घास से उत्पादों को बेचने के लिए, लगाया गया था। वहीं मेले में अन्य सामान की भी खूब खरीददारी हुई।

# बर्फबारी ने बिजली बोर्ड का लिया कड़ा इम्तिहान

**सपना सूद, नेरवा/चौपाल**

सीजन के पहले ही हिमपात ने बिजली बोर्ड का कडा इम्तिहान लिया है। रविवार को बर्फबारी शुरू होने के बाद रात साढ़े दस बजे नेरवा व ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। इसके बाद सुबह सवा पांच बजे बिजली बहाल तो हो गई, परंतु करीब एक घंटे के बाद यह एक बार फिर से गुल हो गई।

इसके दो अढ़ाई घंटे बाद एक बार फिर से बिजली हजाल तो हो गई परंतु इसके बाद पूरा दिन बिजली की आंख मिचौनी ने कड़ाके की ठंड के बीच लोगों को खूब परेशान किया। बिजली की आंख मिचौनी के चलते लोगों के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित रहे।

बिजली के सुचारु न होने से अधिकतर लोगों ने घरों से बाहर निकल कर अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया। लोगों को आशा थी कि रात को लोड घटने पर उन्हें इस आंख मिचौनी से निजात मिल जाएगी, परंतु बिजली एक बार फिर से ऐसी गुल हुई जोकि करीब 24 घंटे बाद मंगलवार को करीब सवा पांच बजे ही बहाल हो पाई। इस बीच बोर्ड कर्मियों को बिजली बहाली के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### 66 केवीए टावर लाइन का हुआ था जंपर स्नैप

**कैड़की** के समीप 66 केवीए टावर लाइन के टावर नंबर 40 का एक जंपर स्नैप हो गया था। टावर के समीप रहने वाले एक स्थानीय व्यक्ति ने अधिशाषी अभियंता विद्युत मंडल को सूचना दी कि उसने टावर में स्पार्किंग होती देखी है। बहरहाल फाल्ट का पता चलने पर अधिशाषी अभियंता विद्युत मंडल चौपाल गोवर्धन दिलटा फील्ड कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और बिजली को बहाल कर दिया। कनिष्ठ अभियंता ने विद्युत इकाई नेरवा भारत भूषण ने बताया कि नेरवा बाजार में लोड अधिक होने से बाजार में एक जम्पर जल गया है, जल्दी ही बिजली बहाल कर दी जाएगी।




**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल से चंबी-देहा मार्ग सभी वाहनों की आवाजाही के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क पर रेत मिट्टी डाल खोल दिया गया है। लोक निर्माण विभाग की मशीनरी और लेबर सड़क से बर्फ हटाने और रेत बिछाने के कार्य में जुटा हुआ है। एसडीएम चौपाल ने कहा कि चौपाल और देहा मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है।

### शिमला ग्रामीण क्रिकेट कप 14 से सुन्नी में



सुन्नी में शिमला ग्रामीण क्रिकेट कप की जानकारी देते सोसायटी के कार्यकारी अध्यक्ष।

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

आगाज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सुन्नी में शिमला ग्रामीण क्रिकेट कप का आयोजन 14 दिसंबर को किया जाएगा। विश्राम गृह सुन्नी में सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष यशपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त करना है तथा क्षेत्र में सामाजिक कार्य करवाना है।

इस दौरान उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में शिमला ग्रामीण की पंचायत स्तर की लगभग 100 टीम हिस्सा लेंगी। प्रथम विजेता टीम को एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार, द्वितीय विजेता टीम को पचास हजार रुपए का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के दौरान अव्वल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सोसाइटी द्वारा टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को ड्रेस भी निशुल्क प्रदान की जाएगी। इस दौरान सोसाइटी के महासचिव हितेश कौंडल, कोषाध्यक्ष बेली राम, रचना, रीता भी मौजूद रही।(अनंत ज्ञान)

### दो महिलाएं चिट्टे सहित गिरफ्तार

**रोहड़ू।** पुलिस थाना जुब्बल के अंतर्गत खड़ापत्थर में गिरी गंगा कैंची के पास पुलिस ने नाके के दौरान एक स्वीफ्ट कार (एचआर59 एफ-0853) से 14.09 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार ओल्ड जुब्बल की नीलम (30) व जगाधरी की पटरी मोहल्ला निवासी मनिंदर कौर (38) को गिरफ्तार किया है। दोनों महिलाएं सफेद रंग की स्वीफ्ट कार में स्वार होकर शिमला से रोहड़ू की तरफ आ रही थी। जुब्बल पुलिस की टीम ने खड़ापत्थर के समीप लगाए गए नाके के दौरान कार की जांच की तो महिलाओं से 14.09 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है।

एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बांग्लादेश में अत्याचारों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**दशमी रावत, रोहड़ू**



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए गणमान्य।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को सनातन धर्म एवं संस्कृति रक्षा मंच द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने एकत्रित होकर रोष जताया। इस दौरान राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को एसडीएम रोहड़ू के माध्यम से ज्ञापन भी भेजा गए।

सनातन धर्म एवं संस्कृति रक्षा मंच के बैनर तले हिंदू समाज के लोग मंगलवार सुबह 11 बजे ओल्ड बस स्टेंड में एकत्र हुए। सैकड़ों की संख्या में एकत्र लोगों को विभिन्न वक्ताओं ने अपना संबोधन भी दिया। उसके बाद रोहड़ू बाजार होते हुए एसडीएम कार्यालय तक रोष रैली भी निकाली गई। लोगों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मंच द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग उठाई गई कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सख्त कार्रवाही अमल में लाई जाए।

मुहम्मद युनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के गठन के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा बढ़ गई है। इसलिए, भारत सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करें। जिन हिंदू संतों को गलत ढंग से गिरफ्तार किया गया है उन्हें रिहा किया जाए। साथ ही संयुक्त राष्ट्र संघ भी बांग्लादेश में शांति सैना भेजे।

इस अवसर पर ब्राह्मण कल्याण सभा के अध्यक्ष डीडी शर्मा, इस्कान की रोहड़ू इकाई अध्यक्ष विरेंद्र सिंग रांगटा, व्यापार मंडल अध्यक्ष जगमोहन भावटा, पैंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष विद्या नंद शर्मा, सुंदर चौहान, सुरेश ठाकुर, सैन राम चौहान, सिकंदर औक्टा भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर में सुक्खू सरकार आज मनाएगी जश्न

## कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजीव शुक्ला होंगे मुख्यातिथि, पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के जश्न को लेकर बिलासपुर पूरी तरह से तैयार है। 11 दिसंबर यानी आज मनाए जाने वाले समारोह में कई तरह की घोषणाएं मुख्यमंत्री द्वारा की जाएंगी। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजीव शुक्ला इस समारोह में मुख्यातिथि होंगे। यह समारोह 'व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल' थीम पर आधारित होगा। इस अवसर पर राज्य सरकार 6 नई योजनाओं का शुभारंभ करेगी। इसके अतिरिक्त, पांच आयुष मोबाइल वैन को भी हरी झंडी दिखाई जाएगी। बिलासपुर के लुहणू स्थित हॉकी मैदान में होने वाले जश्न के लिए पुलिस प्रशासन ने यातायात प्लान तैयार कर लिया है। इस प्लान को तैयार करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा बिलासपुर में पूर्व में हुई बड़ी रैलियों के दौरान किए गए प्रबंधों का अध्ययन भी किया है। जानकारी के अनुसार इस जश्न के लिए पुलिस द्वारा यातायात व सुरक्षा के लिए करीब 925 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी तैनात किए जाएंगे। इसके तहत 15 पुलिस अधिकारी, 98 एनजीओ, 180 मुख्य आरक्षी व 632 पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने बिलासपुर को 5 सेक्टरों में विभाजित किया है। इसमें लुहणू हैलीपैड को सेक्टर नंबर-1, सभा स्थल को सेक्टर-2, सभा स्थल के आसपास के क्षेत्र को सेक्टर-3 और पार्किंग को सेक्टर-4 बनाया गया है। इसके अतिरिक्त 4 सब सेक्टर भी बनाए गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस प्रशासन ने सभा स्थल के नजदीक लुहणू मैदान में बसों की पार्किंग बनाई है। यहां पर 300 के करीब बसें खड़ी करने की क्षमता है। सभी बसों को बध्यात स्थित रेल विकास निगम के पास से रेल द्वारा बनाई गई सड़क से बसें सीधी सभा स्थल तक पहुंचेगी।

इसके अतिरिक्त छोटे वाहनों के लिए जगह-जगह पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। इसके तहत वीआईपी पार्किंग इंडोर स्टेडियम के पास बनाई गई है। वीआईपी यहीं से मंच पर पहुंचेंगे। वीआईपी में पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, प्रदेश अध्यक्ष सहित बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों व केंद्र से आने वाले नेताओं को रखा है। इसके अतिरिक्त डियारा स्कूल, नगर परिषद मैदान, पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, ब्वायज स्कूल, गर्ल्स स्कूल, बहुउद्देशीय कांपलेक्स, चिलिंग प्लांट, आईटीआई बिलासपुर, वाटर स्पोर्ट्स कांपलेक्स, मुक्तिधाम में पार्किंग बनाई गई है। इसके अतिरिक्त एचआरटीसी वर्कशॉप में भी 50 बसों के लिए पार्किंग निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त पुलिस प्रशासन ने बारिश होने पर एक आपातकाल प्लान भी तैयार किया है।

इसके तहत मंडी, हमीरपुर की ओर से आने वाले बसों को मंडी-भराड़ी सड़क पर पार्क किया जाएगा। जबकि शिमला व नयनादेवी की तरफ से आने वाली बसों को घागस सड़क पर पार्क किया जाएगा। एम्स, लुहणू हैलीपैड, घुमारवीं व स्वारघाट हैलीपैड को प्रशासन ने रिजर्व रखा है। इनमें से किसी भी हैलीपैड पर मुख्यमंत्री सहित अन्य वीआईपी की लैंडिंग करवाई जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### बम निरोधी दस्ता किया जाएगा तैनात

**सुरक्षा** की दृष्टि से पुलिस प्रशासन द्वारा सभा स्थल पर बम निरोधी दस्ता व डाग स्कवायड भी तैनात किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभा स्थल के पास स्टेट डिजास्टर रिस्पांस टीम भी तैनात की जा रही है। जबकि सभा स्थल के पास गोबिंदसागर में बोटों में भी पुलिस तैनात रहेगी। जबकि सुरक्षा की दृष्टि से रैली से दो दिन पहले पैराग्लाइडिंग प्रतिबंधित रहेगी तथा सभी स्थल सहित आस-पास के क्षेत्र में 10 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त बिलासपुर से लुहणू स्थित सभा स्थल के लिए वाया पालिका क्लब होते हुए छोटे वाहन जाएंगे तथा वापसी पर गर्ल्स स्कूल होते हुए आएंगे। यहां पर वन-वे ट्रैफिक रहेगा।

> समारोह के लिए यातायात प्लान तैयार कर लिया गया है। पुलिस प्रशासन का प्रयास रहेगा कि समारोह में आने-वाले लोगों सहित स्थानीय जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सुरक्षा की दृष्टि से भी कई कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने रैली के लिए पूरी तैयारी कर ली है।
> -संदीप धवल, एसपी, बिलासपुर

### सुक्खू सरकार के खिलाफ लोगों की नाराजगी की कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को भी है खबर : जम्वाल



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बिलासपुर में 11 दिसंबर को होने जा रहे प्रदेश सरकार के 2 साल के समारोह को लेकर कांग्रेस पर तंज कसा है। मंगलवार को बिलासपुर में पत्रकारों से बातचीत में त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि सुक्खू सरकार 2 साल के जश्न समारोह में एक-डेढ़ लाख भीड़ जुटने की सोच रही थी। इसी के चलते समारोह के लिए पहले लुहणू मैदान का चयन किया गया था। जब सरकार को अहसास हुआ कि इतनी भीड़ नहीं जुट पाएगी तो सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड निर्धारित किया गया। कम से कम 50 हजार लोगों की रैली का प्रचार करके इसके लिए बाकायदा टेंडर भी जारी किए गए। उसके बाद जब सरकार ने प्रदेश की जनता की नाराजगी देखी तो समारोह स्थल फिर से बदलकर हॉकी मैदान कर दिया गया, जिसकी क्षमता 4-5 हजार कुर्सियों की है।

सदर विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियों व जनविरोधी फैसलों की वजह से लोगों की नाराजगी को पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व भी भांप चुका है। इसीलिए बड़े नेताओं ने इस समारोह से दूरी बनाना ही उचित समझा है। सरकार के इस जश्न समारोह से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ ही सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने भी किनारा कर लिया है। समारोह में लाखों लोगों की भीड़ जुटने के दावों के बाद बात 4-5 हजार कुर्सियों की क्षमता वाले हॉकी मैदान तक सीमित रह गई है। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर इतने से लोगों के लिए 30-35 करोड़ खर्च करना भद्दा मजाक है। समोसा प्रकरण और टॉयलेट टैक्स की तरह सरकार का यह समारोह भी नेशनल मीडिया की सुर्खियां बनेगा। बेहतर होता कि यह पैसा पानी, बिजली व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुधार पर खर्च किया जाता।

### झंडूता अस्पताल में एक्स-रे नहीं होने से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के सामुदायिक अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा होने के बाद भी लोगों को पैसे खर्च करके बाहर से एक्स-रे कराने पड़ रहे हैं। इसके लिए उन्हें दोगुनी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आने वाले लोगों का कहना है कि लगभग एक सप्ताह से इस मशीन का यही हाल है यह काम नहीं कर रही है। इस अस्पताल में एक्स-रे करवाने आने वाले लोगों का कहना है कि एक्स-रे करवाने के लिए जब वह अस्पताल जाते है तो वहां पर एक्स-रे करने वाले कहते हैं कि मशीन खराब है। इस कारण लोगों को भारी खर्च करके बिलासपुर जाना पड़ता है। इस अस्पताल 30 पंचायतों के लोग इलाज करवाने के लिए आते है। लेकिन सुविधाएं बहुत ही कम है, जिससे लोगों में रोष है। वहीं खंड चिकित्सा अधिकारी परमिंदर सिंह ने बताया कि इसके लिए हमने रिक्वायरमेंट दी है कि हमें एक्स-रे टैक्निशियन दिया जाए। इसके बारे में हम दो बार पहले कंपनी को बता चुके हैं।

### लाखों खर्च, लैंटाना समस्या जस की तस

**जयसिंहपुर।** एसडीएम संजीव ठाकुर के दिशा-निर्देश पर खतरनाक वीड लैंटाना कैमरा को वैज्ञानिक तरीके से उपयोग में लाने को लेकर विकास खंड कार्यालय लंबागांव में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन चंडीगढ़ स्थित एनजीओ और शिक्षाविद डॉ. ओपी सिंह द्वारा किया गया। इस बैठक में विकास खंड लंबागांव के एसईबीपीओ खुशी राम सूद भी व उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि लैंटाना कैमरा जैसी आक्रामक वीड को खत्म करने के लिए अब तक लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### देसी शराब पकड़ी, मामला दर्ज

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत शराब बरामद करने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब नियमित गश्त पर थी तो बैजनाथ बाजार में अशोक कुमार निवासी धिरथौली तहसील बैजनाथ से 18,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संबंध में पुलिस थाना बैजनाथ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1) ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### क्यारवां पुल के पास पकड़ी शराब

**बैजनाथ।** पुलिस थाना भवारना के तहत शराब बरामद करनेबका मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भवारना की टीम जब पेट्रोलिंग के रही थी तो क्यारवां पुल के पास भगवान दास निवासी क्यारवां तहसील धीरा से 5250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संबंध में पुलिस थाना भवारना में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)ए में मामला दर्ज किया गया है।

# झंडूता में न पार्किंग, न ही बस स्टैंड

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



झंडूता उपमंडल के झंडूता बाजार में अवैध पार्किंग व टैक्सी गाड़ियों की समस्या सबसे ज्यादा है। झंडूता बाजार में आज तक बस अड्डा नहीं बन पाया। इससे बस चालकों को मजबूरन झंडूता बाजार में ही बसों को खड़ा करना पड़ता है। व्यापारियों का कहना है कि पूरा दिन दुकानों के आगे बसें खड़ी रहती हैं। इस कारण उनका सामान नहीं बिक पाता है। बाजार में पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है।

ग्राहक हों या दुकानदार सभी को अपने वाहन सड़क पर ही खड़े करने पड़ते हैं। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में लाइनिंग भी ठीक ढंग से नहीं की गई है विभाग दोनों तरफ बराबर जगह छोड़े, ताकि चलने के लिए दोनों ओर जगह रहे। बाजार में स्पीड लिमिट के कहीं भी कोई साइन बोर्ड नहीं लगे हैं। इस कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। झंडूता व्यापार मंडल के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि बाजार की समस्याओं को लेकर दिवाली से पहले संबंधित विभागों से एक बैठक हुई थी। इसमें जो स्थान चिन्हित हुए थे, वहां पर टैक्सियां और बसें नहीं लग रही हैं। जो लोक निर्माण विभाग ने लाइनिंग लगाई थी, उसमें सड़क के एक तरफ लगभग एक फुट जगह छोड़ी थी और दूसरी तरफ 10 से 12 फुट जगह विभाग ने छोड़ी है। जब व्यापार मंडल ने विभाग से बात की तो उन्होंने बोला कि हम काम को रोक देते हैं, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं मानी। इस कारण व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित होता है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द लाइनिंग लगाई जाए।


# महेंद्र धर्माणी ने बस में प्रेशर कुकर का किराया वसूलने पर सरकार को कोसा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने सोमवार को परिवहन निगम की बस में यात्रा कर रहे एक यात्री से प्रेशर कुकर का किराया वसूल किए जाने पर सरकार को जमकर कोसते हुए कहा कि सरकार की नजर अब गरीब की रसोई को भी लग गई है। प्रदेश में इससे शर्मनाक का कृत्य और क्या हो सकता है कि मंडी से ओट तक के लिए एक यात्री से 3 लीटर के प्रेशर कुकर का 23 रुपए किराया वसूला गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने ही फैसला को तीसरी बार पलटते हुए लोगों से घरेलू सामान पर भी किराया वसूलना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार रोज मीडिया के सामने विपक्ष को कोसती है, लेकिन दूसरी तरफ घर के रसोई घर में प्रयोग में लाने वाली चीजों पर भी किराया वसूल किया जा रहा है, ताकि जनता से उगाहे गए पैसों से जश्न मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार थी जिसने महिलाओं को बसों में 50 फीसदी किराए में छूट दी थी और एक व्यवस्था परिवर्तन की सुक्खू सरकार है जो प्रेशर कुकर का भी किराया वसूल कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी फिजूल खर्ची काम करने की वजह जनता पर हर रोज नया टैक्स थोप रही है। बिना सोचे समझे ऐसे मनमाने फैसले लिए जा रहे हैं। आज प्रदेश सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन का खामियाजा हर उस वर्ग को झेलना पड़ रहा है जो सरकार को टैक्स देता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि अगर जश्न मनाने से फुर्सत मिल जाए तो प्रदेश की जनता के दुख-दर्द सुनने की जहमत भी उठाएं।




# गूगल इंडिया के प्रमुख ने सीएम से की भेंट

### जन सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए गूगल प्रदेश सरकार के सहयोग से एम्पावरमेंट प्लेटफॉर्म विकसित करेगाः मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

गूगल इंडिया के प्रमुख आशीष वट्टल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से ओक ओवर में भेंट की और हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक सेवाओं में सकारात्मक बदलाव के दृष्टिगत एआई-संचालित पहलों पर सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया।

बैठक में त्वरित जन सेवाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में सुधार करने तथा डिजिटल कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और जन शिकायत निवारण में उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक



उपयोग सुनिश्चित कर रही है। राज्य में निवेश अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में गूगल को विशेषज्ञता हासिल है।

उन्होंने कंपनी से राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में निवेश करने पर विचार करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने श्रम और रोजगार विभाग के माध्यम से गूगल के साथ मिलकर 'पीपल्स एम्पावरमेंट प्लेटफार्म' विकसित करने की योजना तैयार की है। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म से लोगों को प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन और कारपेंटर जैसे कुशल सेवा प्रदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी और असंगठित क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। सुक्खू ने कहा कि जन शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के लिए सरकार मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन-1100 को जनरेटिव एआई के साथ अपग्रेड करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने और शिक्षण विधियों को आधुनिक बनाने के लिए राज्य में दो सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में एआई-आधारित शिक्षण मॉड्यूल का संचालन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकी में कृषि और आपदा तैयारियों में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता है। सटीक मौसम पूर्वानुमान से स्थानीय प्रशासन द्वारा समय पर बेहतर कार्य योजना और प्रति, या सुनिश्चित कर जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है।

# 8वीं कक्षा के हिंदी विषय से हटाए गए पांच अध्याय में से डाले गए 14 अंकों के प्रश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषायी अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर ने शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित 8वीं कक्षा की परीक्षा में हिन्दी विषय से हटाए गए अध्याय में से प्रश्न पत्र में डाले गए 14 अंकों के प्रश्न पूछे जाने का मामला स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव से उठाया।

शीतकालीन विद्यालय में स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 8वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। इस संदर्भ में हिंदी विषय की परीक्षा थी, लेकिन परीक्षा के दौरान विद्यार्थी प्रश्न पत्र को देखकर हैरान हो गए कि जो प्रश्न परीक्षा प्रश्न पत्र में पूछे गए उनमें से कुल 14 अंकों के प्रश्न पाठ्यक्रम से बाहर थे। जिन अध्याय को पाठ्यक्रम से हटाया गया वे प्रश्न उन अध्याय से थे। इस संदर्भ में जैसे की अध्यापकों द्वारा मामला राजकीय भाषायी अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर, महासचिव अर्जुन सिंह, राज्य महिला मोर्चा अध्यक्ष मीरा शर्मा और संघ के संस्थापक नरेंद्र कुमार शर्मा के ध्यान में आया वैसे ही राजकीय भाषायी अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर ने सचिव शिक्षा बोर्ड से दूरभाष के माध्यम से संपर्क स्थापित किया, जिस पर सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड ने संघ के राज्य अध्यक्ष से लिखित रूप में इस मामले को भेजने की बात कही।

स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव ने स्वीकार करते हुए कहा कि अगर ऐसी कोई बात है तो छात्रों की बेहतरी के लिए अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे। संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर ने सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड से मांग की है कि इस बाबत यथाशीघ्र अपना शुद्धिकरण प्रदान करें। चूंकि 31 दिसंबर से पूर्व अंतिम परीक्षा परिणाम भी तैयार किया जाना है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिंडला के पास पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत बिंडला के पास ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शशि कुमार पुत्र हेमराज (45), गांव धिरड़ डाकघर नगरोटा गजियां, जो सोमवार को देर शाम को भरेड़ी क्षेत्र में खेत जोतने के बाद ट्रैक्टर को चलाकर घर जा रहा था तो बिंडला गांव के पास अचानक हृदय गति रुकने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक ट्रैक्टर के नीचे आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। जब क्षेत्र के लोगों को घटना का पता चला तो उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। ग्रामीणों व पुलिस ने चालक को बाहर निकाला और उसे भोरंज अस्पताल ले आये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हमीरपुर भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल पाएगा।

### खेड़ा में बिलासपुर के स्कूटी सवार की मौत

**बीबीएन।** मानपुरा थाना के तहत खेड़ा सरकारी स्कूल के पास सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी कोट टांडा तहसील घुमारवीं से हुई। मंगलवार करीब एक बजे सुनील स्कूटी पर सवार होकर नालागढ़ से बद्दी की ओर जा रहा था तो अचानक स्कूटी के अगले टायर की हवा निकलने से स्कूटी अनियंत्रित हो गई और स्कूटी सवार सड़क पर जा गिरा जिसके सिर पर गहरी चोट पहुंची। घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना मानपुरा के तहत मामले की आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत हुई है और पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### दो युवक 818 ग्राम चरस सहित धरे

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना पुलिस ने पुंघ में सोमवार शाम को नाके के दौरान कार में सवार दो युवकों को 818 ग्राम चरस सहित हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना पुलिस के दल ने सोमवार शाम करीब 7 बजे पुंघ में हाईवे पर नाका लगाया हुआ था। इस दौरान पुलिस ने एक कार



(एचपी18बी/1661) को जांच के लिए रोका। कार की तलाशी के दौरान उसमें बैठे दो युवकों के स्वामित्व में 818 ग्राम चरस बरामद हुई। डीएसपी भारत भूषण ने बताया चरस के साथ धरे गए आरोपियों की पहचान परमजीत पुत्र अनंत राम निवासी गांव ज्वाला मनेशी तहसील अर्की जिला सोलन तथा अजय चौहान पुत्र भगवान चौहान निवासी गांव कोठी जागर जिला सोलन के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना सुंदरनगर में प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### स्टेनो टाइपिस्ट के स्किल टेस्ट का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक में स्टेनो टाइपिस्ट पोस्ट कोड-995 के एक पद हेतु लिए गए स्किल टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस पद के लिए 4 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनकी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 20 दिसंबर को होगी। उम्मीदवारों की सूची आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दी गई है।

### सरकाघाटः 2.17 ग्राम हेरोइन सहित दो काबू

**सरकाघाट।** थाना सरकाघाट पुलिस ने बर बरच्छवाड़ स्थित राजकीय महाविद्यालय के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप से 2.17 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की। यह गाड़ी तलाहर से सरकाघाट की ओर जा रही थी। गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम विनोद कुमार (31) पुत्र रमेश कुमार जिला हमीरपुर बताया। साथ वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रोमिल कुमार (39) पुत्र भाग सिंह हमीरपुर बताया। गाड़ी की तलाशी के दौरान डैशबोर्ड से 2.17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और नशे के नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। डीएसपी संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि की है।

### बीजेपी बोलती है झूठ : अनिरुद्ध सिंह

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बीजेपी पर निशाना साधा है। प्रदेश सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि अगले चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी एक बार फिर जीत हासिल करेगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को बहुत झूठ बोलने वाली पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेताओं का काम सिर्फ और सिर्फ झूठ फैलाना है। बीते दो साल में हर क्षेत्र में विकास हुआ है और बीजेपी जनता के बीच झूठ फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले 10 गारंटियां दी थी, उनमें से कई गारंटियों को पूरा की जा चुकी है। अन्य गारंटियों पर काम चल रहा है।

# कांग्रेस ने दो साल में खोया ही खोया : जयराम

### कहा-पेंशनर्स को नहीं मिल रही पेंशन, आउटसोर्स कर्मचारी चार महीने से सैलरी के इंतजार में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा जिला शिमला के आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन सीटीओ पर किया गया, जिसमें भाजपा के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, सांसद सुरेश कश्यप, प्रदेश महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष तिलक राज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार ने अपने 2 साल के कार्यकाल में कोई अच्छा काम किया होता तो जश्न मनाना चाहिए, उसमें सबको समझ में आता, लेकिन कांग्रेस के दो वर्ष के शासन में प्रदेश में बड़ी तबाही एवं बर्बादी हुई, हिमाचल प्रदेश नीलामी पर आ कर कड़ा हो गया।

ऐसे हालात में हिमाचल प्रदेश में बड़ी सीधी सी बात कह रहा हूं यह जश्न जो है बेवजह का जश्न है, बर्बादी का जश्न है, इसलिए हम इस बात का विरोध कर रहे हैं कि जश्न किस बात का। प्रदेश में आर्थिक संसाधन सरकार के पास नहीं है, कर्मचारी को सैलरी नहीं मिल रही है, पेंशनर को पेंशन नहीं मिल रही है, आउटसोर्स कर्मचारी 4-4 महीने से सैलरी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन करोड़ों रुपए जश्न पर खर्च कर रहे है यह किसी की समझ में नहीं आ रहा है। पूरे प्रदेश पर बोझ ही बोझ डाल दिया गया है और ऐसी सूरत में भाजपा ने तय किया कि हम इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी पूरी बात लोग के सामने रखेंगे, प्रदेश में दो वर्ष में कांग्रेस ने खोया ही खोया है। भरोसा खोया, विश्वास खोया, साथ खोए, और उसके साथ-साथ हिमाचल की फजीहत पूरे देश भर में जिस प्रकार से हुई उन सारी चीजों के कारण जो है आज भाजपा ने आक्रोश प्रदर्शन किया।



**भाजपा ने कांग्रेस को एक्सपोज करने का काम किया : श्रीकांत**

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनी तो राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका वाड्रा उन्होंने पूरे देश भर में शोर मचाने का काम किया और झूठी गारंटीयो को लेकर उन्होंने सभी प्रदेशों में बड़ा प्रचार प्रसार किया, लेकिन आज के इस अवसर पर मैं हिमाचल की जनता के चरणों में वंदन करता हूं की जनता ने जिस तरह से पूरे देश भर में जो हिमाचल के लोग हैं, भाजपा के लोगों ने उनके माध्यम से इस बेईमान और भ्रष्ट कांग्रेस के जो झूठे वादे हैं, झूठी गारंटी है उनको एक्सपोज करने का काम किया।

### कौन सी उपलब्धि, जो कांग्रेस सरकार जश्न मना रही : बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा केंद्र पैसा भेज रही है और सरकार उसको खर्च रही है, माल मालिकों का मशहूरी कंपनी की। सरकार का खर्चा सीएम सुखविंदर की मशहूरी पर हो रहा है। उन्होंने गोली कांड की याद दिलाते हुए कहा कि बिलासपुर जहां पर माफिया का आमने-सामने मुकाबला होता है, डीसी ऑफिस के बाहर और जिलाधीश के दफ्तर के बाहर गोलियां चलती है वहां कांग्रेस ने कौन सी उपलब्धि कर दी है जो आप जाकर के वहां पर दो साल का जश्न बर्बादी मनाने जा रहे हैं। वह बेरोजगार युवा जो दो साल से संघर्षरत है, जिनको सीएम ने कहा था पहली कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरियां मिलेंगी, प्रियंका गांधी ने चिल्ला-चिल्लाकरके कहा था पहली कैबिनेट आएगी एक लाख सरकारी नौकरियां 5 लाख रोजगार मिलेंगे व दो साल से सड़कों के ऊपर आंदोलन कर रहे हैं। शिमला की ठंड में बर्फ में बरसात में गर्मी में उनकी सुनने वाला कोई नहीं है।

### आदि हिमानी चामुंडा मंदिर के कपाट बंद

**धर्मशाला।** धर्मशाला समेत प्रदेश भर की आस्था के प्रतीक हिमानी चामुंडा माता के मंदिर के कपाट मंगलवार को बंद हो गए।

प्राचीन परंपरा के अनुसार मंदिर के कपाट 15 मार्च को पूजा अर्चना के खुलेंगे। इस मंदिर का इतिहास भी काफी रोचक है।

धार्मिक स्थल होने के साथ ये रूट पर्वतारोहियों को भी काफी पसंद है। हालांकि इस दौरान कई हादसे भी हुए लेकिन पर्वतारोहण के रोमांच तथा आस्था के संगम के चलते यहां हर साल कई पर्वतारोही ट्रैकिंग के साथ मंदिर के दर्शनों को पहुंचते हैं।

### कबीरपंथी समाज सुधार सभा की बैठक 14 को

**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश कबीरपंथी समाज सुधार सभा की राज्य स्तरीय बैठक 14 दिसंबर को जिला मंडी में हिमगिरि रिजॉर्ट नेरचौक (नजदीक पतंजलि स्टोर) में सभा के प्रदेशाध्यक्ष मस्त राम की अध्यक्षता में होगी।

इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों के अतिरिक्त सभी जिलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष व अन्य गण्यमान्य सदस्य शामिल होंगे। बैठक में समाज के हित में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। (अनंत ज्ञान)

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया कार्यालय का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने आज यहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निगम, एकीकृत बाल विकास सेवाएं (आई.सी.डी.एस.) विभाग तथा जिला कल्याण विभाग के अधिकारियों से विभिन्न समस्याओं और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और उचित दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के ऊर्जावान नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों का एक समान कल्याण सुनिश्चित बना रही है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित



जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और गरीब परिवारों की समय पर सहायता करने के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी तथा कर्मचारी प्रदेश सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने आश्वस्त किया कि अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग की जायज मांगों का समयबद्ध निराकरण किया जाएगा।

जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निगम के महाप्रबंधक अजय राघव, जिला कार्य, म अधिकारी कविता गौतम, जिला कल्याण अधिकारी गावा सिंह नेगी, तहसील कल्याण अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### यूपी में टकराई हिमाचल के राज्यपाल की फ्लीट में शामिल गाड़ियां

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल की यूपी के लखनऊ में फ्लीट में शामिल गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसा शहीद पथ स्थित लुलु मॉल के पास हुआ। हादसे में उनके स्टाफ के सदस्य घायल हो गए। बताया जा रहा है राज्यपाल लखनऊ एयरपोर्ट से शहीद पथ की ओर रवाना हुए। रास्ते में अचानक उनकी फ्लीट में शामिल कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं।

राज्यपाल एक कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। एयरपोर्ट से वह सड़क मार्ग से शहीद पथ से रास्ते जा रहे थे। इसी दौरान लुलु मॉल के पास अचानक फ्लीट की कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में पुलिसकर्मियों समेत कुछ स्टाफ के सदस्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि फ्लीट के सामने अचानक एक वाहन ने ब्रेक लगा दिया था, जिसकी वजह से हादसा हुआ। हादसे में राज्यपाल सुरक्षित हैं।

# शिक्षा मंत्री ने पाइन ग्रोव स्कूल को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइन ग्रोव स्कूल, सुबाथू की बॉयज ब्रास बैंड टीम ने हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आज शिमला में जाकर मुलाकात की। बता दें कि समग्र शिक्षा द्वारा हाल ही में सेंट स्टीफन इंटर कॉलेज, लखनऊ में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर-स्कूल ब्रास बैंड प्रतियोगिता में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जाकर शानदार प्रदर्शन किया जिसके कारण पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू की ब्रास बैंड टीम को शिक्षा मंत्री ने योग्यता प्रमाण पत्र, मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

इस असाधारण उपलब्धि के लिए स्कूल प्रबंधन और छात्रों की भरपूर सराहना की गई। पाइन ग्रोव स्कूल के अथक, जबरदस्त परिश्रम और निरंतर प्रयासों के माध्यम से हिमाचल प्रदेश राज्य के लिए सम्मान अर्जित किया जिससे पाइनग्रोव की उत्कृष्टता, उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है। बैंड मास्टर परमिंद्र सिंह की अगुवाई में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करके पाइन ग्रोव स्कूल और राज्य का नाम रोशन किया।

इस उत्कृष्ट उपलब्धि ने पाइनग्रोव स्कूल के ब्रास बैंड को जनवरी 2025 में नई दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की इंटर-स्कूल बैंड प्रतियोगिता में उत्तरी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान दिलाया है।

# विधानसभा अध्यक्ष से हिमाचल के परिवीक्षाधीन एचएएस अधिकारियों ने की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के परिवीक्षाधीन एचएएस अधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिवालय में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इन अधिकारियों में शाहपुर जिला कांगड़ा के कार्तिकेय डोगरा, सराहन बुशहर जिला शिमला से नेहा नेगी, नैना देवी जिला बिलासपुर से हिमानी, अर्की बड़ीधार जिला सोलन से अनुभव तनवर तथा बल्ह जिला मंडी से कर्मवीर शामिल थे।

गौरतलब है कि ये परिवीक्षाधीन अधिकारी विधानसभा के एक्सपोजर टूर पर रहे। मुलाकात के दौरान इन अधिकारियों ने विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से विधानसभा की कार्यप्रणाली तथा क्रिया-कलापों की जानकारी हासिल की तथा शीतकालीन सत्र के बारे में भी जाना। पठानिया ने उन्हें विस्तार से



हिमाचल प्रदेश विधान सभा में स्थापित देश की सर्वप्रथम ई-विधान प्रणाली की जानकारी देने के साथ यह भी बताया कि अब विधान सभा में ई-विधान प्रणाली के स्थान पर नेशनल ई विधान एप्लीकेशन को आने वाले शीतकालीन सत्र में अपनाया जा रहा है।

पठानिया ने कहा कि युवा ही आज देश का भविष्य है तथा उन्हीं के कंधों पर देश के विकास तथा इसकी अखंडता बनाए रखने का दायित्व है। पठानियां ने कहा कि आज के माहौल में एचएएस अधिकारियों की जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं जहां कानून व्यवस्था को बनाए रखना होता है। वहीं प्रदेश तथा देश की भीतर शान्ति एवं सदभाव बनाए रखने में प्रशासन की भूमिका अहम हो जाती है।

**सुरक्षा में चूक** | डाउन प्रेशर मिले विधानसभा भवन की आग से सुरक्षा को लगे 50 एक्सटिंग्विशर

# चार दिन गुलजार, उसके बाद सुरक्षा तक दरकिनार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हर पांच साल बाद बदल जाने वाले चेहरों की रौनक से साल के 4 से 5 दिन गुलजार होने वाला तपोवन स्थित विधानसभा भवन सत्र के बाद सुरक्षात्मक रूप से भी हाशिए पर आ जाता है। शीतकालीन विधानसभा सत्र के दौरान वीआईपी मूवमेंट से चहल-पहल से भरे विधानसभा भवन परिसर में इसके बाद साल भर सन्नाटा सा रहता है।

कुछ इस तरह का हाल भवन के सुरक्षा प्रबंधों का भी रहता है। इसी का प्रमाण है कि सुरक्षा प्रबंधों को लेकर किए जा रहे दौरों के दौरान यहां लगे करीब 50 फायर एक्सटिंग्विशर डाउन प्रेशर पाए गए।

बताते चलें कि आग जैसी आपदा से निपटने के लिए ये फायर एक्सटिंग्विशर लगाए जाते हैं तथा इनको एक साल बाद रिफिल करवाना होता है। वहीं आलम ये कि शीतकालीन सत्र पर ही इसकी टोह ली जाती है। 18 दिसंबर से शुरू हुई विधानसभा इस बार 18 से शुरू हो रहा है। यानी एक साल पूरा होने में लगभग एक सप्ताह पूरा होने से पहले ही ये फायर एक्सटिंग्विशर आग जैसी स्थिति से निपटने में सक्षम नहीं पाए गए हैं।



सांकेतिक फोटो

कुल मिलाकर करोड़ों रुपए की लागत से बने इस भवन को लेकर सुरक्षात्मक इंतजाम भी शीतकालीन सत्र के बाद ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। सत्र के बाद हिमाचल प्रदेश विधानसभा का धर्मशाला में करोड़ों से बना भवन सुरक्षित है या असुरक्षित, आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

शीतकालीन सत्र के लिए चाकचौबंद की जा रही सुरक्षा को लेकर किए गए दौरे में ये बात सामने आई है। फायर ब्रिगेड धर्मशाला ने जब आग से सुरक्षा के प्रबंधों के लिए विधानसभा भवन का दौरा किया तो यहां लगे सभी 50 के करीब डाउन मिला। बताते चलें कि एक साल की अवधि के लिए इन यंत्रों को रिफिल करना अनिवार्य है तो ऐसे में पिछली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के ठीक एक साल बाद इनका खाली पाया जाना सवाल खड़े करता है।

उधर निरीक्षण के बाद फायर विभाग ने विधानसभा भवन के फायर एक्सटिंग्विशर रिफिल करवाने की बाबत संबंधित विभागों तथा प्रशासन को बताया गया है।

बताते चलें कि आग लगने जैसी स्थिति से निपटने में जेनरेटर रूम तथा पंप हाउस का एक साथ होना भी काफी जोखिम भरा साबित हो सकता है। इससे पानी और बिजली का यह साथ कभी भी हादसे का कारण बन सकता है।

शीतकालीन सत्र को लेकर फायर ब्रिगेड की तरफ से शाहपुर से भी अतिरिक्त फायरमैन बुलाए गए हैं। बताते चलें कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अग्निशमन विभाग के करीब 10 कर्मचारी तैनात रहेंगे।

### शाहपुर से भी आएंगे फायरमैन

उधर, इस बारे में जब स्टेशन फायर ऑफिसर कर्म चंद कश्यप से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हाल ही में किए निरीक्षण में सभी फायर एक्सटिंग्विशर खाली पाए जाने के बाद इन्हें रिफिल करने की बाबत संबंधित विभागों को कहा गया है। फायर ब्रिगेड शीतकालीन सत्र के दौरान 24 घंटे मुस्तैद रहेगी तथा शाहपुर से अतिरिक्त फायर कर्मी बुलाए गए हैं।

### क्या कहते हैं विधानसभा सचिव

उधर इस संदर्भ में जब हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सचिव यशपाल से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि आग जैसे हालातों से निपटने के लिए हाइडेंट है तथा फायर एक्सटिंग्विशर भी रिफिल करवाए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### उपमंडल रैहन में कल और 13 को पावर कट

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विद्युत मंडल फतेहपुर के तहत पड़ते उपमंडल रैहन के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में 12 व 13 दिसंबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभिंयता अभिजीत सिंह ने बताया उपमंडल रैहन के तहत पड़ते दीनी व छत्र फीडर की विद्युत आपूर्ति 12 दिसंबर को बाधित रहेगी, जबकि फीडर रैहन, राजा का तालाब व खेहर में 13 दिसंबर को सुबह 9 बजे से लेकर 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### पारस स्कूल के वार्षिक समारोह में नवाजे होनहार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना में मंगलवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसी थलवाल, निदेशक महेश चंद कटोच और प्रधानाचार्या नीलम राणा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके की। कार्यक्रम में पंजाब की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए छात्राओं ने गिद्दा नृत्य पेश किया और खूब वाहवाही लूटी। नवमी कक्षा की सानिया ठाकुर ने एकल नृत्य पेश किया। कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को पूरा वर्ष शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हासिल करने के लिए और ए 1 ग्रेड हासिल करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह और पदक देकर सम्मानित किया गया। एमबीबीएस में जगह बनाने वाली विद्यालय की पूर्व छात्राएं श्रुति मिश्रा और सानिया के अभिभावकों को भी स्मृति चिन्ह और पदक देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि, अभिभावकों और गण्यमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया और बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।




### थुरल कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**राकेश डोगरा, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. राका शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया की एक-दूसरे के प्रति मानव अधिकारों का सम्मान करें तथा परिवार और समाज में भी मानव अधिकार के मूल्यों को बढ़ावा दें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इतिहास के प्रो. लेख राम नेगी ने मानव अधिकार के इतिहास, अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के गठन तथा विश्व के भिन्न-भिन्न देशों में शांति स्थापना के लिए भारत द्वारा भेजे गए मिशन पर प्रकाश डाला। सेमिनार में 45 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.पवन राणा, प्रो. कमल कुमार, प्रो. रवि सिंह पलसरा, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. विशाल, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. शिशुपाल, प्रो. कुशल, प्रो. अजय व प्रो. प्रेमलता उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)




### विश्व एड्स दिवस अभियान पर करवाई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी कांगड़ा स्थित धर्मशाला के कार्यालय में जिला स्वास्थ्य अधिकारी आरके सूद व जिला कार्यक्रम अधिकारी, एकीकृत बाल विकास सेवाए, डॉक्टर अशोक कुमार शर्मा की अगुवाई में विश्व एड्स दिवस अभियान, 2024 की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आरके सूद ने एचआईवी एड्स की जानकारी दी। उन्होंने एचआईवी एड्स एक्ट 2017 के बारे में सभा को जागरूक करते हुए कहा कि एचआईवी, एड्स के साथ जी रहे लोगों के आत्मसम्मान व अधिकारों की सुरक्षा हेतु एचआईवी एड्स एक्ट 2017 बनाया गया है जिसके अंतर्गत किसी भी एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ समाज में कोई भेदभाव करता है तो इस एक्ट के तहत सजा का प्रावधान भी है।

### सुक्खू सरकार में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा सरकारी योजनाओं का लाभ : यादविंद्र गोमा

# जालग में होगा विद्युत बोर्ड का उपमंडल

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर/पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने जालग में 28 लाख से निर्मित होने वाले कनिष्ठ अभियंता विद्युत बोर्ड कार्यालय भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने विभाग को कार्यालय भवन के कार्य को 31 मार्च से पहले पूर्ण करने निर्देश दिए।

जालग में जनसभा को संबोधित करते हुए यादविंद्र गोमा ने कहा कि यहां विद्युत बोर्ड का उपमंडल कार्यालय स्थापित किया जाएगा। इसके लिए औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जालग, जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रमुख स्थान है और यहां के लोगों की मांगों को पूर्ण करना और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जालग मैदान में हाई मास्ट सोलर लाइट स्थापित कर दी गई है और मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए युवा सेवाएं एवं खेल विभाग से धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जालग को जोड़ने वाली सभी सड़कों में कार्य किया गया है ताकि लोगों को आवाजाही की बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि जालग आरठ पट्ट तक सड़क की टारिंग अगले सीजन में करने और इसे सुआं तक जोड़ने और सड़क के विस्तार के लिए नाबार्ड में डाला जाएगा। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि भटवारा नंदेड सड़क का निर्माण भी नाबार्ड के अंतर्गत किया जाएगा।

**कहा, सरकार ने दो साल में पूरीं की पांच गारंटियां**

गोमा ने उपस्थित लोगों को सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों को दी दस गारंटियों से 2 वर्ष के कार्यकाल 5 गारंटियों को पूर्ण किया है। प्रदेश के करीब एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देने के साथ सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पात्र महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना में प्रतिमाह 1500 रुपए दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों,पशुपालकों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए मक्की तथा गेंहू के अतिरिक्त दूध पर समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा ज़िला के ढ़गवार में 250 करोड़ की लागत से दुग्ध प्रसंस्करण सयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

मंत्री ने विद्युत बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के लिए अपनी बहुमूल्य जमीन दान देने वाले राकेश का आभार प्रकट किया तथा बोर्ड अधिकारियों को भवन निर्माण होने पर इनकी भी प्लेट स्थापित करने के आदेश दिए, ताकि लोगों को भी प्रेरणा मिले।



जालग में कनिष्ठ अभियंता विद्युत बोर्ड कार्यालय भवन की आधारशिला रखते मंत्री यादवेंद्र गोमा।

## चंद्र कुमार बताएं, सांसद रहते रेलमार्ग के लिए क्या किया : डॉ. राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, जवाली।** मंत्री चंद्र कुमार खुद बताएं कि कांगड़ा-चंबा के सांसद रहते हुए रेलमार्ग के लिए क्या किया था? यह बात कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने मंत्री चंद्र कुमार द्वारा दिए गए बयान पर कटाक्ष करते हुए कही। उन्होंने कहा कि खुद सांसद रहते चंद्र कुमार रेलमार्ग की बात को कभी प्रमुखता से नहीं उठा सके। उस समय भी रेलगाड़ियां बरसात होने पर बंद रहती थीं। डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि जनता को गुमराह करना छोड़ें। उन्होंने कहा कि मंत्री चंद्र कुमार बताएं कि अपने गृह क्षेत्र खबल में निर्मित गो सेंक्चुरी का संचालन क्यों नहीं करवा पाए, सिविल अस्पताल जवाली में रेडियोग्राफर व रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति क्यों नहीं करवा पाए, डेढ़ करोड़ की लागत से स्थापित ऑक्सीजन जेनेरेटर प्लांट चालू क्यों नहीं करवा पाए? चंद्र कुमार सरकार होते हुए भी मुख्यमंत्री को एक बार भी जवाली नहीं ला सके। उन्होंने कहा कि चंद्र कुमार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए भाजपा के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन जनता सब जानती है। मंत्री बताएं कि दो साल का जश्न कांग्रेस किन उपलब्धियों पर मना रही है।



### मानवाधिकार दिवस पर जीजीडीएसडी कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

## गरिमामय जीवन जीने का आधार हैं मानवाधिकार : डॉ. नमिता मिन्हास

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज राजपुर में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। धर्मशाला के खनियारा स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र के विधि विभाग में बतौर सहायक प्राध्यापक कार्यरत डॉ. नमिता मिन्हास राणा ने बतौर मुख्य वक्ता के मानवाधिकारों के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा द्वारा मुख्य वक्ता का स्वागत से हुई।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष मानवाधिकार का मूल विषय 'हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी' है और इसके अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए समाज में समता, स्वतंत्रता और न्याय की स्थापना के लिए मानवाधिकारों का पता होना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. नमिता मिन्हास राणा ने अपने वक्तव्य में मानवाधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को इसके प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने वेदों, पुराणों से मानव के अधिकारों के इतिहास की जानकारी देते हुए आज के दौर में कानूनी रूप से मानवाधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मानवाधिकारों को समाज के हर वर्ग के लिए गरिमामय जीवन जीने का आधार बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापक सीमा भाटिया और कुमारी शिल्पा ने किया। महाविद्यालय के कला संकाय विभाग के सहायक प्राध्यापक सुमन कुमार, पूजा वासुदेवा, डॉ. शिल्पी, मोनिका, राधिका और छात्रों ने इस व्याख्यान में बढ़-चढ़कर भाग लिया।



# एयरपोर्ट विस्तारीकरण प्रोजेक्ट में अब तक 30 फीसदी भूमि का हुआ अधिग्रहण

## कुल 490 करोड़ रुपए के भूमि मुआवजा आवंटन की प्रक्रिया जारी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश के महत्वाकांक्षी एयरपोर्ट विस्तारीकरण प्रोजेक्ट को लेकर अब तक 490 करोड़ रुपए का मुआवजा एयरपोर्ट प्रभावितों को मिलने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, 158 करोड़ रुपए की राशि प्रभावितों के खातों में ट्रांसफर हो चुकी है। बताते चलें कि कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर शपथपत्र देने वाले लोगों को मुआवजा दिया जा रहा है।

**14 में से 7 मुहाल के प्रभावितों को मिले 158 करोड़**

ऐसे में सात मुहालों जुगेहड़, रछ्यालु, भड़ौत, दुगियारी, भेड़ी, क्योड़ी तथा सनौरा के कई लोगों को 158 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि वितरित हो चुकी है। बताते चलें कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए कुल 122 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है तो वहीं अब तक 46 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हुआ है यानी इस प्रोजेक्ट के लिए जरूरी कुल भूमि में से 30 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण ही अभी पूरा हुआ है। कुल बांछित 122 हेक्टेयर भूमि में से 30 प्रतिशत जमीन को लेकर प्रभावितों की मंजूरी मिल चुकी है तो वहीं 973 करोड़ के बजट में से 50 फीसदी के करीब का यानी 490 करोड़ का मुआवजा फाइनल होकर वितरित होने की प्रक्रिया में है, जबकि इसका एक तिहाई मुआवजा प्रभावितों को वितरित हो चुका है।

बताते चलें कि गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण के दायरे में कांगड़ा और शाहपुर तहसील के कुल 14 मुहाल आएंगे। कांगड़ा तहसील के तहत बाग (114), बल्ला (157), बरस्वालकड़ (431), भेड़ी (67), ढुगियारी खास (41), गगल खास (604), झिकली इच्छी (376), मुगरेहड़ (49), सहौड़ा (65) और सनौरा (260) मुहाल होंगे। शाहपुर तहसील में रछियालु (617), जुगेहड़ (77), भड़ोत (14) और क्योड़ी (166) मुहाल के खसरा नंबरों का अधिग्रहण प्रस्तावित है।

उधर, इस संदर्भ में जानकारी देते हुए पर्यटन विभाग की जिला उपनिदेशक विनय धीमान ने बताया कि अब तक 40 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण हो चुका है तथा 7 मुहालों के प्रभावितों को 158 करोड़ रुपए मुआवजा वितरित किया गया है, जबकि कुल 490 करोड़ रुपए का मुआवजा वितरण के लिए तैयार है तथा प्रक्रिया जारी है। (अनंत ज्ञान)

# अनंत ज्ञान फैशन



2024 में फैशन के क्षेत्र में साड़ियां एक बार फिर अपनी खास जगह बनाने में कामयाब रहीं। इस साल कई तरह के फैब्रिक की साड़ियां ट्रेंड में रहीं, जो आधुनिकता और परंपरा का बेहतरीन साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे महिलाएं शादी-विवाह के साथ-साथ पार्टियों में भी पहनना पसंद करती हैं। अब तो घर की पूजा-पाठ से लेकर क्लब की पार्टियां और दफ्तर में भी महिलाएं काफी शौक से साड़ी पहनती हैं। भले ही साल दर साल फैशन कितना भी बदल जाए लेकिन साड़ियों का फैशन कभी नहीं बदलता है। अब जब साल खत्म होने की कगार पर है, तो हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसी साड़ियों के बारे में, जिन्हें 2024 में महिलाओं ने खूब पसंद किया। ये साड़ियां पूरी साल उनकी पहली पसंद बनी रहीं। उम्मीद तो ये है कि ये साड़ियां आगामी साल यानी कि 2025 में भी खूब ट्रेंड में रहेंगी। यदि आप अपने कलेक्शन में इन साड़ियों को शामिल करना चाहती हैं, तो पहले इनके बारे में जान लें, ताकि आपका लुक भी प्यारा दिख सके।

## इस साल ये साड़ियां रहीं ट्रेंड में अभिनेत्रियों ने भी इन्हें पहनकर बिखेरा जलवा

**ऑर्गेन्जा साड़ी:** ऑर्गेन्जा फैब्रिक की साड़ियां काफी हल्की और पारदर्शी होती हैं। इसके साथ अलग तरीके का पेटीकोट पहना जाता है। ये ग्लैमरस लुक देने का काम करती हैं। यही वजह है कि इस साल न सिर्फ अभिनेत्रियों ने बल्कि लड़कियों ने शादी-विवाह से लेकर पार्टियों में भी ऑर्गेन्जा फैब्रिक की साड़ी पहनी।

**बनारसी साड़ी :** बनारसी साड़ी पहनने का चलन तो सदियों से चला आ रहा है। शादी विवाह में पहनने के लिए हर साल की तरह इस साल भी नई दुल्हनों ने बनारसी साड़ी को ही चुना। हल्के डिजाइन और कंटेम्परेरी पैटर्न के साथ बनारसी साड़ियां इस साल भी दुल्हनों और फेस्टिव ओकेजन में पहली पसंद बनीं।

**शिफॉन साड़ी :** इस साल बहुत सी महिलाओं ने शिफॉन की साड़ी को अलग डिजाइन के ब्लाउज के साथ पहना, जिस वजह से उनका लुक काफी खूबसूरत लगा। इस साल सॉलिड कलर्स और बोल्ड बॉर्डर डिजाइन वाली शिफॉन साड़ियां कैजुअल और सेमी-फॉर्मल लुक के लिए ट्रेंड में रहीं।

**रंगकाट साड़ी:** साल की सबसे शाही शादी यानी कि अनंत अंबानी की शादी में नीता अंबानी ने रंगकाट सिल्क की साड़ी ही पहनी थी। रंगकाट सिल्क की साड़ी को तैयार होने में पूरे 6 से 8 महीने का समय लगता है। इसकी खूबसूरती देखते बनती है। नीता अंबानी ने जब ये साड़ी पहनी, तो उसके बाद बाजार में इसकी मांग काफी बढ़ गई।

**सीक्विन वर्क की साड़ी:** ग्लैमरस लुक के लिए इस साल महिलाओं को सी[ न वर्क की साड़ी काफी पसंद आई। ऐसी साड़ी शादी-विवाह के साथ-साथ पार्टियों में भी पहनने के लिए काफी पसंद आती है। इसके साथ महिलाएं लाइट मेकअप करना पसंद करती हैं।

**हैंडलूम की साड़ियां:** एक बार फिर से इस साल अभिनेत्रियों से लेकर महिला नेत्रियों तक ने हैंडलूम की साड़ियां पहनीं। भारत की कई दिग्गज बाहर विदेश में जाकर भी हैंडलूम की साड़ियां पहनें नजर आईं। जिस वजह से इस साल भी हैंडलूम का बाजार गुलजार रहा।





## दुनियाभर में पसंद की जाती हैं भारतीय शॉलें

**हर शॉल है अपने आप में खास, एक स्टाइलिश गारमेंट**

**शॉल दिखने में भले ही गर्म कपड़े का लंबा टुकड़ा लगे, लेकिन यह एक स्टाइलिश गारमेंट है, जिसे सदियों से पहना जा रहा है। इसमें कई वैरायटी आती हैं जो सस्ती भी है और महंगी भी। शॉल को पहनकर पर्सनैलिटी बहुत अट्रैक्टिव लगती है। इसे केवल साड़ी या सूट पर ही नहीं, बल्कि वेस्टर्न आउटफिट पर भी पहना जा सकता है।**



**कश्मीरी शॉल की खूब डिमांड:** शॉल की नींव कश्मीर में रखी गई इसलिए यहां की क्वॉलिटी बहुत बेहतरीन होती है। कश्मीर में पश्मीना शॉल बनती हैं। पश्मीना के लिए ऊन को चान्ग्रा भेड़ या चेंगू भेड़ से निकाला जाता है। यह बहुत हल्की लेकिन हद से ज्यादा गर्म होती हैं। इस पर फ्लोरल डिजाइन बना होता है। यह महंगे दामों पर बिकती है। इन शॉलों से मुगलों की रहीसी दिखती थी। 18वीं सदी में पश्मीना शॉल ब्रिटेन की क्वीन विक्टोरिया की पहचान बन गई थी।

**रंग-बिरंगी होती है नागा शॉल:** नागा शॉल नगालैंड में हाथ से बुनी जाती है. इसमें कई तरह के चटक रंग देखने को मिलते हैं। यह ज्यादातर नीले और लाल रंग में बनती है. इसमें ज्योमैट्रिक पैटर्न बने होते हैं। नागा शॉल मैट ऊन से बनती है जो मोटी ऊन होती है। वहीं जो शॉल चिकनी ऊन से बनती हैं, वह महंगी होती हैं। दरअसल यह ऊन दुर्लभ कीड़ों से बनती है।

**कलमकारी शॉल का अनोखा डिजाइन:** कलमकारी शॉल दक्षिण भारत में बनाई जाती है। कलमकारी का मतलब है कलम से किया गया काम। यह शॉल सूती कपड़े की होती है. यह एक ट्रेडिशनल शॉल है जिस पर ब्रश की मदद से हाथों से डिजाइन बनाया जाता है। इस पर फूल, पत्तियां, पक्षी जैसे नेचर से जुड़े डिजाइन होते हैं। इस पर रेशम या ऊन के धागों से कढ़ाई की जाती है।



**पुरुषों के लिए दोशाला**

शॉल भले ही महिलाएं पहनती हैं लेकिन पुरुषों की शॉल को दोशाला कहा जाता है। मुगल सम्राट अकबर शॉल को खूब पसंद करते थे। उन्होंने ही शॉल को पहनना शुरू किया। इससे पहले पुरुष शॉल नहीं पहनते थे। उस समय अकबर की शॉल पर सोने और चांदी के धागों से बॉर्डर बनाए जाते थे। पुरुषों की शॉल सॉलिड कलर यानी एक ही रंग की होती है जैसे सफेद, भूरी, काली या मैरून। इस पर ज्यादा एंब्रॉयडरी भ नहीं होती।

## शादी में क्रॉप टॉप में स्टाइलिश और अट्रैक्टिव दिखेंगी आप

**शादी में जानें का शौक हम सभी को होता है। इसलिए शादी का सीजन शुरू होते ही हम सभी ये सोचते हैं कि किसकी शादी का कार्ड आएगा, जिसमें हम अच्छे से तैयार होकर जाएंगे। ऐसे में अगर दोस्त की शादी का पता चल जाए तो उसका मजा दोगुना हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि उसकी शादी में तैयार होने से लेकर शादी में नाचने का अलग ही मजा होता है। लेकिन जब बात कपड़ों की आती है, तो इसके बारे में हम कई बार सोचते हैं। चलिए आपको भी बताते हैं किस तरह की ड्रेस को आप वियर कर सकती हैं।**

### क्रॉप टॉप शरारा सेट

**आप** चाहें तो इस तरह के शरारा सेट को किसी और कलर में खरीदकर दोस्त की शादी में वियर कर सकती हैं। इससे दोस्त की शादी में आप अच्छी लगेंगी। साथ ही, आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। ड्रेस को सिंपल डिजाइन में खरीदें। इसके साथ दुपट्टे की जगह पर हैवी ज्वेलरी स्टाइल करें। मेकअप लुक भी थोड़ा बोल्ड रखें। इस तरह के लुक में आप अच्छी नजर आएंगी।

### क्रॉप टॉप लहंगा सेट

**अगर** आपको दोस्त की शादी में लहंगा पहनने का काफी मन है, तो इसके लिए आप इस तरह के डिजाइन वाले लहंगे को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के लहंगे पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें ऊपर का क्रॉप टॉप अलग डिजाइन का मिलता है। वहीं नीचे का लहंगा थोड़ा हल्के डिजाइन में मिलेगा। इससे पूरा लुक ही अच्छा दिखाई देता है। मार्केट में आजकल ये ड्रेस काफी ट्रेंड में है, तो पहनने के बाद अच्छी भी लगेगी।

### क्रॉप टॉप स्कर्ट वाली ड्रेस

**आप** अगर स्टाइलिश लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो इसके लिए आप क्रॉप टॉप स्कर्ट वाली ड्रेस को वियर कर सकती हैं। दोस्त की शादी में थोड़ा सा स्टाइलिश दिखना तो बनता है। इसके लिए आप चाहें तो इस फोटो में नजर आने वाली ड्रेस को भी वियर कर सकती हैं या आप सिंपल डिजाइन वाली ड्रेस भी ले सकती हैं। बस आपको इसे खरीदने के लिए फिटिंग और डिजाइन का खास ध्यान रखना होगा, ताकि आपका लुक अच्छा लगे। इस तरह की ड्रेस में आप खूबसूरत नजर आएंगी। मार्केट में ये ड्रेस आपको कम दाम में भी मिल जाएगी।



## न्यूज ब्रीफ

### लॉरेंट संस्थान में लगाया रक्तदान शिविर



**अनंत ज्ञान, देहरा।** लॉरेंट फार्मेसी शिक्षण संस्थान की रेड रिबन और एनएसएस इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय कांगड़ा से डॉक्टर्स की टीम ने शिरकत की। संस्थान के निर्देशक और प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी तरह की कमजोरी या बीमारी नहीं होती। वहीं हमारा किया हुआ रक्तदान किसी बीमार असहाय या दुर्घटनाग्रस्त के लिए काफी सहायक सिद्ध हो सकता है। इस रक्तदान शिविर में करीब पचास यूनिट ब्लड डोनेट कर रक्तदान कैंप को सफल बनाया। इस मौके परएनएसएस के इंचार्ज प्रोफेसर डॉ. विनय पंडित और इकाई के मेंबर सहायक प्रोफेसर सनी भारद्वाज एवं रेड रिबन इकाई के इंचार्ज डॉ तरुण तथा सहा प्रो. केशव धीमान भी मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** डेरा बाबा नानक दिवस समारोह कांगड़ा (मटौर) में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ की गई। कर्नल दर्शन सिंह मुख्यातिथि बेंगलुरु से कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 200 से अधिक पूर्व सैनिकों को संबोधित किया। 1971 के युद्ध में हिस्सा लेने वाले 15 पूर्व सैनिकों को तथा 20 वीर नारियों को सम्मानित किया गया। वैटल ऑफ डेरा बाबा नानक में 10 डोगरा जवानों ने पाकिस्तान के 34 सैनिकों को मार गिराया था और 26 सैनिकों को युद्ध बंदी बना लिया था। इसके अलावा भारी मात्रा में हथियारों को जब्त किया गया था। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना के निदेशक पवन डोगरा ने सैनिकों के साहस को याद किया और कहा कि वीर सैनिकों ने अपनी देशभक्ति और देशप्रेम को अपने प्राणों से भी अधिक महत्व दिया और मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए। कैप्टन प्यार सिंह राणा ने जानकारी दी कि यह समारोह हर साल आयोजित किया जाता है। हिमाचल, पंजाब तथा जम्मू के पूर्व सैनिक इसमें हिस्सा लेने आते हैं। डोगरा रेजिमेंट के युद्धघोष ज्वाला माता की जय के जयकारे से समारोह का समापन हुआ।



### पठानिया ने सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को वन विश्राम गृह लपियाणा के परिसर में वन विभाग के 15 लाख से बनने वाले सामुदायिक भवन का नींव पत्थर रखा। स्थानीय लोगों से रू-ब-रू होते हुए उन्होंने कहा कि इस सामुदायिक भवन के बन जाने से स्थानीय लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। वह अपने छोटे-मोटे कार्यक्रम यहाँ पर कर सकते हैं । यहां पर उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना और विभिन्न विभागों के अधिकारियों से इलाके में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की फीडबैक ली तथा उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को मनेई बाजार में स्पीड ब्रेकर तथा डीएवी स्कूल के लिए रास्ता बनाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने के आदेश दिये। उन्होंने कहा कि कि कम वोल्टेज की समस्या से निजात हेतु शाहपुर-लंज विद्युत योजना के अंतर्गत 33 केवी की नई एचटी लाइन डाली जा रही है जिसपर 3.84 करोड़ रुपये व्यय होंगें। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु भरुपलाहड़ में 25 केवीए के ट्रांसफार्मर को अपग्रेड कर 63केवीए कर दिया गया है। मनेई-परगोड़ पेयजल योजना के विस्तारीकरण पर 3.29 करोड़ की धनराशि व्यय की जाएगी और इसके पूरा हो जाने पर चंगर क्षेत्र की चार पंचायतों के 20 गांवों के हजारों लोग लाभान्वित होंगे।



### डीएवी कांगड़ा ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एचपीयू द्वारा आयोजित किए गए अंतर महाविद्यालय पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा ने राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब को हराकर प्रतियोगिता जीती। डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के टीम मैनेजर प्रो सुमित पठानिया ने विशेष बातचीत में बताया कि टीम ने पूरी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और टीम के सभी खिलाड़ी बहुत खुश हैं।

### विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें: डीसी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की नियमित तौर पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मंगलवार को नूरपुर उपमंडल में सभी विभागीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों तथा योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार का स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, पानी, बिजली जैसे सेवा क्षेत्र में गुणवत्ता पर फोकस है और अधिकारियों को फील्ड लेवल पर इसे अमलीजामा पहनाने की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने नियमित कार्य करने के साथ अपने अपने क्षेत्र में व्यवस्था को और सुधारने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि नूरपुर उपमंडल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन की स्थिति अच्छी नहीं है जिस पर अधिकारियों को निर्णायक कदम उठाना चाहिए।

### सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल स्वर्णिम : विप्लव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व राज्यसभा सांसद विप्लव ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार का दो वर्षों का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ईमानदारी के साथ आम जनमानस के उत्थान के लिए चुनावी वायदों को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएम ने अपनी सक्षम कार्यशैली और कड़े निर्णयों से मात्र दो वर्षों में मुख्यमंत्री ने सात गारंटियों को पूरा कर अपने विश्वसनीय नेतृत्व का परिचय पूरे प्रदेश की जनता को दिया है। निराश्रित बच्चों को चिल्डन ऑफ स्टेट का दर्जा देकर हिमाचल सरकार ने पूरे देश में एक अलग मिसाल कायम की है इसी के साथ ही सुख शिक्षा योजना के तहत विधवा, बेसहारा, तलाकशुदा महिलाओं के 23 हजार बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाकर एक संवदेनशील सरकार होने का दायित्व निभाया है।

# सफलता हासिल करने का कोई शॉर्टकट नहीं होता : मलेंद्र राजन

## मोहटली स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

- समारोह में स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर लूटी वाहवाही
- विधायक ने की 21 हजार रुपए देने की घोषणा

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोहटली में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन ने बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। स्कूल में पहुंचने पर मुख्यातिथि मलेंद्र राजन का स्कूल के प्रधानाचार्य बलविंदर तथा प्रधान निशा पटियाल द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रवचल एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र–छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत कर आए हुए मेहमानों से खूब वाहवाह बटोरी। वहीं, इस मौके पर स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है और छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से ही जीवन में लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है और सफलता प्राप्त करने का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इस मौके पर उन्होंने बच्चों के प्रोत्साहन के लिए 21 हजार रुपए की राशि भी देने की घोषणा की। (अनंत ज्ञान)



स्कूल के वार्षिक समारोह में पहुंचे विधायक को सम्मानित करते शिक्षक।



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में रंगारंग प्रस्तुति देतीं स्कूल की छात्राएं।

### रेहलू-दुर्गेल्ला-पलवाला रोड 15 दिसंबर तक बंद

**धर्मशाला।** शाहपुर उपमंडल के अंतर्गत रेहलू-दुर्गेल्ला-पलवाला सड़क के मरम्मत कार्य के चलते यह मार्ग 15 दिसंबर तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए शाहपुर-रेहलू-चंबी मार्ग का उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

### पत्रकार रहे प्रवीन शर्मा को मातृ शोक

**फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर की पंचायत नंगाल से संबंधित वरिष्ठ पत्रकार रहे प्रवीन शर्मा की माता चंद्रलेखा का करीब 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। इस पर आजाद प्रेस क्लब नूरपुर ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए पीड़ित परिवार के साथ संवेदनाएं प्रकट की हैं। ज्ञात रहे कि मृतका पंचायत नंगल की पूर्व में प्रधान भी रह चुकी हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायत के विकास में काफी योगदान दिया था।

### सालगिरह मुबारक



रैहन के अंकुश धीमान और कल्पना धीमान को शादी की 20वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



लमलैहड़ी (ऊना) के रामपाल कुंडलस और नीलम कुंडलस को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



बणी के विरेंद्र ठाकुर और बिंदू ठाकुर को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### बज्रेश्वरी मंदिर में इस बार भव्य होगा जिला स्तरीय मकर संक्रांति समारोह

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

मां बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में जिला स्तरीय मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर धृतमंडल मंडल पर्व के आयोजन को लेकर एसडीएम कांगडा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और ट्रस्ट सदस्यों साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में घी से मक्खन बनाने, मक्खन चढ़ाने और मक्खन उतारने की प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से करने और इसके मानदेय के विषय पर चर्चा की गई। इस पर्व के दौरान बैठक में मां बज्रेश्वरी मंदिर की पत्रिका निकालने का निर्णय लिया गया।

बैठक में यह निर्णय लिया किया कि इस वर्ष मकर संक्रांति पर्व के मौके पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा। 14 जनवरी को मंदिर के प्रांगण में माता का जागरण आयोजित किया जाएगा, जबकि 15 जनवरी के दिन नगर परिषद मैदान में मां बज्रेश्वरी का भव्य जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में मंदिर के अंतर्गत आने वाली समस्त जमीनी संपत्ति की फेंसिंग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर परिषद मैदान में हाई मास्क लाइट लगाने बारे चर्चा हुई। स्थानीय सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा में उपकरणों की खरीद में सहायता करने का निर्णय लिया गया। मंदिर में लंगर, सफाई व्यवस्था और सजावट करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम कांगड़ा ने कहा मंदिर में आयोजित होने वाले जागरण के लिए स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)



मंदिर ट्रस्ट सदस्यों व अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम जसवाल।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर धर्मशाला में फूटा लोगों का गुस्सा

## भारत सरकार से बांग्लादेश के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के मुख्यालय धर्मशाला में मंगलवार को विभिन्न संगठन और स्थानीय लोगों सहित जिले के अन्य स्थानों से भी विभिन्न हिंदू संगठनों ने बंगलादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ धर्मशाला के शहीद स्मारक से कचहरी अड्डे तक रैली निकाली और रोष जताया।

रैली में युवा, विकलांग और, बुजुर्ग महिलाओं सहित कई लोग शामिल रहे। इस दौरान रैली में उपस्थित लोगों ने भारत सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और वहां पर हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए अपनी मांग उठाई। हिंदू संगठन के नेताओं ने कहा कि जाति और भेदभाव को छोड़कर एक साथ जुड़ कर काम करना चाहिए। हिंदू संगठनों के साथ सिख भी इस रैली में उपस्थित रहे। लोगों ने मांग की भारत सरकार इस पर कड़ा कदम उठाए और बांग्लादेश का बहिष्कार करे साथ ही हिंदू लोगों को वहां से निकालने का काम करें। लोगों ने कहा कि भारत सरकार इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठती है तो आने वाले समय में और उग्र प्रदर्शन जिला कांगड़ा में किया जाएगा जिसकी जिम्मेदार भारत सरकार होगी। इस मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा, ताकि किसी अप्रिय घटना को घटित होने से रोका जा सके। हालांकि इस रैली के दौरान कुछ देर के लिए धर्मशाला में जाम की स्थिति भी बनी, लेकिन यातायात पुलिस के सहयोग से जल्द ही इस जाम को भी हटा दिया गया। इस दौरान धर्मशाला कॉलेज के छात्रों ने भी इस रैली में बढ़–चढ़ कर भाग लिया और बांग्लादेश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी।



### आज आलमपुर व लंबागांव में शिकायतें सुनेंगी एसपी

**धर्मशाला।** जिला पुलिस कप्तान बुधवार को आलमपुर के तहत डीएवी स्कूल आलमपुर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद दोपहर एक बजे पुलिस चौकी आलमपुर में लोगों की पुलिस संबंधी समस्याएं तथा शिकायतें सुनेंगी। एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि वे दोपहर डेढ़ बजे पुलिस थाना लंबागांव में लोगों की पुलिस संबंधी समस्याएं तथा शिकायतें सुनेंगी।

### ऑटो को टक्कर मारकर वाहन चालक फरार

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत अज्ञात चालक ने गाड़ी को लापरवाही व तेजरफ्तारी से चलाकर ऑटो नंबर एचपी04-1049 को टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। टक्कर से ऑटो चालक संदीप कुमार निवासी उखली तहसील व जिला हमीरपुर को चोट लगी है। इस संदर्भ में पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया गया है।

### धर्मशाला में मारपीट का मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत मोहित निवासी धर्मशाला जिला कांगड़ा ने राजिंद्र सिंह निवासी सिविल बाजार धर्मशाला जिला कांगड़ा के साथ लड़ाई -झगड़ा व मारपीट की। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में मामला दर्ज किया गया है।

### कलोहा में पकड़ी तीन पेटी देसी शराब

**रक्कड़।** कलोहा में नाके के दौरान रक्कड़ पुलिस ने एक कार से 36 देसी शराब की बोतलें (तीन पेटी) बरामद कीं। रक्कड़ थाना प्रभारी किशोर चंद ने बताया कि गाड़ी चालक आकाशदीप पुत्र हरगोबिंद सिंह निवासी चंबा खास के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### 11 करोड़ रुपए से दुराना–सिरमनी सिहूणीं सड़क का होगा कायाकल्प

- कृषि मंत्री ने नवीनीकरण कार्य का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने मंगलवार को जवाली विधानसभा क्षेत्र के तहत कोटला में 11 करोड़ की लागत से 9.5 किलोमीटर लंबी दुराना–सिरमनी–सिहूणीं सड़क के नवीनीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। एफडीआर तकनीक से बनने वाली इस सड़क का पहले 100 मीटर का पैच वर्क किया जाएगा, जिसे क्वालिटी चेक के लिए आईआईटी मंडी भेजा जाएगा। गुणवत्ता प्रमाणीकरण के बाद ही सड़क का आगे का सुधारीकरण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जवाली विधानसभा की सभी लाइफ लाइन सड़कों का करोड़ो रुपए व्यय कर नवीनीकरण व चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सड़क बनाने वाली कंपनी को गुणवत्ता के उच्च मानक बनाए रखने के साथ निर्धारित समय सीमा में सड़क कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए।

प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में बेहतर सड़कें ही विकास व समृद्धि की कुंजी है। उन्होंने कहा कि ज्वाली विधानसभा पौंग क्षेत्र के साथ लगती है जिससे यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जवाली विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए वे प्रयासरत हैं।

# मुंगेरी लाल की तरह हसीन सपने देख रहे हैं बिक्रम ठाकुर : आरएस बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पर्यटन विभाग के अध्यक्ष आरएस बाली ने पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि तकरीबन एक दिन पहले अखबारों के अंदर और सोशल मीडिया के माध्यम से देखा कि पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने प्रेस वार्ता में एचपीटीडीसी को लेकर कुछ सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि अगर एचपीटीडीसी के ऊपर कोई भी सवाल उठा है और यह सवाल किसी ने भी उठाया है तो मुझे मेरी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि अध्यक्ष होने के नाते में बिक्रम ठाकुर के सवालों के जवाब दूं। बिक्रम ठाकुर ने अपनी प्रेस वार्ता में कहा कि हाईकोर्ट के अंदर गलत दस्तावेज या गलत हलफनामा देखकर एचपीटीडीसी ने गलत दस्तावेज या गलत हलफनामा दिया और उसको दिलवाया गया क्योंकि गलत दस्तावेज जब जाएंगे तो केस कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत बड़ा इल्जाम है, जो बिक्रम ठाकुर एचपीटीडीसी के ऊपर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस का यह मतलब है कि कोर्ट ने एचपीटीडीसी के हक में निर्णय सुनाया व निर्णय गलत दस्तावेजों के ऊपर सुनाया उन्होंने कहा कि बिक्रम ठाकुर के यह आरोप बेबुनियाद है। बाली ने कहा कि जैसे मुंगेरी लाल के हसीन सपने हैं, वैसे ही बिक्रम ठाकुर के भयानक सपने हो सकते हैं। शायद एचपीटीडीसी को लेकर उन्होंने कोई भयानक सपना देख लिया हो और यह सपने में सोचा हो कि एचपीटीडीसी ने कोई गलत दस्तावेज दे दिए हैं तो ऐसा है नहीं है।

### आदर्श ग्राम में रूपांतरित होंगे जनजातीय जनसंख्या वाले गांव : एडीएम

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के विस्तारित कार्यक्रम धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. हरीश गज्जू ने कहा कि योजना के तहत जिला कांगड़ा के सात जनजातीय गांवों के समग्र विकास के लिए 20 लाख 38 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। संबंधित विकास खंड कार्यालयों द्वारा मूल्यांकन और स्वीकृति के बाद इनपर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उपायुक्त कार्यालय में आज मंगलवार को आयोजित इस बैठक में जिला योजना अधिकारी आलोक धवन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। एडीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना का उद्देश्य विशिष्ट जनजातीय जनसंख्या वाले गांवों को आदर्श ग्राम में रूपांतरित करना है। इसके तहत कम से कम 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति और 500 से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी वाले गांवों को कवर किया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### चौरी स्कूल आपदा प्रबंधन प्लान में जिले में प्रथम




**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौरी ने आपदा प्रबंधन प्लान में हमीरपुर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर पाठशाला को इनाम के तौर पर 5000 मिले, जिसके लिए स्कूल में सभी शिक्षकों में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्य सरिता दुबे ने बताया कि इसमें स्कूल के सभी एसएमसी, शिक्षकों व आपदा प्रबंधन के इंचार्ज के सहयोग से यह कार्य सफल हो पाया। (अनंत ज्ञान)

### अमरोह में दी मुफ्त कानूनी सहायता योजना की जानकारी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य पर अमरोह पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव एवं वरिष्ठ सिविल जज असलम बेग ने आम लोगों को न्याय सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) द्वारा आरंभ की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अदालतों में लंबित मामलों को मध्यस्थता एवं आपसी सहमति और लोक अदालतों के माध्यम से तुरंत निपटाया जा सकता है। इस अवसर पर पैरा लीगल वालंटियर अशोक कुमार, पंचायत प्रधान मीना देवी, उपप्रधान योगराज और गणमान्य उपस्थित थे।

### राज राजेश्वरी कॉलेज में करवाया गेस्ट लेक्चर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी महाविद्यालय भोटा में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन करवाया गया, जिसमें मुख्य वक्ता एसिस्टेंट प्रो. डॉ. विरेंद्र शर्मा रहे जो कि सरकारी महाविद्यालय, घंडालवीं, जिला बिलासपुर में कार्यरत हैं। कार्यक्रम का समन्वयन मनदीप कौर ने किया तथा कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने अतिथि का आभार और स्वागत किया। डॉ. विरेंद्र शर्मा ने मानव अधिकारों के महत्व और उनके संरक्षण के तरीकों पर चर्चा की। व्याख्यान के अंत में डॉ. मनोज कुमार ने विरेंद्र शर्मा को उनको मूल्यवान जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज राजेश्वरी शिक्षा सोसायटी के सेक्रेटरी कुलबीर सिंह ठाकुर, बीए, बीएड तथा डीएलएड के छात्र व स्टाफ उपस्थित रहा।

### नादौन कॉलेज में प्रतियोगिताओं का आयोजन




**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में इको क्लब इकाई एनएसएस, आर एंड आर व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इको क्लब के अंतर्गत आयोजित पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम मुख्य अतिथि रहे, जबकि उप-प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना चड्ढा भी विशेष उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सुनीता सकलानी ने अतिथियों के स्वागत और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर छात्रों को संबोधित करते हुए किया। इस दौरान. पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत पर आधारित विषयों को केंद्र में रखा गया। (अनंत ज्ञान)

### पानी की पाइपों को सड़क से हटाने के दिए आदेश

**एसके शर्मा, जाहू।** उपमंडल भोरंज के तहत बस्सी से वाया भरेड़ी तताहर सड़क का निर्माण शीघ्र ही कंपनी के द्वारा एफडीआर तकनीक से शुरू किया जा रहा है। निर्माण कार्य की शुरू करने से पहले जो पाइपें सड़क के बीच पड़ी हुई हैं या जो सड़क के बिलकुल साथ जा रही हैं, उन पाइपों को हटाया जाना बहुत जरूरी है व अति आवश्यक है अन्यथा जब एफडीआर मशीन से काम शुरू किया जाएगा तो ये पाइपें क्षतिग्रस्त हो जाएंगी। इस समस्या को देखते हुए लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के द्वारा इस सड़क का संयुक्त निरीक्षण किया गया है और जल शक्ति विभाग को पाइपों की समस्या से अवगत करवाया गया और निर्देश दिया गया की आप एक सप्ताह के भीतर पानी की पाइपों को सड़क से लगभग 3 फुट नीचे डाल दें ताकि जब सड़क का काम शुरू होगा तो लोगों की किसी भी समस्या का सामना न करना पड़ सके। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता केके भारद्वाज ने आम जनता से भी अनुरोध है कि वे भी अपनी निजी नलों की पाइप सडक से लगभग तीन फुट नीचे डाल दें। जब सड़क के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा और अगर पाइपें क्षतिग्रस्त होती हैं तो इसकी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की नहीं होगी।

### बाबा स्वरूप गिर महाराज का 3 फरवरी को होगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बाबा स्वरूप गिर महाराज मंदिर में आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे की तिथि घोषित कर दी गई है। 3 फरवरी 2025 को वार्षिक भंडारा आयोजित होगा। मंगलवार को भंडारा आयोजन हेतु तिथि की घोषणा कर दी गई । बाबा स्वरूप गिर मंदिर कमेटी के प्रधान राजीव शर्मा, महासचिव संजय ठाकुर ने बताया कि भंडारे के आयोजन से पहले बाबा स्वरूप गिर महाराज को निमंत्रण देने की रिवायत है, जिसके चलते मंदिर प्रांगण में शनिवार 14 दिसंबर को शाम 4 बजे विशेष आरती का आयोजन होगा और भोग लगाकर विधिवत बाबा जी को भंडारे में आगमन का निमंत्रण दिया जाएगा ।

### टौणी देवी में मेगा अभिभावक-अध्यापक संवाद आयोजित



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में नौवीं से 12वीं कक्षा तक के वंचित विद्यार्थियों और आठवीं कक्षा तक के अभिभावकों के लिए एपीएआर आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) पर आधारित एक मेगा अभिभावक-अध्यापक संवाद का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने एपीएआर आईडी के विभिन्न पहलुओं को समझाया। उन्होंने बताया कि यह आईडी एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी की परिकल्पना के अनुरूप है और छात्रों के लिए आजीवन शैक्षणिक पासपोर्ट के रूप में कार्य करती है। यह 12 अंकों की स्थायी आईडी छात्रों की डिग्रियां, छात्रवृत्तियां, पुरस्कार और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों को एक ही स्थान पर सुरक्षित करती है। कार्यक्रम में पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमन मलकानिया, पवन कुमार, लीना देवी, कृष्ण चंद, सुनीता, सुमन लता, अदिति और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### भुक्कड़ स्कूल में अपार आईडी से करवाया अवगत



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य देशराज कमल ने की। अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि शिक्षा विभाग के आदेशानुसार इन दिनों शिक्षण संस्थानों में अपार आईडी बनाने का कार्य चल रहा है। इससे स्कूल में बच्चों की यूनिक आईडी बनेगी। अपार आईडी यानी ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री बनाना अनिवार्य है। यह वन नेशन वन स्टूडेंट योजना के तहत अपार आईडी बनाई जा रही है। इस योजना के तहत छात्रों की 12 अंकों को एक यूनिक आईडी नंबर जारी होगा जिसे अपार आईडी का नाम दिया गया है। यह माता -पिता की सहमति से बन रही है। इसके बनने से छात्रों को हर जगह अपने शैक्षणिक दस्तावेज को ले जाने की आवश्यकता नहीं होगी ।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर परिषद में फिर ऊहापोह की स्थिति

## अध्यक्ष मनोज मिन्हास को हटाने की मुहिम चढ़ेगी सिरे या फिर बदल लेगी सत्ता पक्ष समीकरण?

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लंबे इंतजार के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर आखिर हमीरपुर नगर परिषद में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए तारीख तय कर दी गई है। 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे हाउस की बैठक बुलाई गई है। ठीक 15 दिनों के बाद होने वाली इस बैठक में हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा भी नए नियमों के तहत अविश्वास प्रस्ताव की बैठक में शामिल होंगे। उनका भी वोट पड़ेगा।

नगर परिषद हमीरपुर में उपचुनावों और लोकसभा के चुनावों से पहले अविश्वास प्रस्ताव के लिए 7 सदस्यों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया था, लेकिन बाद में चुनाव आचार संहिता की वजह से यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। बाद में इससे संबंधित बैठक नहीं करने का प्रशासन ने फैसला लिया था। अब क्योंकि नाराज पार्षद हाईकोर्ट चले गए थे और वहां से आदेश हुआ है कि हाउस की बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो।

चार दिन पहले बैठक के लिए जिला प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू की थी। मंगलवार को ठीक 15 दोनों का समय लेकर 26 दिसंबर का दिन अविश्वास प्रस्ताव के लिए तय कर दिया गया है। एसडीएम संजीत कुमार ने इस बाबत नगर परिषद को चिट्ठी भी लिख दी है।




अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 26 दिसंबर को होगी बैठक।

### विधायक आशीष भी करेंगे शिरकत

हमीरपुर के भाजपा विधायक आशीष शर्मा भी इस बार इस अविश्वास प्रस्ताव की बैठक में हिस्सा लेंगे। नए नियमों के तहत विधायक को भी शामिल किया जाता है। सुजानपुर में भी अविश्वास प्रस्ताव के लिए नगर पंचायत में स्थानीय विधायक की मौजूदगी हुई थी, इसीलिए हमीरपुर में भी यह प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ऐसी संभावना है।

### क्या मनोज मिन्हास के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाएगा



11 सदस्यों पर आधारित हमीरपुर नगर परिषद में मनोज मिन्हास अध्यक्ष हैं। भाजपा के शासनकाल में उन्हें अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन जब उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मुहिम शुरू हुई तो उपचुनावों के समय मनोज मिन्हास और एक अन्य पार्षद राजकुमार विधिवत रूप में कांग्रेस में शामिल हो गए थे। शायद अविश्वास प्रस्ताव से बचने के लिए यह मुहिम उस समय उनके पक्ष में गई थी, लेकिन कोर्ट के दखल के बाद अब फिर नगर परिषद हमीरपुर अविश्वास प्रस्ताव के शिकंजे में आ गई है। अब होगा क्या, यह तो बाद की बात है। बैठक जब होगी, तब तक क्या गणित बनेगा। क्या मनोज मिन्हास के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाएगा या फिर कोई नई रणनीति की वजह से सत्ता पक्ष मनोज का बचाव कर लेगी?

### पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस महिला अध्यक्ष अनीता वर्मा बोलीं

## बिना मतलब का धरना-प्रदर्शन कर जनता को गुमराह कर रही भाजपा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस महिला अध्यक्ष अनीता वर्मा ने भाजपा द्वारा हमीरपुर में किए गए धरना-प्रदर्शन पर पलटवार किया है। अनीता वर्मा ने कहा कि भाजपा झूठा प्रचार करके जनता को गुमराह करने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जब भाजपा सत्ता में थी, तब भाजपा सरकार ने भी जश्न मनाया था। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ने बीते 5 वर्षों में प्रदेश के लिए अच्छा काम किया होता तो प्रदेश की जनता 2022 के चुनाव में भाजपा को नहीं नकारती। अनीता वर्मा ने कहा कि भाजपा क्यों रोष रैली निकाल रही है, यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा 2 वर्षों में लोगों के लिए जन हितैषी निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जब भाजपा सत्ता में थी तो भाजपा सरकार द्वारा लगातार 5 वर्षों एचआरटीसी की बसों में भर-भरकर लोगों को ले जाया गया, लेकिन अभी तक भी एचआरटीसी प्रबंधन के भाजपा द्वारा पैसे नहीं चुकाए गए और एचआरटीसी आज घाटे का दंश झेल रही है। अनीता वर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को ऋण में लाने के लिए भाजपा ने अहम कार्य किया है। (अनंत ज्ञान)

### प्राकृतिक खेती से उगाई फसलों को मिल रहे ज्यादा दाम



**नादौन।** कृषि और बागवानी विभाग के सचिव सी. पालरासू ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर प्रेरित एवं प्रोत्साहित कर रही है और इस विधि से पैदा की गई फसलों को रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से उगाई गई फसलों के मुकाबले ज्यादा दाम दे रही है। प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की 30 रुपए और गेहूं 40 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी जा रही है। गांव सेरा के विश्राम गृह में आतमा परियोजना की ओर से आयोजित किसान मेले में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए सी. पालरासू ने बताया कि प्रदेश सरकार ने लगभग 4000 क्विंटल मक्की की खरीद की है, जिससे किसानों को अच्छी आय हुई है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में अभी तक लगभग 2 लाख किसान रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों को छोड़कर प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं और प्रदेश की लगभग 36 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। सी.पालरासू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कार्यभार संभालते ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आय बढ़ाने की दिशा में कई बड़े निर्णय लिए हैं। प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। दूध के दामों में भी भारी वृद्धि की गई है।

## स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का एक्सपर्ट की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन में बने रहे स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में विभिन्न खेलों के एक्सपर्ट की एक संयुक्त टीम जायजा लेने के लिए नादौन पहुंची, खामियां बताईं तथा कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए ताकि नेशनल खेलों का भी आयोजन हो सके और खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिलें।

टीम में आईजीएफसी शिमला से सूटिंग रेंज कोच रविंदर कुमार, वॉलीबाल के इंटरनेशनल कोच एवं प्लेयर जगीर सिंह रंधावा महराजा रणजीत सिंह अवार्डी , हॉकी के इंटरनेशल कोच रोमेश पठानिया, बॉस्केटबाल की कोच नीलम राठौर, वॉलीबाल एसोसिएशन के जिला सचिव रवि पटियाल, वॉलीबाल कोच विक्रम सिंह, लोक निमार्ण विभाग के अधिकारी शामिल थे। इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष शम्मी सोनी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने खेल एक्सपर्ट्स से विभिन्न खेलों बारे विस्तार से चर्चा की।



स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में खेल परिसरों का जायजा लेती टीम।

सूटिंग रेंज एक्सपर्ट रविंदर कुमार ने सुझाव दिया कि सूंटिग रेंज की क्षमता 11 लेन से बढ़ाकर 22 लेन की जाए। उन्होंने कहा कि सूटिंग रेंज परिसर में वॉशरूम की सुविधा भी होना चाहिए क्योंकि जब खिलाड़ी सूटिंग किट पहन लेता है तो उसे दूर जाना मुमकिन नहीं होता। वॉलीबाल के इंटरनेशनल कोच जगीर सिंह रंधावा ने निमार्णाधीन मैदान की हाईट 11.85 मीटर से बढ़ाकर कम से कम 12 मीटर की जाए। वॉलीबाल, बास्केट वाल और बैडमिंटन तीनों खेलें एक जगह ही हो सकती हैं। जिला स्पोर्ट्स अधिकारी पूर्ण सिंह कटोच ने कहा कि इस समय स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निमार्णाधीन है एक्सपर्ट के सुझाव महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा भी अन्य सुझाव दिए गए।

नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी ने कहा कि आज एक्सपर्ट्स ने जो सुझाव दिए हैं। उन बारे नगर परिषद का जो सहयोग चाहिए होगा, दिया जाएगा। मुख्यमंत्री जी से भी इस बारे चर्चा की जाएगी। इंटरनेशल गेमस हो सकें। (अनंत ज्ञान)

## दीपक को उत्तर प्रदेश में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**अमेठी -रायबरेली सहित 11 जिला के प्रभारी बनाए गए**

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दीपक शर्मा को कांग्रेस आलाकमान ने उत्तर प्रदेश में आरंभ होने जा रही किसान सम्मान एवं न्याय पद यात्रा के संदर्भ में लखनऊ एवं अयोध्या मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है। इन दोनों मंडलों में 11 जिला आते हैं, जिनमें राहुल गांधी का संसदीय क्षेत्र रायबरेली और केएल शर्मा का संसदीय क्षेत्र अमेठी भी शामिल है।

गौरतलब है कि दीपक शर्मा अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के नाते जम्मू-कश्मीर एवं झारखंड के भी प्रभारी हैं और किसान कांग्रेस का राष्ट्रीय स्तर पर संचार विभाग भी देख रहे हैं। दीपक शर्मा ने जम्मू-कश्मीर एवं झारखंड में जिस तरह से संगठन को सक्रिय किया, उसको देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें अब उत्तर प्रदेश में भी अहम जिम्मेदारी देकर भरोसा जताया है।

इस बारे में दीपक शर्मा ने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश में किसान कांग्रेस किसान सम्मान एवं न्याय पद यात्रा का शुभारंभ करने जा रही है, जिसमें किसानों की स्थानीय समस्याओं को उठाया जाएगा और किसान आंदोलन के लिए संघर्ष कर रहे किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

दीपक शर्मा ने कहा कि जो विश्वास कांग्रेस आलाकमान ने उनमें जताया है और जो भी जिम्मेदारी दी है, उसको पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने इसके लिए पार्टी आलाकमान विशेषत: राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, किशोरी लाल शर्मा, सुखपाल सिंह खैरा, अजय राय का आभार व्यक्त किया।

### अणू में अग्निवीर भर्ती का फिजिकल टेस्ट 17 जनवरी से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती की संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास करने वाले हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिले के युवाओं का फिजिकल टेस्ट एवं मेडिकल परीक्षण 17 से 24 जनवरी तक अणू के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड एवं डिग्री कॉलेज के परिसर में किया जाएगा।

थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि फिजिकल टेस्ट एवं मेडिकल परीक्षण के लिए पात्र उम्मीदवारों को शीघ्र ही कॉल लेटर जारी कर दिए जाएंगे। ये कॉल लेटर ज्वाइन इंडियन आर्मी वेब पोर्टल के माध्यम से जारी किए जाएंगे।

**समस्या** रैली जजरी से हमीरपुर जा रही निगम की बस रास्ते में खराब, यात्रियों को झेलनी पड़ी परेशानी

## रूट पर भेजी जाने वाली बसें अक्सर रहती हैं खराब, शीशे तक नहीं

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

एचआरटीसी डिपो हमीरपुर का रैली जजरी से हमीरपुर तक चलने वाले कमाऊ रूट पर जाने वाली बस पिछले कई दिनों से लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। हालात यह है कि लगभग पिछले दो दशकों से चलाए जा रहे इस रूट पर अब ऐसी खटारा बसों को भेजा जा रहा है जो अक्सर रास्ते में ही खराब हो जा रही हैं।

हैरानी यह है कि बसों के शीशे तक नहीं है, जिससे लोग इन दिनों ठिठुरते रहते है। यही नहीं बस के मुख्य दरबाजे तक खराब पड़े हुए हैं। जेएनएनयूआरएम की इन बसों के दरबाजे खराब होने के चलते उन्हें खोलकर बांध दिया जाता है, इससे सवारियों की जिंदगी से भी खेला जा रहा है। हैरानी यह है कि जब इस बारे निगम के संबंधित अधिकारी से बात की जाती है तो केवल देखते हैं की बात कह कर पल्लू झाड़ लिया जाता है। इसी कड़ी तहत रैली जजरी बस मंगलवार सुबह को करीब 9 बजे के आसपास बस भोटा के पास खराब हो गई। स्थानीय लोगों और सवारियों ने बताया कि



रास्ते में खराब पड़ी बस तथा परेशान यात्री।

**निगम अधिकारी बोले-जल्द होगा यात्रियों की समस्या का समाधान**

शनिवार के दिन शाम 6.30 के समय भोटा के समीप नारायण नगर में यह बस खराब हो गई थी, जिसके चलते रैली जजरी जाने वाली सवारियों को रात के समय टैक्सी का सहारा लेकर घर पहुंचना पड़ा। रात के समय टैक्सी चालक भी मुंह मांगी रकम वसूल करते हैं। स्थानीय लोगों ने एचआरटीसी प्रबंधन से गुहार लगाई है कि इस बस सर्विस को सही ढंग से चलाया जाए। इस रूट पर जो एचआरटीसी की बस भेजी जाती है, वह अक्सर खराब रहती है। इस बस सेवा में अक्सर ड्यूटी पर जाने वाले लोग और स्कूली बच्चे तथा कॉलेज के छात्र यात्रा करते हैं, लेकिन यह बस आए दिन रास्ते मे ही दम तोड़ देती है। इसके चलते लोगों को अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। हमीरपुर डिपो में इसी बस की बात नहीं है, बल्कि अन्य कई स्थानों पर भेजी जा रही ऐसी बसों की आए दिन किसी न किसी रूट की बस आपको कहीं न कहीं सड़क के किनारे खड़ी मिलेगी जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा अन्य कई कलपुर्जे खराब होने पर भी ये बसें कहीं न कहीं खड़ी दिखाई देती है।

हमीरपुर डीडीएम राजकुमार पाठक ने कहा कि मीडिया के माध्यम से बस खराब होने का पता चला है और जल्द ही मैकेनिकल स्टाफ को मौके पर भेजा जाएगा और बस को ठीक करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## नए साल में नए जोश के साथ कार्य करें पुलिस अधिकारी, लंबित मामलों का करें शीघ्र निपटारा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**मासिक संयुक्त सलाहकार व कल्याण समिति तथा अपराध बैठक आयोजित**

मासिक संयुक्त सलाहकार व कल्याण समिति की ऑनलाइन वर्चुअल बैठक पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यह वर्ष 2024 की अंतिम बैठक थी, जिसमें जिले के सभी थानों, चौकियों तथा इकाइयों में तैनात सभी कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित मुद्दों को सुना गया व पुलिस कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित जरूरतों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

नए साल जनवरी 2025 में यह बैठक आयोजित की जाएगी। नए साल में नए जोश के साथ पुलिस अधिकारी व कर्मचारी काम करेंगे। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उपमंडलीय पुलिस अधिकारी बड़सर रेनु शर्मा, उपपुलिस अधीक्षक (मु.) हमीरपुर नितीन चैहान, उपपुलिस अधीक्षक (एलआर) सुनील दत्त ठाकुर हमीरपुर तथा जिला पुलिस हमीरपुर के समस्त थाना प्रबंधक अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पूर्व में घटित सभी मामलों की जांच कर उनका निपटारा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला में कानून व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए समीक्षा की गई तथा समस्त पर्यवेक्षक अधिकारियों, थाना एवं पुलिस चौकी प्रभारियों को सभी लंबित अभियोगों के अन्वेषण को तुरंत पूर्ण करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। सभी थाना एवं पुलिस चौकी प्रभारियों को **वाड** हमीरपुर कार्यक्रम को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सुचारु रूप से संचालित करने तथा मादक पदार्थ विक्रेताओं व मादक पदार्थ उपलब्ध करने वालों, शराब तस्करी व अवैध माल वितरण करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान को जारी रखने व कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस दौरान सभी थाना व पुलिस चौकी के प्रभारियों तथा पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कर्तव्य निर्वहन के साथ-साथ अपनी सेहत व स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें।

विशेषत ठंड के मौसम में गर्म व ऊनी कपड़ों का प्रयोग करें। प्रतिदिन नियमित व्यायाम करना सुनिश्चित करें तथा नियमित रूप से खेलकूद गतिविधियों में भी अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मचारियों को अपना काम करते समय आम लोगों के साथ पेशेवर, निष्पक्ष तथा शिष्ट व्यवहार करने के भी दिशा-निर्देश जारी किए। (अनंत ज्ञान)

### रेलवे गेट कीपरों के लिए हमीरपुर में भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती 19 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय रेलवे के अहमदाबाद, भावनगर और राजकोट डिवीजनों में गेटकीपरों के पदों के लिए चेकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड 19 दिसंबर को सुबह 10 बजे हमीरपुर के सैनिक विश्रामगृह में थल सेना के भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती करेगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इस भर्ती में 54 वर्ष तक की आयु के दसवीं पास भूतपूर्व सैनिक भाग ले सकते हैं। चयनित भूतपूर्व सैनिकों को 33 से 35 हजार रुपए तक वेतन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें खाने और रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। भर्ती के इच्छुक भूतपूर्व सैनिक अपने साथ डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, एक्स सर्विसमैन का पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसपी कार्यालय द्वारा जारी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट, बैंक पासबुक या कैंसल्ड चेक, दसवीं कक्षा की अंक तालिका और 10 पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं। उपनिदेशक ने बताया कि उम्मीदवारों की मेडिकल कैटेगरी शेप-1 होनी चाहिए।

### भाजपा ने विरोध प्रदर्शनों के नाम पर सत्ता से बाहर होने का मातम मनाया : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के तथाकथित विरोध प्रदर्शनों में सरकार के खिलाफ किए गए दुष्प्रचार का बिलासपुर रैली में माकूल जवाब दिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि विपक्षी दल के रूप में भाजपा ने लगातार सरकार के खिलाफ षड्यंत्रों को अंजाम देने तथा जनता को गुमराह करने का प्रयास किया जबकि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णयों से प्रदेश में पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का कार्य किया। खनन माफिया को सरंक्षण देने का आरोप लगाने वालों के शासनकाल में ही खनन और शराब माफिया का बोलबाला था जबकि कांग्रेस सरकार ने ऐसे माफियाओं पर नकेल लगा कर 2200 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया। कौशल ने कहा कि भाजपाइयों ने विरोध प्रदर्शनों के नाम पर वास्तव में सत्ता से बेदखल होने के दो वर्ष पूर्ण होने का मातम ही मनाया।

### भोरंज कॉलेज महाविद्यालयों की टैंटेटिव इंटरनल रैंकिंग में प्रथम स्थान पर




**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के राजकीय महाविद्यालय भोरंज ने हॉल ही में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों की टैंटेटिव इंटरनल रैंकिंग में टियर-11 के महाविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ओवर ऑल रैंकिंग में 12वां स्थान पाया है जोकि ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालय के लिए विशिष्ट उपलब्धि है। इस उपलब्धि को प्राप्त करने के पीछे महाविद्यालय प्रशासन का आए दिन प्रगति के पथ पर अग्रसर होना व नवीन योजनाओं को अपनाना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर की इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका है।

### सांसद खेल महाकुंभ भाग-3 के लिए 15 दिसंबर तक होगा पंजीकरण, मिलेंगे 21 लाख के पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हर बार की तरह इस बार भी सांसद खेल महाकुंभ को लेकर युवाओं में गहरा उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष कपिल मोहन शामा ने बताया कि सांसद खेल महाकुंभ भाग 3 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है, खिलाड़ी 15 दिसंबर तक अपनी टीमें ऑनलाइन लिंक (https://saansadkhelmahakumbh.com/sansad-khel-mahakumbhregistration/) पर जाकर पंजीकृत करवा सकते हैं। पहले चरण में युवाओं के लिए क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबाल के लिए पंजीकरण करवाया जा रहा है। सांसद खेल महाकुंभ भाग 3 में खिलाड़ियों के लिए 21 लाख रुपए तक के इनाम वितरित किए जाएंगे। विधानसभा स्तर पर विजेता टीमों को क्रिकेट के लिए प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के लिए 21000, 11000, 5100 रुपए व वॉलीबाल, कबड्डी के लिए 11000, 5100, 3100 से पुरस्कृत किया जाएगा। हर मैच में राष्ट्रीयगान के उपरांत युवाओं को नशा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रतिज्ञा दिलाने का कार्यक्रम रहेगा।

### सुक्खू बताएं सरकार के जश्न से कांग्रेस के केंद्रीय नेताओं ने क्यों बनाई दूरी : राणा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार के दो साल पूरे होने पर 11 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित जश्न को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस समारोह में कांग्रेस की केंद्रीय लीडरशिप के एक भी नेता का नाम निमंत्रण पत्र में नहीं होना स्पष्ट करता है कि पार्टी आलाकमान ने सुक्खू सरकार से दूरी बना ली है। उन्होंने कहा कि सुक्खू बताएं कि केंद्रीय नेताओं ने जश्न से दूरी क्यों बनाई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत धरोग**
विकास खंड हमीरपुर, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)
**निविदा आमंत्रण सूचना**
विभिन्न मदों के तहत 31 मार्च 2025 तक करवाए जाने वाले विकास कार्य के लिए क्रैशर रेता, क्रैशर बजरी, बोल्डर ,गटका स्टोन, कट स्टोन,ईंटें, बिल्डिंग मैटीरियल, सीमेंट ढुलाई, कंक्रीट बोर्ड, सटरिंग आदि सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्म के पास जीएसटी नंबर, वाहन व उसके कागज होना आवश्यक है। सामग्री के साथ M फार्म उपलब्ध करवाने होंगे। निविदाएं 16 दिसंबर 2024 तक मोहर बंद लिफाफे में पंचायत कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। सभी निवदाएं 17 दिसंबर 20 24 को प्रात: 11 बजे निवेदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेंगी। सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर ली जाएगी। सामग्री की आपूर्ति में विफल रहने व सामग्री की गुणवत्ता ठीक न होने पर निविदा रद्द कर दी जायेगी। निविदाएँ रद्द करने का पूर्ण अधिकार पंचायत का होगा। पंचायत का निर्णय अंतिम निर्णय होगा।
प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत धरोग

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार के जश्न को देखकर बौखलाए जयराम : ब्रह्मदास



अनंत ज्ञान, मंडी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि भाजपा और उसके नेता कांग्रेस सरकार के दो साल के जश्न को देखकर बौखलाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के विरोध को लेकर किए गए कार्यक्रम केवल दो जिलों तक ही सीमित रह गए। आज भाजपा में इतनी बौखलाहट है कि भाषा की मर्यादा तक भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि महज दो साल में सरकार ने गारंटियों को पूरा किया है। उसके साथ हिमाचल को भी आत्मनिर्भर बनाने को ओर काम शुरू कर दिया। बिलासपुर में जश्न समारोह में नाचन से हजारों कार्यकर्ता जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम की बौखलाहट इसी बात से दिख जाती है कि शिमला के बजाए मंडी में अपनी ताकत दिखा रहे हैं, जहां उनका अपना गृह क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि सोमवार को हुए सरकार विरोधी प्रदर्शन में जनता ने उनकी कमजोर पड़ती ताकत देख ली, जबकि उनके मंडी के 9 चुने हुए विधायक भी अपने इलाके के लोग नहीं जुटा पाए।

### गुरु गोबिंद सिंह स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह



अनंत ज्ञान, मंडी। गुरु गोबिंद सिंह वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संस्कृत सदन मंडी में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने शिरकत की। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अंजू शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि को शाल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि के समक्ष पूरे वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। अपने संबोधन में मुख्यातिथि अपूर्व देवगन ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना की उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारते है।

### कृषि विज्ञान केंद्र में 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



उमेश, सुंदरनगर। हिमाचल प्रदेश के सामान्य सेवा केंद्रों, किसान उत्पादक संगठनों और सहकारी संस्थाओं के धारकों के लिए कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर में 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांच जिलों कुल्लू, मंडी, बिलासपुर, कांगड़ा और सोलन के कुल 18 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। गौरतलब है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और सामान्य सेवा केंद्रों, किसान उत्पादक संगठनों के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत आयोजित किया गया। 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नवीन कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. विनोद कुमार शर्मा वशिष्ठ अतिथि रहे।

### ढांक से छलांग लगाकर 28 वर्षीय युवक ने किया सुसाइड

आजम डार, तीसा। जिला चम्बा के उपमंडल चुराह के अधीन रवखालू माता मंदिर के समीप मंगलवार देर शाम को एक युवक ने अपनी जान बचाने का बहाना लगाकर ढांक से छलांग लगा कर अपनी जान खत्म कर दी युवक टेक्सी में सवार होकर बद्दी से तीसा अपने घर की तरफ आ रहा तो रवखालू माता मंदिर के पास पहुंच कर युवक ने चालक को गाड़ी किनारे लगाने को कहा जिसके बाद युवक गाड़ी से उतरते ही ढांक से निचे गिर गया जानकारी के अनुसार युवक मानसिक तौर पर भी अस्वस्थ चल रहा था मोके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन विभाग ने शव को खाई से बाहर निकालने का प्रयास किया किन्तु शव को बाहर नहीं निकाल पाए कल शव को बाहर निकाला जाएगा और युवक की पहचान मुकेश कुमार पुत्र लाल चंद गांव सुलाना डाकघर भंजराड़ तहसील चुराह जिला चम्बा उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है।

### गाड़ी से 2.17 ग्राम हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। थाना सरकाघाट पुलिस ने बर बरच्छवाड़ स्थित राजकीय महाविद्यालय के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप (नंबर एचपी67ए-1164) से 2.17 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की। यह गाड़ी तत्ताहर से सरकाघाट की ओर जा रही थी। गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम विनोद कुमार (31) पुत्र रमेश कुमार जिला हमीरपुर बताया। साथ वाली सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रोमिल कुमार (39) पुत्र भाग सिंह हमीरपुर बताया। गाड़ी की तलाशी के दौरान डैशबोर्ड से 2.17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि हिमाचल के नशा मुक्त अभियान में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### सरकार जश्न में खर्च करने जा रही करोड़ों रुपए : टंडन

अनंत ज्ञान, शिमला। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने कहा जनाक्रोश रैली का मुख्य उद्देश्य जिस तरीके से सुक्खू की सरकार ने अपना फैसला किया कि हम दो साल का कार्यकाल मनाने के लिए कार्यक्रम रख रहे हैं और उस कार्यक्रम में करोड़ों रुपए खर्चे करने जा रहे हैं। जिस तरीके से उन्होंने 1500 रुपए हमारी बहने वह अपना पर्स खोल खोल के दिखा रही हैं, लेकिन उनको 1500 नहीं मिले और उससे भी आगे बढ़कर लोकसभा के चुनाव में उन्होंने बड़ा पैसा देने का एक और वायदा किया था, लोगों से साइन भी कराए जैसे ही कोई चुनाव आता है तो इनका यह 1500 रु का ड्रामा फिर शुरू हो जाता है। जनता सब समझ गई है, यह उसी तरीके से है जैसे थोथा चना बाजे घना और यह थोथा चना कितनी बार इसी तरीके से दिखाई जाएंगे। यह जो डफली है वो बजने वाली नहीं है।

# बांग्लादेश में अत्याचारों के खिलाफ चंबा में प्रदर्शन

## सनातन हिंदू रक्षा मंच ने मुख्यालय में निकाली आक्रोश रैली

अनंत ज्ञान, चंबा




रोष रैली निकालते हुए सनातन हिंदू रक्षा मंच के सदस्य।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को सनातन हिंदू रक्षा मंच चंबा के सदस्यों ने मुख्यालय में आक्रोश रैली निकाली व धरना प्रदर्शन किया। भारी संख्या में जन समूह ने चंबा मुख्यालय में पहुंच कर बांग्लादेश में हिंदुओं व अल्पसंख्यकों से किए जा रहे अत्याचार को लेकर चिंता व्यक्त की साथ ही उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर बांग्लादेश में हिंदुओं से अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अम्ल में लाने की मांग की।

सनातन हिंदू रक्षा मंच के संयोजक नितिन गुप्ता, सह संयोजक नरेश महाजन व वंदना चड्ढा सहित अन्य का कहना है कि मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के गठन के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ गई है। बांग्लादेश में आगजनी, लूटपाट और हिंदू मंदिरों को तोड़ने व अपवित्र करने की कई घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे इन अत्याचारों के पीछे बांग्लादेश और पाकिस्तान में प्रचलित चरमपंथी विचारधारा है।

बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद पिछले चार महीनों से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है, इस दौरान निर्दोष अल्पसंख्यक सनातन हिंदू अनुयायियों के साथ-साथ वहां रहने वाले सिख, बौद्ध और जैन समुदाय के धर्मनिष्ठ नागरिकों पर भी हमले किए जा रहे हैं।

बांग्लादेश में लगातार हो रही हिंसा, अपहरण, बलात्कार, लूटपाट, आगजनी, उत्पीड़न और प्रमुख नागरिकों एवं संतों की गिरफ्तारी से भारत में भी समाज क्षुब्ध एवं आक्रोशित है, लेकिन बांग्लादेश सरकार और प्रशासन उन्हें किसी भी प्रकार की सुरक्षा प्रदान नहीं कर रही है, इसलिए हिंदू समुदाय एक अनाथ समाज की तरह बन गया है। उन्होंने राष्ट्रपति को सौंपे ज्ञापन में मांग की है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अम्ल में लाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही उन हिंदू संतों की रिहाई की जाए, जिन्हें गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेश में हिंदू समाज के मानवाधिकारों की रक्षा को लेकर सरकार जरूरी कदम उठाए।

### लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी : अंकुर

चंबा। समग्र शिक्षा के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास हिमगिरी में गर्ल्स रीवार्डिंग व फेसिलिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उप मंडल अधिकारी तीसा अंकुर ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं उप शिक्षा निदेशक क्वालिटी कंट्रोल भाग सिंह चौहान तथा जिला मीडिया समन्वयक डॉक्टर कविता बिजलवान विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। दीप प्रज्जलन के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। स्कूल प्रधानाचार्य वीर सिंह ठाकुर तथा छात्रावास स्टाफ मुख्यातिथि व विशेष अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान छात्रावास की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की लोक नृत्य, लघु नाटिका, गीत सहित अन्य तरह की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण पर अभिनीत लघु नाटिका काफी प्रेरणास्पद रही।

इसके अलावा चुराही तथा भरमौरी नाटी कार्यक्रम का आकर्षण रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम तीसा अंकुर ठाकुर ने छात्रावास की बालिकाओं दिन रात मेहन कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि यदि जीवन में कुछ बनने का लक्ष्य तय कर लें तो मेहनत व लग्न से इसे हमेशा पूरा किया जाए।

# मेडिकल कॉलेज चंबा में आभा कार्ड अनिवार्य, बिना आईडी नहीं बनेगी पर्ची

अनंत ज्ञान, चंबा

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में मरीजों के लिए आभा कार्ड को पर्ची बनाने के लिए अनिवार्य कर दिया है।

अब से मरीजों को इलाज के लिए पर्ची प्राप्त करने के लिए अपनी आभा आईडी बतानी होगी। जिन लोगों ने अभी तक आभा कार्ड नहीं बनवाया है, वे मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन कक्ष के बाहर लगे काउंटर पर इसे बना सकते हैं। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में बिना आभा कार्ड के किसी भी मरीज की पर्ची नहीं बनाई जाएगी। हालांकि, वर्तमान में जिनके आभा कार्ड नहीं बने हैं, उनकी पर्ची बनाई जा रही है, लेकिन यह प्रक्रिया जल्द ही बंद हो जाएगी। बिना आभा कार्ड के इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मेडिकल कॉलेज चंबा में जिला की पौने छह लाख आबादी स्वास्थ्य सेवा पाने के लिए निर्भर है। विशेषज्ञ की सेवाएं लोगों को सिर्फ मेडिकल कॉलेज में ही मिलती हैं। इसलिए रोजाना यहां 700 से 800 की ओपीडी रहती है। आभा कार्ड का मुख्य उद्देश्य मरीजों का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखना है, जिससे डॉक्टर को मरीज का पुराना इलाज और दवाइयां आसानी से उपलब्ध हो सकें। इस कदम से डॉक्टरों को इलाज में मदद मिलेगी, और मरीजों को भी अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड संभालने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। पर्ची काउंटर में कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रबंधन की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि वे पर्ची बनाते सम मरीज की आभा आईडी उसमें जरूर अंकित करें। मरीज का पूरा रिकॉर्ड आभा आईडी में ऑनलाइन दर्ज हो जाएगा।

### 14 अंकों का यूनिक नंबर है आभा हेल्थ आईडी कार्ड

आभा नंबर डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली का हिस्सा बनने के लिए ऐसा कदम है, जो आपके स्वास्थ्य रिकार्ड को पेपरलेस बनाता है। आभा हेल्थ आईडी कार्ड एक 14 अंकों का यूनिक नंबर है, जिसके साथ आप अपने सभी स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप है। आभा अकाउंट के तहत बैंक अकाउंट की तरह ही अब आम लोगों का एक हेल्थ आईडी बनेगी।

आभा कार्ड को पर्ची बनाने के लिए अनिवार्य किया गया है। फिलहाल जिन लोगों के आभा कार्ड नहीं बने हैं। उनकी भी पर्ची बनाई जा रही है। लेकिन लोगों को आभा कार्ड बनाना जरूरी है। क्योंकि भविष्य में इसके बिना पर्ची नहीं बनाई जाएगी।

–डॉ. मानिक सहगल, प्रवक्ता, मेडिकल कॉलेज चंबा।

# विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का प्रवास कार्यक्रम जारी

अनंत ज्ञान, चंबा

विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार वे 12 से 14 दिसंबर तक चंबा प्रभास पर रहेंगे। 11 दिसंबर को सायं 8 बजे वे सिहुंता पहुंचेंगे।

12 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घटासनी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। 13 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष विश्रामगृह लोक निर्माण चुवाड़ी में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर को कुलदीप सिंह पठानिया एसएसआरबी नर्सिंग संस्थान काकीरा के 12वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे और नर्सिंग संस्थान के नए शैक्षणिक ब्लॉक का भी उद्घाटन करेंगे। इसी तरह 15 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष ग्राम पंचायत थेड़ के गांव गटला (नूरपुर) कांगड़ा में 11:30 बजे चिल्ड्रन मेमोरियल मीनार की आधारशिला रखेंगे। 16 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष 12:30 बजे सिहुंता से तपोवन(धर्मशाला)के लिए रवाना होंगे।

### लंबित मांगों को मनवाने का कार्य करेगी नई कार्यकारिणी : दीप शर्मा

मंडी। केंद्रीय भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संघ कल्याण कि आम सभा की बैठक भीमा काली मंदिर परिसर में आयोजित की गई।

बैठक के दौरान नए कार्यकारी के गठन किया गया और आम सभा की में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को ही नियमित चलते रहने पर सहमति जताई। कार्यकारिणी में प्रधान दीप कुमार शर्मा, उपप्रधान लच्छ राम, सचिव लाभ सिंह, सहसचिव अरुणेश शर्मा, कोषाध्यक्ष तारा सिंह को चुना गया।

प्रधान दीप कुमार ने बताया कि भूतपूर्व अर्धसैनिकों की लंबित मांगों को मनवाने का प्रयास किया जाएगा।

# कशमल की जड़ों से भरे ट्रक न रोकने पर डिप्टी रेंजर और कर्मचारी को नोटिस

अनंत ज्ञान, चंबा

वन विभाग ने बैरियर पर ड्यूटी में कोताही बरतने पर डिप्टी रेंजर और फॉरेस्ट वर्कर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कर्मचारियों को दो दिन में नोटिस का जवाब मांगा है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर विभाग इन दोनों कर्मचारियों को सस्पेंड कर सकता है। वन मंडल अधिकारी चुराह ने इन दोनों कर्मचारियों को रविवार रात को सलूणी बैरियर पर ड्यूटी में कोताही बरतते पाया। सूर्यास्त के बाद कशमल की जड़ों की गाड़ी बैरियर से आगे नहीं जानी चाहिए थी।

**संतोषजनक जवाब न मिलने पर दोनों कर्मचारी हो सकते हैं सस्पेंड**

लेकिन, जब रविवार रात करीब दस बजे वन मंडल अधिकारी ने धारगला में नाका लगाकर कशमल की जड़ों से भरे तीन ट्रकों को पकड़ा तो उसमें उन्हें इस बात के प्रमाण मिले कि यह ट्रक सूर्यास्त के बाद बैरियर क्रास कर निकले थे। इसका पता लगाने के लिए वन मंडल अधिकारी अपनी टीम के साथ रात को बैरियर में पहुंच गए। उन्होंने वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो उसमें यह साफ देखा गया कि ट्रक विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से निकाले गए। इसको लेकर उन्होंने कर्मचारियों को लताड़ लगाई और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके अलावा तीन ट्रकों को उन्होंने जब्त किया।

इन ट्रकों में लदे कशमल की जड़ों की जांच की गई तो उसमें 80 क्विंटल जड़ें अतिरिक्त निकलीं। इसको लेकर उन्होंने संबंधित ठेकेदारों के कशमल निकालने के परमिट भी स्थगित कर दिए हैं।

# डिजिटल लेनदेन में न करें ओटीपी व निजी जानकारी साझा

मुकेश कुमार, डलहौजी




जागरूकता कार्यक्रम के दौरान गणमान्य।

देश भर में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना के तहत आज बनीखेत में रिजर्व बैंक लोकपाल कार्यालय शिमला द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय व्यापारियों, समस्त स्थानीय बैंक कर्मचारी, अधिकारी एवं कॉलेज के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन में जीएम आरबीआई शिव कुमार यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जिन्हें लीड बैंक प्रबंधन चंबा द्वारा शाल टोपी एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस आयोजन का संचालन डीसी चौहान एलएमडी लीड बैंक चंबा द्वारा किया गया। जीएम शिवकुमार यादव ने आए हुए लोगों को आजकल हो रहे विभिन्न प्रकार के होने वाली डिजिटल धोखाधड़ी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के डिजिटल लेनदेन करने वाले व्यक्ति को चाहिए कि वह किसी से अपना ओटीपी तथा अपनी निजी जानकारियां सांझा न करें जिसका लाभ उठाकर धोखाधड़ी करने वाले आपको आसानी से निशाना बना सके।

इसके इलावा एजीएम अनिल पंडोत्रा ने आए हुए सभी लोगों का अपने संबोधन में स्वागत किया आए हुए सभी लोगों से बैंकिंग लेनदेन के संबंधी समस्याओं तथा शंकाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की तथा आए हुए लोगों के सवालों पर जवाब देते हुए उनके उत्तर भी दिए।

आरबीआई द्वारा यह अभियान हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में चलाए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत आज बनीखेत के चिनार पैलेस में भी इसका आयोजन किया गया। इस आयोजन में व्यापार मंडल के प्रधान संजीव ठाकुर, उपप्रधान वेद प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरजीत ठाकुर के इलावा बैंकों के अधिकारी कर्मचारी तथा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विभागीय योजनाओं से लोगों को करें जागरूक

अनंत ज्ञान, चंबा। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता उपमंडल मुख्यालय सलूणी में विभिन्न विभागों से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हो रहे सड़कों के कार्यों में तेजी लाने के अलावा कृषि तथा बागवानी विभागों से संबंधित योजनाओं बारे आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभाग के माध्यम से द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे लोगों को जागरूकता शिवरों के माध्यम से जागरूक व प्रेरित किया जाए।

# शिविर में 88 श्रमिकों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच




कैंप के दौरान मौजूद गणमान्य।

अनंत ज्ञान, चंबा

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड कार्यालय चंबा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कूंर में निर्माणधीन शिवालिक हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 88 श्रमिकों के ब्लड प्रेशर, मधुमेह, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, सी, सिफलिस और टीबी इत्यादि से संबंधित रोगों की निशुल्क जांच की गई तथा उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई।

जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिवरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्रों में काम कर रहे कामगारों को उनके घर द्वार पर ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

### सूडोकु 0012 (कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0011 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# विधानसभा में याचिका समिति का गठन

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 28 वर्षों बाद याचिका समिति का गठन किया गया है। हिप्र विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां स्वयं इस समिति के सभापति होंगे।

इससे पूर्व यह समिति छठी तथा सातवीं विधान सभा तथा अस्तित्व में रही, लेकिन उसके बाद विधान सभा में इसका गठन नहीं किया गया था। इस समिति में सत्तापक्ष तथा प्रतिपक्ष दोनों के सदस्य शामिल किए गए हैं। जिनमें ऊना के विधायक सत्तपाल सिंह सत्ती, पच्छाद की विधायक रीना कश्यप, धर्मपुर के विधायक चन्द्रशेखर तथा लाहौल-स्पिति की विधायक अनुराधा राणा शामिल है। जबकि विधान सभा सचिव यशपाल शर्मा समिति अधिकारी होंगे।

कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि यह उन आम जनों के लिए राहत है जो अपने जनहित के मामलों को सुलझाने के लिए न्यायलय का दरवाजा खटखटाने के लिए मज़बूर होते हैं वे अब विधानसभा से याचिका समिति के माध्यम से बिना पैसे खर्च किए शीघ्र न्याय पा सकते हैं।

# बच्चों को एड्स के खिलाफ दी जानकारी

अनंत ज्ञान, डलहौजी




हिमाचल प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी एवं ओशन संस्था के परस्पर सहयोग से आज गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बनीखेत में इट्स जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर कंवर विश्व दीपक द्वारा की गई। इस आयोजन में डॉक्टर दीपक द्वारा एचआईवी से संबंधित अनेक प्रकार के शंकाओं को दूर करते हुए बच्चों को एड्स के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी सांझा की। उन्होंने बताया कि एड्स का तब तक पता नहीं चलता जब तक हम खून की जांच नहीं करवाते हैं अगर इसको हमने समय रहते जांच नहीं करवाई तो बाद में यही संक्रमण एड्स जैसी जानलेवा बीमारी बन जाता है और फिर इसका इलाज संभव नहीं है इससे बचने का उपाय सिर्फ जागरूकता मात्र ही है।

डॉक्टर कंवर ने यौन संचारित रोग तथा टीवी जैसी बीमारियों पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने एआरटी के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारियां सांचा की इस अवसर पर डॉक्टर मनोज कुमार, संजय कुमार, सतनाम सिंह, रजनी राजकुमार तथा संस्था से प्रमोद कुमार शर्मा राजकुमार तथा साहिब भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

11 दिसंबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** एकादशी (01:11): **नक्षत्र** रेवती (11:48), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** वरियान (06:47) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:14 - 01:32)।

### विशेष दिन

- 11 दिसम्बर 2024 : श्री गीता जयंती आज।
- 11 दिसंबर 2024 : मौनी एकादशी आज।

**मेष:** परिवार के सदस्यों से आवश्यक सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के विशेष योग बन रहे हैं। वाणी पर संयम बनाए रखें और क्रोध पर काबू रखें।

**वृषभ:** पुरानी चली आ रही समस्याओं का अंत होगा। मनोबल और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारियों से सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आज का दिन खर्चीला रह सकता है, बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। जमा धन में कमी या खास जरूरत से कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कर्क:** आज का दिन शुभफलदायी रहने वाला है। निवेश के मामले में जोखिम भी ले सकते हैं, लाभ मिलेगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

**सिंह :** आज का दिन व्यस्तता में बीतेगा, काम का दबाव बना रह सकता है। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या :** धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि रहेगी। मानसिक सुख-शांति की अनुभूति होगी। भाग्य सहायक होगा, नए अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आज दिन संभलकर बिताएं, स्वास्थ्य नरम रहेगा। अजनबी लोगों पर अधिक भरोसा ना करें नहीं तो परेशानी हो सकती है।

**वृश्चिक:** सितारे अनुकूल रहेंगे। परिवार में खुशी और आनंद का माहौल रहेगा। मित्रों और निकट संबंधियों से सहयोग मिलेगा। शेयर में निवेश करना लाभप्रद होगा।

**धनु :** अचानक कोई शुभ समाचार मिल सकता है। कहीं से रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आपके प्रभाव में वृद्धि होगी, शत्रु पराजित होंगे।

**मकर :** दिन उत्साह में बीतेगा। हंसी-मजाक के मूड में रहेंगे। बुद्धि विवेक से आप स्थितियों को अनुकूल बना सकते हैं, सफलता आपके कदम चूमेगी।

**कुंभ :** आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना चाहिए। अपने काम से मतलब रखें इसी में आपकी भलाई है। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए।

**मीन:** आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। मेहनत और लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। सर्दी जुकाम की समस्या थोड़ी परेशान कर सकती है।

# अधिकारियों को पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए : पंकज

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज जमवाल ने कांग्रेस नेता द्वारा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में अधिकारियों की बैठक बुलाने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस नेता किस हैसियत से ऐसी बैठक बुला सकते हैं। जमवाल ने कहा कि अधिकारियों को अपने पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए और ऐसी बैठकों से बचना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा दोबारा हुआ, तो अधिकारियों का भी विरोध किया जाएगा।

पंकज जमवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार का दो साल का कार्यकाल प्रदेश के लिए किसी काले अध्याय से कम नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार झूठे वादों के सहारे जनता को गुमराह कर रही है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस को अपनी नाकामियों के लिए जनता से माफी मांगनी चाहिए, लेकिन इसके विपरीत, सरकार दो साल की उपलब्धियों का महिमामंडन कर रही है।

भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस सरकार पर बिजली सब्सिडी खत्म करने और पानी के बिलों में ढाई गुना बढ़ोतरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के समय मिलने वाली सुविधाएं अब समाप्त हो चुकी हैं, जिससे किसान, बागवान, मजदूर और कारोबारी सभी परेशान हैं।

जमवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार भाजपा कार्यकाल के विकास कार्यों का उद्घाटन कर अपनी पीठ थपथपाने में लगी है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं और जनता का सरकार से भरोसा उठ चुका है। उन्होंने सुक्खू सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की विश्वसनीयता का ग्राफ तेजी से गिर रहा है, जो पहले किसी सरकार के साथ नहीं हुआ।

भाजपा नेता ने अधिकारियों को भी सलाह दी कि वे राजनीतिक हस्तक्षेप से बचें और अपने पद की गरिमा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनता की सेवा में जुटना चाहिए न कि राजनीतिक दलों के कार्यों में संलिप्त होना चाहिए।

# परिवार का सहारा बनी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति व सुरक्षा बीमा योजना

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला चंबा की ग्राम पंचायत झुलाड़ा के बनाड़ गांव के काकू राम के पारिवारिक सदस्यों के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहारा बनी हैं।

हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की भद्रम शाखा के प्रबंधक मनजीत सिंह ने झुलाड़ा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में काकू राम के पिता रसीला राम और पत्नी लता देवी को चार लाख रुपए की क्लेम राशि सौंपी है। जानकारी के अनुसार बनाड़ गांव के काकू राम की मई 2024 में एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। काकू ने हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की भद्रम शाखा से अपने बैंक खाते के जरिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा लिया हुआ था। काकू की मौत के बाद बैंक प्रबंधन ने परिजनों को जानकारी देने के साथ ही बीमा की क्लेम राशि के दस्तावेज बनाकर उच्च कार्यालय में मंजूरी के लिए भेजे थे। बैंक प्रबंधन ने कागजी प्रक्रिया निपटाने के बाद मंगलवार को काकू की पत्नी और पिता को दो- दो लाख रुपए की राशि सौंपी है। इस हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की भद्रम शाखा के प्रबंधक मनजीत सिंह ने कहा कि योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।

यदि आप चाहते हैं कि दूसरे खुश रहें, तो करुणा का अभ्यास करें। यदि आप खुश रहना चाहते हैं, तो करुणा का अभ्यास करें। -दलाई लामा

## संपादकीय

# क्या जाएगी धनखड़ की कुर्सी ?

विपक्षी गठबंधन ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया है। प्रस्ताव पर राज्यसभा सदस्यों के बकायदा हस्ताक्षर करवाए गए हैं। विपक्षी गठबंधन धनखड़ के खिलाफ पूरी तरह से एकजुट है। देश के इतिहास में यह पहला मौका है, जब राज्यसभा के किसी सभापति के खिलाफ विपक्ष की तरफ से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। हालांकि, सदन का जो संख्याबल है, उससे सभापति की कुर्सी से धनखड़ को हटाना आसान नहीं है। राज्यसभा और लोकसभा दोनों ही जगहों का संख्याबल धनखड़ के पक्ष में है। ऐसे में सवाल उठता है कि फिर विपक्ष ने धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस क्यों दिया है? राज्यसभा के सभापति देश के उपराष्ट्रपति होते हैं, इसलिए, उन्हें हटाने के लिए दोनों सदनों में साधारण बहुमत की जरूरत होती है। लोकसभा में अभी 543 सदस्य हैं, जहां सत्ता पक्ष के पास कुल 293 सांसद हैं। विपक्ष को 249 सांसदों का समर्थन प्राप्त है, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से करीब 23 कम है।

राज्यसभा में वर्तमान में एनडीए गठबंधन के पास पूर्ण बहुमत है, जबकि विपक्ष 100 के आंकड़े के करीब ही है। राज्यसभा में अभी भी मनोनीत सांसदों के चार पद रिक्त हैं। वहीं, छह सीटों के लिए उपचुनाव हो रहे हैं, जहां पांच पर एनडीए की जीत तय मानी जा रही है। राज्यसभा में कुल 245 सदस्य होते हैं, जहां बहुमत के लिए 123 सदस्यों की जरूरत होती है। अकेले भाजपा के पास 95 सदस्य हैं। जेडीयू के पास चार सदस्य हैं। छह मनोनीत सांसद हैं, जो आम तौर पर सरकार का ही समर्थन करते हैं। आंकड़ेबाजी का खेल अगर देखा जाए तो अभी एनडीए के पास 125 सांसदों का समर्थन है। इसके अलावा बीजेडी के सात और वाईएसआर के आठ सांसद ऐसे हैं, जो विपक्षी गठबंधन के विरोध में रहते हैं। विपक्ष का आरोप है कि संसद के शीतकालीन सत्र में अब तक विपक्ष को किसी भी बड़े मुद्दे पर बोलने का मौका नहीं मिला है। अगर जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बहस कराई जाती है तो सभी पार्टियों के लोकसभा और राज्यसभा के कुछ सांसदों को इस पर बोलने का मौका मिल सकता है। राज्यसभा में बहस के दौरान सभापति अपनी कुर्सी पर नहीं होंगे। ऐसे में विपक्ष के सांसद और खुलकर उनके खिलाफ अपनी बातें रख सकते हैं। इनमें उद्योगपति गौतम अडानी का मुद्दा प्रमुख है। कांग्रेस लंबे समय से राज्यसभा और लोकसभा में इस मुद्दे पर बहस की मांग उठा रही है, लेकिन नियमों का हवाला देकर इसे बहस के विषय में शामिल नहीं कराया जा रहा है। अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस से जुड़े मुद्दे पर जिस तरह से राज्यसभा में हंगामा हुआ, उसे लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य सभापति जगदीप धनखड़ से खासे नाराज हैं।

वहीं, भारत के अरबपति कारोबारी गौतम अडानी के मुद्दे पर संसद में काफी खींचतान चल रही है, लेकिन इसके बीच अब भाजपा ने अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बीच कथित संबंध का आरोप लगाया है। इस प्रकरण से सियासत में नया मोड़ आ गया है। हालांकि, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ ऐसे प्रस्ताव पेश करने की चर्चा और प्रयास पहले भी हुए हैं, लेकिन वो आगे नहीं बढ़ पाए। दरअसल, विपक्षी दल राज्यसभा में उनके प्रबंधन से क्षुब्ध हैं। असंतुष्ट होने के कारण वो धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 67(बी) के तहत किसी भी उपराष्ट्रपति को नहीं हटाया गया है। हालांकि इस पर लोकसभा से भी मुहर लगनी चाहिए। भारत के उपराष्ट्रपति को कभी भी सफल अविश्वास प्रस्ताव का सामना नहीं करना पड़ा है, जबकि 1963 के बाद से भारत के कई प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जरूर कुल 31 प्रस्ताव पेश किए गए हैं। केवल तीन बार ऐसे प्रस्ताव पर प्रधानमंत्रियों की गद्दी गई है। विश्वनाथ प्रताप सिंह, एचडी देवेगौड़ा और अटल बिहारी वाजपेयी इसके शिकार हुए हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ प्रस्ताव लाने के पीछे विपक्ष यह तर्क दे रहा है कि वह राज्यसभा में पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहे हैं। ऐसे आरोप उनके खिलाफ पिछले कुछ समय से लगातार लगते रहे हैं। जॉर्ज सोरोस से जुड़े मुद्दे पर उनकी भूमिका से समूचा विपक्ष बुरी तरह नाराज है, इसने उन्हें फिर एकजुट कर दिया। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के 13वें राष्ट्रपति

**प्रणब** मुखर्जी भारत के 13वें राष्ट्रपति थे। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) ने उन्हें जुलाई, 2012 में भारत के राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नियुक्त किया था और राष्ट्रपति चुनाव में प्रणब मुखर्जी ने विरोधी उम्मीदवार पीए संगमा को हराकर जीत हासिल की थी। 25 जुलाई, 2012 को प्रणब मुखर्जी राष्ट्रपति पद की शपथ लेकर भारत के 13वें राष्ट्रपति बने थे। भारत के 14वें राष्ट्रपति के रूप में रामनाथ कोविंद ने प्रणव मुखर्जी का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद 25 जुलाई, 2017 को राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की। प्रणब मुखर्जी का जन्म, पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के किरनाहर शहर के एक छोटे से गांव मिराटी (मिराती) में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। प्रणब मुखर्जी के पिता श्री कामदा किंकर मुखर्जी और माता श्रीमती राजलक्ष्मी मुखर्जी हैं। ग्रामीण बंगाल के बीरभूम में पले-बढ़े प्रणब मुखर्जी अपने उपनाम 'पोल्टू' के नाम से जाने जाते थे। प्रणब मुखर्जी की पत्नी का नाम शुभ्रा मुखर्जी है। उनके दो पुत्र- अभिजीत व इंद्रजीत और एक पुत्री शर्मिष्ठा है। प्रणब मुखर्जी के पुत्र अभिजीत मुखर्जी सरकारी नौकरी छोड़कर राजनीति में आए पश्चिम बंगाल विधानसभा में विधायक हैं। उनकी बेटी शर्मिष्ठा एक नृत्यांगना हैं। 2004 में कांग्रेस पार्टी के दोबारा से सत्ता में आने के बाद से वे फिर से मंत्रिमंडल में वरिष्ठ सदस्य के तौर पर शामिल हुए। सन 2004 में जब कांग्रेस ने गठबंधन सरकार के अगुआ के रूप में सरकार बनाई तो कांग्रेस के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सिर्फ एक राज्यसभा सांसद ही थे। इसलिए प्रणब मुखर्जी को लोकसभा में सदन का नेता बनाया गया। ■



प्रणब मुखर्जी
जन्म : 11 दिसंबर, 1935
मृत्यु : 31 अगस्त, 2020

## कविता

# डरा हुआ व्यक्ति



अशोक कुमार
चंबा

*मैं भीड़ में शामिल वो हत्यारा हूं*
*जिसने पत्थर तो नहीं उठाया*
*किंतु खामोश खड़ा रहा।*
*मैं पंक्ति में खड़ा*
*वह नास्तिक हूं*
*जो शामिल है आडंबरों में*
*रिवाजों के नाम पर।*
*मैं फसाद के विरुद्ध वह सेक्युलर हूं*
*जो सौहार्द के पक्ष में खड़ा है*
*जातीय दंभ के साथ।*
*दरअसल- मैं भीतर से डरा हुआ*
*वह व्यक्ति हूं*
*जो विद्रोह किए बगैर*
*क्रांति चाहता है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# कृषि क्षेत्र विकसित होने से बढ़ेंगे स्वरोजगार के अवसर

जनसंख्या बढ़ जाने के साथ ही हमारे देश एवं प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, पशुपालन एवं बागवानी आदि का कार्यक्रम होने तथा पारंपरिक व्यवसाय बंद होने से ग्रामीण स्तर पर रोजगार कम हुए हैं। ग्रामीणों ने अब पहले की तरह कड़ी मशक्कत करनी भी छोड़ दी है। इससे उन में गर्मी व सर्दी सहन करने की भी क्षमता कम हुई है। नतीजतन उन्हें कई बीमारियां भी घेरने लगी है। कृषि से संबंधित कार्य के लिए ट्रैक्टर व अन्य आधुनिक मशीनों के उपयोग में आने से भी पारंपरिक व्यावसाय विलुप्त होने लगे हैं।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

यदि कहीं ऐसे छिटपुट व्यवसाय चल भी रहे हैं। तो यह घाटे का सौदा सावित हो रहे हैं। जिस काम को पहले चार लोग चार दिनों में पूरा करते थे। अब मशीनों से उस काम को कुछ ही समय में पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही मशीनों से होने वाला काम या उत्पाद सस्ता भी पड़ जाता है। इसलिए हाथ से बनाए उत्पाद को बड़ी मुश्किल से औने पौने दाम पर बेचना पड़ता है। कई बार तो ऐसे कारीगरों को काफी घाटा भी उठाना पड़ता है। ग्रामीण स्तर पर लघु एवं कुटीर उद्योगों में भी भारी कमी आई है। इससे भी लोगों के पास काम धंधा न होने से भी बेरोजगारी बढ़ी है। हालांकि सरकार ऐसे उद्योगों के पुनरोत्थान के लिए संबंधित लोगों को वित्तीय मदद भी दे रही है, लेकिन लोगों को ऐसा रोजगार चाहिए जिसमें प्रति माह निर्धारित धनराशि मिले, ताकि आसानी से वे अपना और अपने परिवार का गुजारा कर सकें। ग्रामीण क्षेत्र में बड़े उद्योग स्थापित न होने से युवा वर्ग रोजगार की तलाश में गांव से शहरों की ओर पलायन कर रहा है। सारा सामाजिक ढांचा नगरों-महानगरों के आसपास बिखर गया है। किसानों द्वारा खेतीबाड़ी का काम कम करने या छोड़ देने से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर उपजाऊ भूमि बंजर होने के कगार पर पहुंच गई है। उस भूमि में बड़ी मात्रा में जहरीली घास फैल गई है। इससे पर्यावरण प्रदूषण फैल रहा है तथा पशु चारे की भी कमी हो गई है।

इसके चलते पशुपालकों ने अपने पशु भी नगर- कस्बों की ओर धकेल दिए हैं। पहले गांव में जब व्यापक स्तर पर कृषि का काम होता था तो उसके साथ और भी कई पारंपरिक व्यवसाय थे। किसान अपनी उपज से ही उनका मेहनताना चुकाते थे। नकद पैसे का लेनदेन बहुत ही कम था। ऐसा भी कहा जाता है कि सरकार की कुछ कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर कम ही दिखाई दे रही है। यह भी सच्चाई है कि कुछ लोगों के ढुलमुल रवैए के चलते कृषि एवं पशुपालन के व्यवसाय में बेहद कमी आई है।



एक समय था जब किसान अपनी उपज से अपने परिवार के साथ ही अन्य पारंपरिक व्यवसाय करने वालों के परिवार का भी पेट भरता था। लोहे या लकड़ी का काम करने वाले किसानों के औजार व अन्य उपकरण बनाते थे। बांस से टोकरियां, अनाज रखने वाली बड़ी-बड़ी पेड़ियां व अन्य छोटी मोटी वस्तुएं बनाते थे। खड्डों नालों के किनारे घराट चलाने वाले, मिट्टी के बर्तन बनाने वाले, जूते बनाने या उनकी मरम्मत करने वाले, बाल काटने वाले तथा ऊनी कपड़े बुनने वाले आदि व्यवसाय से जुड़े लोग अब गांव में कहीं ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। लोगों को रोजी रोटी की तलाश में कहीं दूर जाना पड़ता है। अपने घर का खर्च चलाने के लिए उन्हें नकद पैसे की भी जरूरत होती है। पहले ऐसे व्यवसाय करने वालों की काफी कदर होती थी। किसान हर फसल आने पर उन्हें काम के मुताबिक अनाज देते थे। इससे उनका गुजारा चला रहता था।

ये सब किसानों की जरूरतों को पूरा किया करते थे। लोग अनाज बेच कर रोजमर्रा का समान खरीद लिया करते थे, लेकिन अब लोगों की दौड़ पैसे के लिए हो गई है। हम जो खा पी रहे हैं। उसकी गुणवत्ता की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसलिए तरह तरह की बीमारियां बढ़ना भी स्वभाविक ही है। हालांकि सरकार ने परंपरागत व्यवसायों के पुनरुत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई है, लेकिन उनका सही ढंग से कार्यान्वयन नहीं हो रहा है। इस वजह से ऐसे व्यवसाय फिर से नहीं पनप रहे हैं। यह तभी संभव हो पाएगा, यदि कृषि के क्षेत्र उत्थान होगा, क्योंकि यह सब व्यवसाय कृषि से ही जुड़े हैं। कृषि के साथ ही पशुपालन का व्यवसाय भी नाम मात्र का ही रह गया है। हालांकि अब कृषि कार्य ट्रैक्टर अन्य मशीनों से हो रहा है। फिर भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां अभी भी बैलों से ही खेती की जाती है। ऐसे किसानों का बैल पालने के लिए प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है, जबकि दुग्ध उत्पादकों को दूध का घर द्वार उचित मूल्य मिलना चाहिए। यदि पशुपालकों को उचित व नकद प्रोत्साहन मिले, तो कोई भी अपने पशु कस्बों या शहरों में नहीं छोड़ेंगे। इससे बेसहारा पशुओं की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। हालांकि सरकार की विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सरकार सब्सिडी देती है। ऐसी योजनाएं कितनी कामयाब होती है। यह तो सर्वविदित ही है। व्यवसायों के पुनरुत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई है, लेकिन उनका सही ढंग से कार्यान्वयन नहीं हो रहा है। इस वजह से ऐसे व्यवसाय फिर से नहीं पनप रहे हैं। यह तभी संभव हो पाएगा यदि कृषि के क्षेत्र उत्थान होगा, क्योंकि यह सब व्यवसाय कृषि से ही जुड़े हैं।

यह भी पढ़े-सेहत और पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी हैं साइकिल की सवारी- मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कृषि के साथ ही पशुपालन का व्यवसाय भी नाम मात्र का ही रह गया है। हालांकि अब कृषि कार्य ट्रैक्टर अन्य मशीनों से हो रहा है। फिर भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां अभी भी बैलों से ही खेती की जाती है। ऐसे किसानों को बैल पालने के लिए प्रोत्साहन दिए जाने की जरूरत है, जबकि दुग्ध उत्पादकों को दूध का घर द्वार उचित मूल्य मिलना चाहिए। यदि पशुपालकों को उचित व नकद प्रोत्साहन मिले, तो कोई भी अपने पशु कस्बों या शहरों में नहीं छोड़ेंगे। इससे बेसहारा पशुओं की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। हालांकि सरकार की विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सरकार सब्सिडी देती है। ऐसी योजनाएं कितनी कामयाब होती है। यह तो सर्वविदित ही है।

बाद में यह कहकर मामला खत्म कर दिया जाता है कि जिस कार्य के लिए ऋण लिया था। वह काम ही नहीं चल पाया। इसलिए उसे बंद कर दिया है। ग्रामीण स्तर पर तैनात कर्मचारियों की कमी से भी कृषि की विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन समय पर नहीं हो पाता। इसकी औपचारिकताएं भी काफी जटिल होती है। काफी भागदौड़ करनी पड़ती है, इसलिए वे ऐसी योजनाओं के बारे में सोच भी नहीं सकते हैं। यदि सरकार कृषि व्यवसाय के उत्थान का प्राथमिकता के आधार हल निकालें तभी बेरोजगारी भी कम होगी तथा दिनोंदिन बढ़ती महंगाई पर भी अंकुश लगेगा। इसके लिए नई योजनाएं बनाएं तथा उन्हें ईमानदारी से लागू कराएं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# डीओजीई कसेगा अमेरिकी नौकरशाही पर शिकंजा

जरा कल्पना कीजिए कि देश में चुनाव शीर्ष पर हों और प्रचार भी जोरों पर चला हो। संभवत: ऐसे में चुनावी वादों का दौर अपने चरम पर स्थिर होता है। और यदि किसी नेता के समर्थित कोई एजेंसी या दल सार्वजनिक तौर पर अचानक से यह कहे कि बड़े स्तर पर कर्मचारियों को उनकी नौकरी से निकालने की बेहद जरूरत है और सत्ता पर आसीन होने उपरांत ऐसे कदम उठाने पड़ सकते हैं, तो आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी? अवश्य ही ऐसे नेता या दल को कोई भी व्यक्ति अपना मत देने से गुरेज ही करेगा।



लेखक : शिवालिक अवस्थी
शीला चौक, धर्मशाला।

खासकर सरकारी तंत्र से जुड़े कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य तो हरगिज नहीं, परंतु यदि आपसे यह कहा जाए कि ऐसा ही एक वाकया अभी हाल ही में हुए चुनाव के दौरान देखा गया और विजय भी उसी नेता की हुई, जिससे संबंध रखने वाली एजेंसी ने कुछ ऐसा ही कहा था तो आप निश्चित ही हैरान होंगे। जी हां, यहां बात हो रही है अमेरिका में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव की। दरअसल, इन चुनावों के ठीक पहले प्रोजेक्ट 2025 के तहत कुछ-कुछ यही बताया गया था कि जैसे ही ट्रंप राष्ट्रपति बनते हैं, वैसे ही वह तकरीबन 50,000 अमेरिकन कर्मचारियों को उनकी नौकरी से निष्कासित कर देंगे।

यह अपने आप में एक विचलित करने वाला कथन था। बावजूद इसके डोनाल्ड ट्रंप की जीत हुई और वह अमेरिका के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए। हालांकि एलन मस्क जो अमेरिका ही नहीं अपितु समूचे विश्व के प्रसिद्ध उद्यमी हैं, उनकी माने तो यह कथन अमेरिका की उन्नति के लिए सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। दरअसल, एलन मस्क जो शुरू से ही डोनाल्ड ट्रंप को समर्थन देते नजर आ रहे थे, उनके अनुसार अमेरिका के सरकारी तंत्र में अनावश्यक पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे कर्मचारियों, विशेष कर अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निष्काषित करने की आवश्यकता है।



निष्कासित करने का मूल कारण सरकारी तंत्र को मजबूत करना है। सरकार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए अमेरिका ने नए प्रावधान लागू करने की कवायद शुरू करने के संकेत दे दिए हैं। इसके लिए अमेरिका की ट्रंप सरकार ने डीओजीई यानी 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' की स्थापना की है। एलन मस्क और विवेक रामास्वामी की अध्यक्षता वाली नई एजेंसी की शुरु आत करना, डोनाल्ड ट्रंप के मुताबिक अमेरिका के आर्थिक बल को मजबूत करके, विभिन्न कार्यों को गति प्रदान करेगी।

इस एजेंसी का प्रयोजन केवल सरकारी कार्यों को गति प्रदान करना नहीं है, बल्कि इसके गठन के महत्वपूर्ण प्रयोजन कुछ और भी हैं। दरअसल, इस एजेंसी के माध्यम से अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप, सरकार के फिजूल खर्चों को कम करने के संकेत देते नजर आ रहे हैं। बहरहाल, यह विभाग कैसे कार्य करता है यह देखना दिलचस्प होगा। एलन मस्क व विवेक रामास्वामी बिना राजनीतिक अनुभव लिए कैसे देश व लोक हितों का प्रभुत्व स्थापित करेंगे, इस पर कुछ कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी। फिर भी प्रौद्योगिकी व सरकार के आर्थिक बोझ को कम करने के दृष्टिकोण से इन पर भरोसा करना फिलहाल ट्रंप के नजरिए से तो बिलकुल सही नजर आ रहा है, जबकि आम जनमानस व विश्व पर इसका क्या असर पड़ेगा, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। बात यदि भारत की करें तो क्या यहां भी इस तरह के विभाग को अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए? यह प्रश्न सुधि पाठकों की राय हेतु रखा जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**बांग्लादेश** यानी पुराना नाम पूर्वी पाकिस्तान में हिंदुओं पर बहुत अत्याचार हो रहे हैं। मां-बेटियों का उत्पीड़न जोरों पर है। हिंदुओं के मंदिरों और पूजा स्थलों को नष्ट किया जा रहा है। इस मामले पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगे आना चाहिए। कानून नाम की वहां कोई चीज नहीं है।

मानवतावादी संगठन इन अत्याचारों पर मौन क्यों हैं? उन्हें वैध तरीके से भी भारत नहीं आने दिया जाता। संतों को जेलों में डाला जा रहा है। वहां न वकील, न दलील चल रही है। पैरवी करने वालों को घायल किया जा रहा है। समय आ गया है कि 1971 के इतिहास की आवृत्ति हो। अब कट्टरपंथी सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। भारत के सभी दलों को भारतवंशियों की चिंता करनी चाहिए। भारत के सिवाएं विश्व के अन्य देशों को भी इस वारे गंभीरता से चिंतन करने की जरूरत है।

**विनोद कुमार, भड़वाल**

# इंसान के जीवन व मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला

जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है। आज का इंसान साम, दाम दंड ,भेद जैसी नापाक नीतियां अपनाकर रात दिन अवैध तरीकों से जायदाद जोड़ रहा है, मगर किसके लिए आज तक कोई उठा कर नहीं लेकर गया तो फिर यह मोह माया क्यों है। मानव को नीच कर्मों को छोड़ देना चाहिए, अच्छे कर्म करने चाहिए। मानव जीवन एक बार ही मिलता है बार-बार नहीं मिलता। जीवन में कुछ एक ऐसे कार्य करने चाहिए कि समाज एक इंसान के रूप में सदा याद करता रहे। आधुनिक इंसान पता नहीं किस गलतफहमी में जी रहा है कि सदा ऐसे ही चलती रहेगी। मौत एक अटल सच्चाई है। आदमी ही आदमी से भेदभाव करता है, मगर मौत कोई भेदभाव नहीं करती।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

जिंदगी एक बार मिलती है फिर यह नफरत क्यों की जा रही है। इंसान को इंसानियत नहीं भूलनी चाहिए। हर इंसान से एक जैसा व्यवहार करना चाहिए। सादा जीवन जीना चाहिए। समाज में कुछ लोग ऐसे हैं जो गरीबों को इंसान नहीं नहीं समझते मगर अब हर आदमी आत्म निर्भर हो गया है। अब वह समय नहीं रहा कि किसी आदमी का प्रयोग करो और छोड़ दो। कैसी विडंबना है कि जब इंसान जिंदा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता, लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझतें है। जिन्होंने जब जिंदा था तो बात तक नहीं की होंगी।

जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता, मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता उसके मृत शरीर पर सैकड़ों चादरें डाली जाती है। जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुंह में शुद्ध देशी घी की आहुति दी जाती है जो व्यर्थ है। कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता कि जाए तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी। आज लोगों के पास समय नहीं है इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिए समय नहीं है। हर समय पैसा ही पैसा कमाने में व्यस्त रहता है। अनैतिक तरीकों से धन कमा रहा है, मगर मानव को यह पता है कि दुनिया में नंगा आया था नंगा ही जाएगा तो यह धन-दौलत का लालच क्यों कर रहा है।



गलत काम करके पैसा अर्जित करके आलिशान महल बना रहा है, मगर पल की खबर नहीं है। आज कुछ तथाकथित अमीर बने लोग कारों में बैठकर ऐसे बन जाते है कि धरती पर चल रहे मानव को कीड़े-मकोड़े समझते हैं। आज कारे तो छोटे से छोटे लोगों ने रखी है। कार में बैठकर कोई बड़ा नहीं बन सकता, समाज के लिए निस्वार्थ भाव से काम करने वाले के आगे कारों की चमक फीकी पड़ जाती है।

यह लोग कार, कोठी और पैसे को ही जीवन का ध्येय मान बैठे हैं। मंहगें कपड़े पहन कर कोई आदमी बड़ा नहीं है, बल्कि उसके गुणों के कारण ही पहचान होती है। कुछ लोग आत्मकेंद्रित होते हैं, बस अपना काम हो जाए, दुनिया भाड़ में जाए। समाज में ऐसे लोग घातक होते हैं। आज भूखी जुएं अपनी औकात भूलकर ऐसे इतराती है कि जैसे खानदानी रईस हो पर वक्त के पास हर आदमी का लेखा-जोखा है कि कौन रईस था और कौन दाने-दाने को मोहताज था। किसी को छोटा नहीं समझना चाहिए हर आदमी से समानता का व्यवहार करना चाहिए। कभी भी भेदभाव नहीं करना चाहिए। वक्त बदलते देर नहीं लगती भाग्य किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है। इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए। किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए, क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है जो दूसरों को दुख देता है। प्रत्येक मानव को पता है कि एक दिन सबको मौत आनी है तो फिर मानव क्यों नहीं समझ रहा है। मानव जब कोई चीज बनाता है तो वह उसकी गारंटी तय करता है, मगर उसकी अपनी कोई गारंटी नहीं है कि कब प्राण निकल जाएं। मानव को एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होना चाहिए। समाज को मंथन करना होगा। मौत सबको आती है कोई अमर नहीं होता। अमर होने के लिए कर्म करने पड़ते है। अच्छाई ही आदमी को अमर कर सकती है। युगों-युगों तक अच्छाई की मशाल जलती रहेगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पत्रकारिता के साथ समाजसेवा का भी बेहतर विकल्प

जिस मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहां जाता है, जिस मीडिया की जनता, सरकार और प्रशासन में एक अहम् भूमिका देखने को मिलती हैं। अगर पत्रकारिता में ईमानदारी और निष्पक्षता से काम किया जाएं, तो पत्रकार अपनी कलम से बहुत कुछ परिवर्तन करने की ताकत रखता है, जिनकी कलम से कदाचित कभी-कभी सरकारें तक हिल जाती है। अर्थात लोकतंत्र में मीडिया बंधुओं की अहम् भूमिका देखने को मिलती हैं, अगर पत्रकारिता को स्वतंत्र रूप से किया जाएं न कि किसी दल विशेष के हाथों कठपुतली बन जाएं, तो वहीं दूसरी ओर पत्रकारिता के साथ-साथ अगर कोई भी पत्रकार ईमानदारी के साथ जनहित के मुद्दों और विशेषताओं को उठाने का प्रयास करते हैं, तो पत्रकारिता के साथ समाजसेवा का भी बेहतर विकल्प माना जाता है, क्योंकि पत्रकार हमेशा लोगों के विभिन्न मुद्दों और विशेषताओं को जमीनी स्तर पर दिखाने का प्रयास करते हैं। लोगों की असुविधाओं और विभिन्न समस्याओं से कहीं न कहीं भली भांति परिचित भी होते हैं।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इस प्रकार हिमाचल प्रदेश के अनेक जिलों एवं क्षेत्रों में ऐसे अनेक पत्रकार साथी देखने एवं सुनने को मिलते हैं जो बेहतर पत्रकारिता के साथ-साथ प्रसिद्ध समाजसेवी भी माने जाते हैं, जो हमेशा जनता की विभिन्न मुद्दों को गंभीरता और निष्पक्षता के साथ उठाने का प्रयास करते हैं, जबकि ऐसे अनेक पत्रकारों को जान से मारने की धमकियां तक दी जाती है, परंतु निडर और बैबाकि से पत्रकारिता करने वाले इन सबकी परवाह किए बिना अपनी कलम से सच्चाई और वास्तविकता दिखाने का प्रयास करते नजर आते हैं, जिसके अनेक उदाहरण सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया में देखने को मिलते हैं, तो वहीं पत्रकार बंधुओं को विभिन्न क्षेत्रों की तथ्यपूर्ण जानकारी एवं समस्याओं से किस प्रकार से उठाने का प्रयास किया जाना चाहिए।



मीडिया बंधु अपने विभिन्न चैनलों एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से उठाने का एक बेहतर विकल्प माना जाता है, जिसका पत्रकार बंधुओं पर निर्भर करता है कि वह अपने कार्यक्षेत्र तक सिमित रहते हैं या फिर मीडिया के साथ समाजसेवा की ओर भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते या फिर नहीं हैं। इस प्रकार आज हम अपने लेख के माध्यम से पत्रकारिता के उज्ज्वल भविष्य के साथ-साथ क्षेत्र के बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों द्वारा समाजसेवा का भी बेहतर विकल्प माना जाता है, तो वहीं जिस प्रकार मीडिया बंधुओं की लगातार सरकार और प्रशासन के साथ पत्रकार वार्ता एवं सहभागिता देखने को मिलती हैं उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर पत्रकार बंधु जनहित की समस्याओं को गंभीरता से उठाने का प्रयास करती है, तो निस्संदेह सरकार प्रशासन से जवाब और आश्वासन भी देखने एवं सुनने को मिलते है। जिन समस्याओं का अनेक बार निवारण भी होता है, इसलिए जिस प्रकार वर्तमान में सोशल मीडिया और मीडिया की भूमिका लोकप्रिय होती जा रही है, जिसकी विभिन्न जानकारियां हमें सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से पल-पल की खबरें देखने एवं सुनने को मिलती हैं।

जिस प्रकार मीडिया पर भी अनेक बार विभिन्न प्रकार के आरोप लगाएं जाते। जिन आरोपों से कहीं न कहीं पत्रकार बंधुओं को भी बहार निकलने और इस मानसिकता को कहीं न कहीं बदलने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में जनता का भरपूर सहयोग एवं प्यार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर बना रहे। इस प्रकार मीडिया की देश एवं प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण मानी जाती है। तो वहीं पत्रकारिता के साथ साथ समाजसेवा के रूप में भी एक बेहतर विकल्प माना जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट कॉलेज में मनाया मानवाधिकार दिवस



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल मुख्यातिथि रहे। इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर तेज सिंह वर्मा, सहायक प्रोफेसर सुनीता पठानिया, मलविंदर सिंह, संजीव कुमार और कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद रहे।

### विद्युत उपभोक्ता 15 से पहले करवा लें ई केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सुंदरनगर ई. राजन गौर ने बताया कि विद्युत बोर्ड द्वारा घरेलू व होटल के विद्युत मीटर की आधार के साथ जोड़ने की ई केवाईसी की प्रक्रिया जारी है। विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के विद्युत अनुभाग भोजपुर, पुराना बाजार, चतरोखड़ी, पुंघ, जैदेवी व महादेव के अंतर्गत आने वाले घरेलू व होटल उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे 15 दिसंबर से पहले ई केवाईसी करवा लें। ई केवाईसी करवाने के लिए उपभोक्ता का आधार व बिजली बिल होना अनिवार्य है तथा यह ई केवाईसी बिल वितरक के पास घर पर भी करवा सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से निवेदन किया है कि वे अपने घरेलू व होटल के विद्युत मीटरों की ईकेवाईसी उचित समय के अनुसार करवा लें।

### मेधावियों को पुरस्कार वितरित कर किया सम्मानित



**आदर्श, नेरचौक।** राजकीय उच्च पाठशाला सकरोहा ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया। समारोह में पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। स्थानीय पाठशाला की मुख्य अध्यापिका अनिमा लोहिया ने मुख्य अतिथि को शाल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने पाठशाला के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में प्रकाश चौधरी ने कहा कि पाठशाला के हर विद्यार्थी को पाठशाला में होने वाली हर गतिविधि में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर पाठशाला की मुख्य अध्यापिका ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही स्कूल प्रबंधन को आ रही समस्याओं से भी मुख्य अतिथि को अवगत करवाया।

### काम कम और धूप ज्यादा सेंकने की धनोटू में चर्चा

**भीम बरोड़, महादेव।** नाचन क्षेत्र के अंतर्गत शहर की तर्ज पर तब्दील होता जा रहा गांव धनोटू के यहां एक सरकारी क्षेत्र के यहां तैनात कुछ कर्मियों द्वारा काम कम और धूप ज्यादा सेंकने रहने की चर्चा है। एक सरकारी कर्मचारी के लिए क्या दिशा-निर्देश होने आदि से किनारा करने व संबंधित कार्य से जी चुराते हुए मनमाने ढंग से लोगों की सेवा कार्य की कितनी उन्नति होती होगी सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकार सूत्रों के अनुसार एक सरकारी क्षेत्र जहां कुछ सरकारी कर्मचारी चाय पान आदि कार्यालय में न लेकर बहाना बनाकर बाहर निकल जाते हैं जो काम लटकाने की मंशा पाले हुए हैं वहीं समय पर काम न करके ज्यादातर इस ठंड के मौसम में खुले में निकलकर गुनगुनी धूप सेंकने का आनंद लेते रहते हैं जिससे काम के लिए आए लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। सूत्र यह भी बताते हैं कि एक कर्मचारी के लिए यह बात ठीक नहीं है कि वह कार्य दिवस पर काम न करके अपनी बदनीयती का परिचय देते हुए इधर-उधर घूम कर अपना और औरों का समय एवं धन बर्बादी की परवाह किए बगैर मनमाना रवैया अपनाते हुए अपने सीनियर का भी सिर दर्द बना रहे। नाम न छापने की शर्त पर सूत्र का कहना है कि मंडी ही नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश के एक बड़े भाग में लोगों की सेवा करने का झूठा दावा करने वाले सरकारी कर्मचारियों का रंग-ढंग देखकर ऐसा लगता है कि ये सरकारी काम को टरकाकर जैसे पिकनिक स्पॉट पर मजे लेते हुए फोन पर ही लगे रहते हैं।

### शिविर में 40 पशुओं का किया उपचार

**अनंत ज्ञान, पधर।** वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी पधर दीपक वर्मा ने बताया कि उप मंडलीय पशु चिकित्सालय परिसर पधर में मंगलवार को एक दिवसीय पुरुष बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में 40 पशुओं को विभिन्न रोगों के लिए उपचार दिया गया व पशुपालकों को दवाइयां भी वितरित की गईं और पशुपालकों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। शिविर में डॉ. पिंकी सैनी पशु माया रोग विशेषज्ञ, डॉ. पल्लवी शर्मा शल्य विशेषज्ञ, डॉ. सृष्टि कटवाल पशुधन उत्पादन प्रबंधन विशेषज्ञ, डॉ. दीपाली पशु चिकित्सा अधिकारी पाली उपस्थित रहे।

### जोगिंदरनगर में विरोध-प्रदर्शन 13 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** मानवाधिकार रक्षा मंच द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन 13 दिसंबर को प्रातः 10:30 बजे जोगिंदरनगर में होगा। मंच ने सभी नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस प्रदर्शन को सफल बनाने का आग्रह किया है। इसी कड़ी में व्यापार मंडल जोगिंदरनगर के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने प्रदर्शन को अपना समर्थन देते हुए एक बयान जारी किया। भास्कर गुप्ता ने समस्त व्यापारियों और शहरवासियों से भी प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### 12 को बीर क्षेत्र में बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बीर फीडर में 12 दिसम्बर को पुरानी बिजली की तारों को बदलने तथा नये बिजली पोल लगाने का कार्य किया जायेगा। कार्य के दृष्टिगत बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठयाना, सदोह, नल्होग, डोलरा-बल्ह, जमाणा, कलोथर, खड़कल्याणा, खपरेहड़ा, भलेड त्रनोह, घेरू, नेरन, थाम्बा, हियूण तथा साथ लगते क्षेत्र में 12 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने दी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### जिले का दौरा करेंगे जिला व संसदीय प्रभारी गौरव



**अनंत ज्ञान, मंडी।** कांग्रेस संगठन को मजबूत करने व संगठन में नई जान फूंकने के लिए मंडी जिला कांग्रेस प्रभारी मुजफ्फर गुर्जर व मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी गौरव भाटी 18 दिसंबर से दौरा करके बैठकें करेंगे। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव चेत राम ठाकुर ने बताया कि यह 18 दिसंबर को करसोग में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक से यह दौरा शुरू होगा। 19 को सराज के कार्यकर्ताओं की बैठक वन विभाग के विश्राम गृह बायला जंजैहली में होगी। दोनों प्रभारी 20 दिसंबर को नाचन विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ सब्जी मंडी चैलचौक में बैठक करके संगठन की टोह लेंगे व मजबूती के लिए जरूरी दिशा निर्देश देंगे। 21 को सुंदरनगर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक होगी। 22 को मंडी सदर व 25 को द्रंग की बैठक बिजनी स्थित विश्राम गृह में की जाएगी। 26 को सरकाघाट तथा 27 को धर्मपुर में यह बैठकें की जाएंगी। 28 को जोगिंद्रनगर में बैठक रखी गई है जबकि 29 दिसंबर को नेरचौक में होगी।

---

मरीजों को पर्ची थमाकर एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा जा रहा हमीरपुर

# संधोल में स्वास्थ्य सेवाएं बेहाल

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

लचर स्वास्थ्य सेवाओं को ढोता नागरिक चिकित्सालय संधोल आज राजनीतिक इच्छाशक्ति की बलि चढ़ चुका है। जहां अल्ट्रासाउंड की आस लगाए संधोल के लोगों को अब एक्स-रे की सुविधा से भी हाथ धोने पड़ रहे हैं।

साल बीतने के बाद हालात ऐसे हो गए हैं की अल्ट्रासाउंड तो दूर अब एक्स-रे मशीन भी बंद पड़ी है। मरीज अब एक्स-रे करवाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो गए हैं। हालांकि अस्पताल को खंड चिकित्सा कार्यालय का नाममात्र का दर्जा है लेकिन वह भी कब तक कायम रह पाए, कोई नहीं जानता क्योंकि हाल ही में इस दर्जे को छीनने की चर्चा लोगों में थी। चिकित्सा सुविधाओं पर न तो अस्पताल प्रबंधन इस ओर ध्यान दे रहा है और न ही विभाग को इसकी कोई चिंता है। सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल का उत्सव मनाने से ठीक पहले महीने तक आंदोलन कर रहीं महिलाओं को तो तीन महीने में अल्ट्रासाउंड और विशेषज्ञ की नियुक्ति का सब्जबाग दिखा कर उनका आंदोलन शांत करवा दिया था, लेकिन हालात वहीं हैं। अब संधोल के लोग अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।(अनंत ज्ञान)



**पदों को भरने की मांग**

लोगों और संधोल सेवा विकास समिति के अध्यक्ष मान सिंह सकलानी ने विभाग और सरकार से प्रभावित सेवाओं को तुरंत सेवाएं शुरू करवाने का आग्रह किया है साथ ही दर्जे के अनुरूप सुविधाओं और रिक्त पदों को भरने की मांग की है।

### 50 से 100 तक पहुंची ओपीडी

**इसी** अस्पताल में प्रतिदिन तीन सौ से अधिक की ओपीडी होती थी अब वही घटकर 50 से 100 के बीच रह गई है। जबकि सबसे जरूरी मातृत्व सेवा में तो साल भर में भी कुल छह जन्म भी अस्पताल करवाने में असफल रहा है।

### इलाज के लिए भटकना पड़ रहा दर-बदर

**करीब** 30 हजार की आबादी के स्वास्थ्य का जिम्मा उठाए इस अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीज को महज पर्ची थमाकर रैफर कर दिया जाता है। ऐसे में लोग अब इलाज करवाने के लिए निकटवर्ती जिला कांगड़ा के अस्पतालों, सुजानपुर और जयसिंहपुर जाना पड़ रहा है। जहां पर घर द्वार मिलने वाली सुविधा को लेने के लिए घंटों कतारबद्ध होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कतें बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को उठानी पड़ रही हैं।

### कोर्ट के आदेशों के बाद भी नहीं मिल पाईं बुनियादी सुविधाएं

**करीब** छः साल पहले माननीय उच्च न्यायालय में संधोल सेवा विकास और कल्याण समिति ने दर्जे के मुताबिक बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए याचिका दी थी जिस पर उस समय उच्च न्यायालय ने विभाग को विशेषज्ञ सहित तमाम सेवाएं बहाल करने के आदेश पारित किए थे लेकिन अभी तक न तो विशेषज्ञ आए और न अल्ट्रासाउंड सहित सेवाएं बहाल हो पाई है। पिछले वर्ष प्रदेश के तत्कालीन संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने फरवरी माह में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में 15 दिन के भीतर डॉक्टर भेजने का आश्वासन दे गए, लेकिन अभी तक न डॉक्टर आए हैं और न अन्य सुविधाएं चालू हो पाई हैं। बहरहाल अब भी यह अस्पताल पहले की तरह चुनिंदा दो-तीन नए नवेले डॉक्टरों के सहारे चला है। रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड मशीन भी धूल फांक रही है। एक्स-रे मशीन खराब पड़ी है। नए और पुराने भवन में मरीज परेशान हो रहे है क्योंकि कुछ ओपीडी नए भवन में है और कुछ पुराने भवन में। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल्य के दोनों मोबाइल नंबर के अलावा ऑफिसर और घर के लैंडलाइन पर संपर्क किया गया उन्होंने बात नहीं की।

### व्यवस्था होने पर मांगें अवश्य होंगी पूरी : डॉ. नरेंद्र

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि नया भवन अभी तक पूरा तैयार नहीं है। महिला शक्ति के आंदोलन को शांत करने के लिए उन्हें आश्वासन तो जरूर दिया था लेकिन उनके पास न तो गाईनी डॉक्टर है और न ही कोई रेडियोलॉजी विशेषज्ञ है जिन्हें यहां डेपुटेशन दिया जाए। जैसे व्यवस्था होगी इनकी मागे अवश्य पूरी होंगी।

# अनुमानित खाद्यान्न से लोग हो रहे लाभान्वित : अपूर्व देवगन



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी जिला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 847 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से कुल 3 लाख 27 हजार 783 राशन कार्डधारकों को खाद्यान्नों का आवंटन किया जा रहा है, जिससे जिला की 10 लाख 98 हजार 777 लोग लाभान्वित हो रहे हैं। यह जानकारी उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते दी।

अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में जुलाई, 2024 से अक्तूबर, 2024 तक विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत 1,65,197 क्विंटल आटा, 95,443 क्विंटल पीडीएस चावल, 43,667 क्विंटल दालें, 21,593 क्विंटल चीनी, 15,82,223 लीटर खाद्य तेल एवं 76,096 क्विंटल नमक राशन कार्डधारकों को वितरित किया गया।

जिला के सभी राशन कार्डधारकों को फोर्टीफाइड पीडीएस चावल, आटा, खाद्य तेल व नमक जिसमें आयरन, फोलिक एसिड व बी-12 सम्मिलित हैं, का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आपदा संभावित क्षेत्रों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दी जाने वाली आवश्यक खाद्य सामग्री का पर्याप्त भंडारण कर लिया गया हैं, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में इन क्षेत्रों में खाद्यान्न की कमी न रहे। उपायुक्त ने बताया कि इस अवधि के दौरान खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंडी द्वारा 2380 निरीक्षण के कार्य किए गए। जबकि विभिन्न उचित मूल्य की दुकानों, थोक गोदामों से कुल 1,23,205 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### ई-केवाईसी शीघ्र करें

**उपायुक्त** ने ई-केवाईसी का कार्य शीघ्र पूरा करने के खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग को निर्देश दिए। बैठक में उचित मूल्य की दुकानों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर भी चर्चा की गई तथा जो आवेदन पत्र सभी मापदंडों पर सही पाए गए, उन्हें स्वीकृति भी प्रदान की गई।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर बालीचौकी में बिफरे हिंदू संगठन

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



बांग्लादेशी हिंदुओं को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के लगातार उत्पीड़न को लेकर उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में मंगलवार को हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने यूनुस सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर एवं होर्डिंग लेकर बांग्लादेश की सरकार और कट्टरपंथी इस्लामिक उग्रवाद के खिलाफ हल्ला बोला।

इस अवसर पर स्थानीय युवा लोकेंद्र ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर और कौलान्तक पीठ से जुड़े एक सन्यासी ने भी लोगों को हिंदुओं की वर्तमान दिशा और दशा के बारे में अवगत करवाया।

इस दौरान उपमंडल अधिकारी नागरिक बाली चौकी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भी दिया गया।(अनंत ज्ञान)

# सामान्य वर्ग आयोग के गठन की उठाई मांग

**मंडी।** सामान्य वर्ग कल्याण समिति हि प्र का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष शक्ति चंद्र चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष मातृशक्ति पदमा गुलेरिया की अध्यक्षता में अतिरिक्त उपायुक्त से मिला। उनके माध्यम से एक मांग पत्र राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेजा गया। जिसमें सरकार से मांग की गई कि सामान्य वर्ग आयोग का गठन किया जाए और एससी एसटी अत्याचार अधिनियम को नरम किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में मोहन राम वालिया, शेर सिंह वालिया, चूड़ामणि, उधम सिंह चौहान, मेघ सिंह, पूनम शर्मा, पूजा, हेम नलिनी, परम देव राणा आदि मौजूद थे।

# बांग्लादेश में अत्याचारों के विरुद्ध किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



धरना-प्रदर्शन के दौरान मौजूद महिलाएं व अन्य।

विभिन्न सामाजिक संगठनों और सनातन धर्म रक्षा समिति सहित सैकड़ों लोगों ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ सरकाघाट सेंट्रल पार्क में एकत्रित होकर विशाल प्रदर्शन किया। इस विशाल भीड को शिव मंदिर के पुजारी लक्ष्मी नारायण गिरी, महांडलेश्वर शोभा नंद गिरी, नागा बाबा स्वस्वती, समाज सेवा गणेश दत्त आदि सोमा राणा और प्रेम कुमारी ने अपने जोशीले विचारों से माहौल को गर्म कर दिया, और जमकर नारेबाजी की गई, तदोपरांत समाजसेवा गणेश दत्त की अध्यक्षता में एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से देश के महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

**एसडीएम के माध्यम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

ज्ञापन में बताया गया कि बांग्लादेश में हिंदू समाज भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन जीने को मजबूर है। हिंदू महिलाओं की अस्मिता पर हो रहे हमले और हिंदू धर्मगुरुओं को प्रताड़ित किए जाने की घटनाओं ने पूरे विश्व के हिंदू समाज को आक्रोशित कर दिया है।

वहीं बांग्लादेश में हिंदू समाज की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बनाया जाए। पीड़ित परिवारों को न्याय और पुनर्वास दिलाने में भारत सरकार विशेष प्रयास करें, सनातन धर्म रक्षा समिति के सदस्यों ने कहा कि यदि इन घटनाओं को जल्द नहीं रोका गया तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# समाजसेवी राजेश ठाकुर ने 150 स्कूली बच्चों को बांटे ट्रैक सूट

**अनंत ज्ञान, मंडी**



निशु पाठशाला में छात्रों को ट्रैक सूट वितरित करने के दौरान समाजसेवी राजेश कुमार ठाकुर व साथ हैं अन्य।

समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय और जनहित के लिए समर्पित समाजसेवी राजेश कुमार ठाकुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निशु, जिला मंडी में स्कूली छात्रों के लिए ट्रैक सूट वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। शीतकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए स्कूली छात्रों को ट्रैक सूट वितरित किए गए।

समाजसेवी राजेश कुमार ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल बच्चों को ठंड से बचाना था, बल्कि खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना भी था। कार्यक्रम में लगभग 150 छात्रों को गर्म, आरामदायक और उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैक सूट वितरित किए गए।

**निशु स्कूल के प्रबंधन ने किया धन्यवाद**

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विक्रम चंद और अन्य अध्यापक तथा पूर्व प्रधान लाभ सिंह व स्थानीय समाजसेवी भीमदेव उपस्थित थे। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य विक्रम चंद ने इस अवसर पर कहा कि समाजसेवी राजेश कुमार का यह प्रयास प्रशंसनीय है।

# नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी पर दस्तावेजों से छेड़छाड़ का आरोप

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

नगर परिषद जोगिंद्रनगर के कार्यकारी अधिकारी पर नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों ने सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) और थाना प्रभारी जोगिंद्रनगर को शिकायत पत्र सौंपा गया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि 7 नवंबर 2023 को हुई हाउस बैठक में प्रस्ताव संख्या 241/1 के तहत वार्ड नंबर 2 में एक लाख रुपये की लागत से स्ट्रीट लाइट पोल लगाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन कार्यकारी अधिकारी ने बाद में इस प्रस्ताव में वार्ड नंबर 5 को भी जोड़ दिया। उनका आरोप है कि यह बदलाव बिना किसी सूचना के किया गया है। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष ममता कपूर, उपाध्यक्ष अजय धरवाल, पार्षद राजीव कुमार और शीला देवी ने मांग की है कि कार्यकारी अधिकारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया जाए और विभागीय कार्रवाई की जाए।

नगर परिषद जोगिंद्रनगर के कार्यकारी अधिकारी आदित्य चौहान ने कहा कि नगर परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार ही कार्य किए जा रहे हैं। यदि किसी को निर्णयों या कार्यवाही पर संदेह है, तो वह रिकॉर्ड की जांच कर सकता है।

# प्रदेश के गुनहगार मना रहे प्रदेश की बर्बादी का जश्न : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, मंडी**



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित जश्न को लेकर भाजपा मुख्य प्रवक्ता और सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने इसे प्रदेश की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ और चुनावी वादों पर खरा न उतरने का उत्सव करार दिया।

राकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू, उनके मंत्री और विधायक प्रदेश के खजाने को अली बाबा के चालीस चोरों की तरह लूटने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश को कर्ज के तले दबाने, झूठे वादों और ठगी के लिए यह सरकार जनता की दोषी है।

हिमाचल का खजाना सीपीएस और अन्य फिजूलखर्ची पर लुटाया जा रहा है, जबकि आम जनता के लिए कोई राहत नहीं है। मुख्यमंत्री सुक्खू का नाम प्रदेश में 'नौटंकी मास्टर' और देश-विदेश में एक विफल प्रशासक के रूप में चर्चित है। उन्होंने बिलासपुर में 11 को आयोजित किए जा रहे जश्न पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह जश्न असल में झूठी गारंटियों, मित्रवाद और जनता के साथ धोखे का उत्सव है।

# सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती के लिए मांगे आवेदन

**बालीचौकी।** एसआइएस आर टीआई शाहतलाई जिला बिलासपुर ने सुरक्षा गार्डों के 150 पदों को भरने के लिए बेरोजगार युवक-युवतियों से आवेदन पत्र मांगे हैं। कंपनी ने इन पदों के लिए 13 दिसंबर 2024 को बालीचौकी स्थित रोजगार कार्यालय में 11 बजे प्रातः से शाम 3 बजे तक आवेदन पत्र और साक्षात्कार को प्रक्रिया को पूरी करवाने की सूचना अभ्यर्थियों को दी है। आवेदकों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र की मूल प्रति के अलावा आधार कार्ड, व पासपोर्ट आकार के 2 फोटो प्रस्तुत करने होंगे। चयनित आवेदक को 26 दिन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# सराज हलके में होंगे अब 3 मंडल अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के विधानसभा क्षेत्र सराज में अब 3 मंडल अध्यक्ष भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और भी चुस्त दुरुस्त करेंगे। प्रदेश स्तर पर हुए संगठनात्मक परिसीमन में सराज हल्के में 3 मंडल बनाए गए हैं। सबसे बड़ा मंडल पूर्व मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र थुनाग होगा।

सराज भाजपा के मंडल अध्यक्ष भागीरथ शर्मा ने बताया कि थुनाग मंडल में सराज हल्के के 62 पोलिंग बूथ होंगे। इसके अलावा बाली चौकी में 44 और जंजैहली में 41 पोलिंग बूथ शामिल रहेंगे। थुनाग मंडल में जहां बगस्याड से लेकर तांदी सरोआ तक के पोलिंग बूथ शामिल किए गए हैं वहीं बालीचौकी मंडल में बूंगजहल गाड़ से लेकर कुकलाह तक के समस्त पोलिंग बूथ शामिल रहेंगे।

**संगठनात्मक परिसीमन में फिर चली बालीचौकी क्षेत्र पर कैंची**

जंजैहली मंडल में जंजैहली से लेकर छतरी तक के पोलिंग बूथों के अलावा बालीचौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाड़ागुशैणी इलाके की ग्राम पंचायतें खौली,घाट, जुफरकोट वह थाचाधार के पोलिंग बूथ भी शामिल किए गए हैं।

### 135 पदाधिकारियों की कार्यकारिणी करेगी काम

पूर्व में जहां सराज हल्के में 45 लोगों की मंडल कार्यकारिणी होती थी अब 3 मंडलों में 135 पदाधिकारियों की कार्यकारिणी काम करेगी। इसके अलावा विभिन्न मोर्चों का अलग से गठन भी किया जाएगा। नए संगठनात्मक ढांचे में जहां काफी कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी मिलेगी वहीं सराज में आने वाले समय में युवा नेतृत्व के पनपने की भी आशाएं है। वहीं सूत्रों का यह भी कहना है कि सराज में एक संगठनात्मक संयोजक की भी नियुक्ति की जाएगी जो पुराने कार्यकर्ताओं से बनाया जाएगा।

**श्रद्धा** मां बगलामुखी रोपवे से पंडोह जलाशय के ऊपर से सफर का आनंद लेने पहुंच रहे पर्यटक

# 84 वर्षीय अश्विनी ने पहली बार नवाया मंदिर में शीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ से माता बगलामुखी मंदिर के लिए बना रोपवे इन दिनों लोगों में आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

इससे पहले माता बगलामुखी मंदिर तक सड़क मार्ग से जाने के लिए 14 कि.मी. का सफर तय करना पड़ता था। अब 800 मीटर के रोपवे से यह दूरी मात्र 4 मिनट में पूरी हो रही है। रोपवे बनने के बाद अब ऐसे बुजुर्ग भी माता के दरबार आ पा रहे हैं जो कभी यहां नहीं पहुंच पाए थे। मंडी निवासी 84 वर्षीय बुजुर्ग अश्विनी धवन ने बताया कि रोपवे बनने के बाद ही वे पहली बार माता के दरबार में आए हैं, क्योंकि अब यहां पहुंचना बेहद आसान हो गया है। मंडी के रहने वाले उपेंद्र वैद्य और सरकाघाट के मनोज ठाकुर ने इसे सरकार की एक अच्छी पहल बताया और ऐसे रोपवे दूसरे धार्मिक और पर्यटक स्थलों पर भी लगाने का सुझाव दिया, क्योंकि इससे स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

मंडी की मोनू और सपना ठाकुर ने बताया कि पंडोह डैम के जलाशय के ऊपर से एक रोमांचक सफर का अपना अलग ही मजा है। रोपवे पर सफर के दौरान हेलीकॉप्टर में सफर करने जैसा महसूस होता है।

### रोजाना 250 से अधिक लोग कर रहे सफर

**रोपवे** एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के रेजिडेंट मैनेजर कुश वैद्य ने बताया कि रोपवे पर यात्रियों से एकतरफा सफर के 150 रुपए जबकि दो तरफा सफर के 250 रुपए लिए जा रहे हैं। बच्चों से एकतरफा 75 जबकि दो तरफा 125 रुपए बतौर किराया लिए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों से एकतरफा यातायात के 30 रुपए जबकि दो तरफा यातायात के 50 रुपए और बच्चों से 15 और 25 रुपए लिए जा रहे हैं। यह रोपवे सुबह 9 बजे से शुरू हो जाता है और शाम 7 बजे तक सेवाएं जारी रहती हैं। उन्होंने बताया कि रोजाना 250 या इससे अधिक लोग इस रोपवे से सफर कर रहे हैं।



### आकर्षण का बना केंद्र

**स्थानीय** लोगों के साथ-साथ कुल्लू मनाली, कसोल, लाहौल-स्पीति आने वाले पर्यटकों के लिए एक बड़ा आकर्षण बन रहा है क्योंकि यह राज्य का एकमात्र रोपवे है जो जल निकाय यानी पंडोह डैम जलाशय के ऊपर से गुजरता है। जलाशय के ऊपर से गुजरते रोपवे गंडोला की मनोरम दृश्य देखते ही बनते हैं।

# लाभार्थी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में हुए चयनित

**मंडी।** जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत 4 लाख 62 हजार 086 लाभार्थियों का चयन किया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को लाभार्थियों को योजना का पूरा लाभ पहुंचाने की व्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 1,65,197 क्विंटल आटा तथा 95443 क्विंटल चावल प्रदान किया जा चुका है। आटे पर 1 करोड़ 33 लाख का अनुदान तथा चावल पर 81 लाख रुपये का अनुदान राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया गया है।

# वीसी की चुपी हो सकती है सरकार का मौन समर्थन : चिराग

**अनंत ज्ञान, मंडी**

विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व मंडी विभाग संयोजक चिराग ठाकुर ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के साथ सरकार द्वारा किए जा रहे सौतेले व्यवहार के विषय प्रैस वार्ता की।



चिराग ठाकुर ने बताया कि वाइस चांसलर का बिल्डिंग को निजी महाविद्यालय को सौंपने के विषय पर चुप रहना कहीं न कहीं सरकार का मौन समर्थन भी हो सकता है। बता दें कि वाइस चांसलर ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में सरकार को घेरने के बजाय विवि के कुछ लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ माह पूर्व छात्रों को भड़काया गया और कक्षाओं को सुंदरनगर शिफ्ट करने से रोका गया। इस पर चिराग ठाकुर ने कहा कि जिस समय वीसी महोदय ने शिफ्टिंग के आदेश जारी किए उन दौरान सुंदरनगर कैंपस में फर्नीचर के नाम पर एक कुर्सी तक उपलब्ध नहीं थी, कुछ गिने चुने फर्नीचर को मंडी कैंपस से ही ले जाने की योजना विवि प्रशाशन द्वारा की गई थी और यह फैसला वाइस चांसलर द्वारा रातों रात लिया गया और छात्रों को शिफ्टिंग के लिए मात्र 2 दिन का समय दिया गया था, ऐसे में वाइस चांसलर का छात्रों के खिलाफ बयान और सरकार के खिलाफ मौन कहीं न कहीं प्रदेश सरकार का मौन समर्थन है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुकेश करेंगे एससी आयोग के कार्यालय का उद्घाटन

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 13 दिसंबर को ऊना जिले के एकदिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सुबह 10.30 बजे रामपुर में एससी आयोग के कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत 11.30 बजे डीआरडीए हॉल ऊना में आयोजित होने वाली जिला विकास योजना और 20 सूत्रीय कार्यक्रम की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।

### केंद्रीय विद्यालय मिलने पर खुशी जाहिर की

**अनंत ज्ञान, ऊना।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा घोषित किए गए केंद्रीय विद्यालय को लेकर भाजपा और भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। इस मौके पर युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष सुमेश बिट्टू ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को समय-समय पर न केवल उचित मदद प्रदान की है, बल्कि बड़े शिक्षण संस्थान देने में भी कभी कोई कमी नहीं छोड़ी। हिमाचल के छोटे से जिला ऊना को केंद्र की तरफ से हमेशा विकासात्मक कार्यों के लिए खुला बजट मिला। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने संसदीय क्षेत्र का समग्र विकास करवाया, जबकि ऊना जिला अकेला ऐसा जिला बन चुका है, जिसके पांच में से 4 विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय हैं और एक विधानसभा क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय है। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय एवं केंद्रीय मंत्री अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 2 साल में हिमाचल को आगे ले जाने की बजाए पीछे धकेलने का काम किया है। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रविंद्र द्विवेदी, जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष जयदेव खट्टा, नंदपुर की पूर्व प्रधान रंजना देवी, धंधड़ी के पूर्व प्रधान विजय, पूर्व बीडीसी सदस्य सुदर्शन पटियाल, पूर्व प्रधान चमन लाल, बूथ अध्यक्ष यशपाल, मुकेश कुमार, रमन कुमार, जगदीश कुमार, पवन शर्मा, जितेंद्र नंदपुर और हरीश बाली ने केंद्र सरकार का केंद्रीय विद्यालय देने पर आभार व्यक्त किया है।

### प्रतियोगिता आयोजित कर एड्स के खिलाफ संदेश दिया




**विवेक शर्मा, अंब।** राजकीय महाविद्यालय अंब में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक अनूठी पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक रील मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। यह प्रतियोगिता 25 नवंबर से 7 दिसंबर तक आयोजित कराई गई जिसमें महाविद्यालय के पांच प्रतिभाशाली छात्रों ने एचआईवी एड्स जैसी गंभीर बीमारी के मुद्दे पर शानदार रील्स बनाने का बीड़ा उठाया। छात्रों ने रील के माध्यम से एचआईवी एड्स के प्रति लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. आशीष कुमार ने बताया कि एचआईवी एड्स एक बहुत गंभीर लाइलाज बीमारी है और इस बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय इसके बारे में जानकारी तथा जागरूकता ही है। उन्होंने कहा कि एचआईवी एड्स जैसी गंभीर बीमारी को अगर हमें हराना है तो लोगों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलानी होगी। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक मौजूद रहे।

### देहलां लोअर में भागवत कथा में पहुंचे बाबा बाल



**ऊना।** ऊना जिले के लोअर देहलां के वार्ड नंबर 09 में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने भागवत कथा आयोजन में पहुंच कर उच्च कोटि के धार्मिक व संत प्रवचन किए और लोगों को धार्मिक क्षेत्र के महत्व बताया। भगवान के चरण में आने की प्रेरणा दी। झूठ, चोरी, नशा खोरी तथा समाज की सभी अन्य बुराइओं से दूर रहने का आह्वान किया। इस भागवत कथा का संपूर्ण प्रवचन संत किशन नंद महाराज जी के मुखारविंद द्वारा किया जा रहा है। सैंकड़ों लोग भागवत कथा में पहुंच कर प्रवचन सुनते हैं और भगवान के चरणों मे हाजिरी लगाते हैं। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी के आगमन पर भारी संख्या मे लोगों ने बाबा जी के चरणों मे हाजिरी भर। इनमें इसी वार्ड के स्थायी निवासी व मजदूर नेता कामरेड जगत राम शर्मा के अलावा तेलु राम ऐरी, शाम लाल सोनी, राजिंद्र सोनी, महिंद्र सोनी, मंगत राम सोनी, तरसेम लाल ऐरी, पूजा शर्मा ऐरी, वेअंत कुमार, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी, प्रेम चंद देहल, पवन पंडोरा, अशोक पुरी, हरी दत्त, गीत राम ऐरी आदि महिलाओं सहित भारी संख्या में प्रभु प्रेमी उपस्थित थे।

### हिम कैप्स में मिस फ्रेशर बनी शिवानी



**ऊना।** हिमकैप्स कॉलेज नर्सिंग में मंगलवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कॉलेज के चैयरमेन विक्रमाजीत सिंह, वाइस चेयरमैन सुमित, प्रिंसिपल ऑफ हिम कैप्स नर्सिंग कॉलेज के अलावा कैप्टन जगदेव, देशराज राणा, कमल देव, अध्यापिकाएं और छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस पार्टी में पोस्ट बीएससी नर्सिंग से मिस फ्रेशर शिवानी, मिस पर्सनालिटी खुशबू चुनी गई। बीएससी फर्स्ट इयर से मिस फ्रेशर आरजू, मिस पर्सनालिटी राधिका, मिस चार्मिंग मुस्कान चुनी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष विक्रमाजीत सिंह ने बच्चों को बधाई दी।

# घुसाड़ा पंचायत में पुलिस ने शराब के साथ चूरा-पोस्त की खेप पकड़ी

## तस्करी पर की चोट, आबकारी विभाग और पुलिस की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

**अनंत ज्ञान टीम, अंब/बड़ूही**

पुलिस थाना अंब के अंतर्गत घुसाड़ा पंचायत में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की 26 पेटियां और भारी मात्रा में चूरा-पोस्त बरामद किया है।

पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा मंगलवार की कार्रवाई में 7 देसी 4.5 इंपीरियल ब्लू 6 मैक डॉवेल, 2 रॉयल स्टैग 4 ऑफिसर चॉइस व 1 पेटी ओल्ड मॉन्क की बॉटल बरामद की है। यह कार्रवाई आबकारी व पुलिस द्वारा गुप्त सूचना मिलने के बाद की गई, जिसमें दोनों विभागों की टीम ने संबंधित स्थान पर छापेमारी की।

आबकारी विभाग के डिप्टी कमिश्नर टीकम ठाकुर ने बताया कि यह शराब और चूरा-पोस्त की क्षेत्र में अवैध रूप से सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने मौके से कुछ साक्ष्य बरामद किए हैं। सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह अवैध रूप से शराब पैक करके सप्लाई कर रहा है। कुछ पैकिंग भी दिखाई गई जो अवैध बताई गई है। इसमें सूचना के बाद बताए गए ठिकाने पर पुलिस के साथ आबकारी कराधान महकमे की पूरी टीम ने दबिश दी और उस गोदाम के कमरों के ताले तोड़कर भीतर भारी मात्रा में खेप बरामद की। इस मामले में संदिग्ध लोगों की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया गया है। यह शराब और मादक पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए लैब में भी भेजा जा रहा है।

करीब चार से पांच घंटे तक यहां छापेमारी चलती रही। इस छापेमारी से क्षेत्र में अवैध शराब और नशीली सामग्री की तस्करी पर बड़ी चोट लगी है। पुलिस व आबकारी विभाग ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि समाज को बचाया जा सके। किसी व्यक्ति ने कुछ समय पहले यह गोदाम भाड़े पर लिया था।



पकड़ी गई शराब की खेप के साथ आबकारी विभाग व पुलिस की टीम

# थ्रो-बॉल में हार के साथ ही हिमाचल की चुनौती खत्म



क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पहले मध्य प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।**

थ्रो-बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मध्य प्रदेश के इंदौर में करवाई जा रही 34वीं नेशनल जूनियर थ्रो-बॉल खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कड़े मुकाबले देखने को मिले। इसमें हिमाचल प्रदेश की लड़कियों की टीम ने झारखंड तथा छत्तीसगढ़ सहित अन्य टीमों के साथ अच्छा प्रदर्शन किया परंतु क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मध्य प्रदेश के साथ कांटे की टक्कर देखने को मिली। इसमें मध्य प्रदेश की टीम ने हिमाचल प्रदेश की टीम को 2-1 से हरा कर जीत हासिल की।

वहीं, लड़कों की टीम ने बिहार तथा तमिलनाडु की टीमों को 2-0 से हराकर बढ़िया प्रदर्शन शुरू किया था, परंतु सेमीफाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने हिमाचल प्रदेश की टीम का फाइनल का सफर तोड़ दिया। वहीं, पर हिमाचल प्रदेश थ्रो-बॉल एसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र देव आर्य का कहना है कि हिमाचल प्रदेश की दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बढ़िया प्रदर्शन किया, परंतु फाइनल तक पहुंचने में सफल नहीं हो सके, लेकिन उनको बढ़िया खेल के लिए बधाई। खेल में हार जीत चली रहती है। अगली बार और मेहनत करके ग्राउंड में उतरेंगे और जीत सुनिश्चित करेंगे।

इस मौके पर राष्ट्रीय मैच रैफरी यशवीर सिंह राणा, एसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र देव आर्य, जिला अध्यक्ष इंदू शर्मा, कोच पूर्ण चंद शर्मा, कोच मुरारी लाल, कोच सीमा शर्मा, सहायक कोच सताक्षी शर्मा, सहायक कोच राकेश शर्मा सहित अन्य टीम के सदस्य भी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा नियमों की सख्ती से की जाए अनुपालना : उपायुक्त

## सड़कों को बनाएं अतिक्रमण मुक्त, अवैध रेहड़ी-फड़ी हटाने के लिए जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने ऊना जिला में सड़क सुरक्षा कानून की सख्ती से अनुपालना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में सड़कों को सुरक्षित, अतिक्रमण-मुक्त तथा यातायात को जोखिम रहित बनाने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण से कार्य करने को कहा।

उन्होंने दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए संबंधित विभागों को पूर्व सुधारात्मक कदम उठाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से निपटा जाए।

**ब्लैक स्पॉट सुधारने के दिए निर्देश :** उपायुक्त ने सभी उपमंडलाधिकारियों, पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करके अपने-अपने अधीनस्थ कार्य क्षेत्र में दुर्घटना संभावित स्थलों एवं ब्लैक स्पॉट की पहचान करके उन्हें सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी रोड सेफ्टी की बैठक में इस संबंध में उठाए गए कदमों की प्रगति रिपोर्ट का फोटो सहित ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं।

इसके अलावा दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यकतानुरूप सीसीटीवी कैमरे तथा क्रैश बैरियर, पैरापिट, लाइट रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं। उपायुक्त ने सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने तथा अवैध रेहड़ी-फड़ी को हटाने के निर्देश भी दिए। टाहलीवाल में हुए तेल टैंकर के भीषण हादसे का जिक्र करते हुए दुर्घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरा, साइनेज, क्रैश बैरियर, रिफलेक्टर तथा स्पीड ब्रेकर इत्यादि सुरक्षा उपायों को स्थापित करने के भी निर्देश दिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृति न हो।

**एमसी तथा रोटरी चौक में सुबह के समय भीड़ एकत्रित न हो :** उपायुक्त ने एमसी पार्क के सामने तथा रोटरी चौक में हर रोज सुबह बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों के सड़क पर एकत्रित होने से भीड़ की समस्या के मसले का संज्ञान लेते हुए यहां उचित व्यवस्था बनाए रखने को कहा। लोगों को खड़ा होने के लिए सड़क से हटकर स्थान तय किया जाए ताकि सड़क पर लोग इकत्रित न हों।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम अम्ब सचिन शर्मा, डॉ सुखद्वीप सिंह सिधू, पीडब्ल्यूडी अधिशाषी अभियंता बलदेव कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करते उपायुक्त जतिन लाल।

### स्कूली वाहनों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश

डीसी ने समस्त एसडीएम को स्कूली वाहनों का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों की फिटनेस तथा चालकों द्वारा यातायात नियमों का अनुपालन करने और बसों में कंडक्टर का होना अनिवार्य तौर पर सुनिश्चित बनाया जाए। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्ती से पेश आया जाए। सभी एसडीएम को अपने अधिकार क्षेत्र में प्राइवेट स्कूल संचालकों से बैठक कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को कहा। लघु सचिवालय के समीप संतोषगढ़, अम्ब और पुराना होशियारपुर रोड़ जंक्शन पर एक छोटे चौक का निर्माण किया जाएगा क्योंकि इस चौराहे पर दुर्घटना की संभावना अक्सर बनी रहती है। चौक पर साइनेज भी लगाए जाएंगे ताकि निर्बाध यातायात बना रहे और दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने अजौली मोड़ बैरियर और अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों को सुधारने के निर्देश दिए।

# राज्य सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल सफल : विधायक

## मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरगामी सोच से अंतिम पंक्ति पर खड़े परिवार तक पहुंच रही सरकार की योजना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने राज्य की सुक्खू सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल को सफल करार देते हुए बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार ने दो वर्षों के कार्यकाल में धरातल पर काम करके जनता की समस्याओं का समाधान किया है और प्रदेश की जनता के लिए योजनाओं को धरातल पर उतार कर उन्हें लाभ पहुंचाने का काम किया है।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य में अंतिम पंक्ति पर खड़े परिवार तक राज्य सरकार ने योजनाओं का लाभ पहुंचा कर इतिहास बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी गई दस में से पांच गारंटियां पूरी हो चुकी हैं और शेष गारंटियों को भी समयवद्ध पूरा किया जा रहा है। सरकार ने टूरिज्म सेक्टर में बेहतर कार्य किया है और बिलासपुर में क्रूज व वाटर स्पोर्ट्स से पर्यटक यहां रुककर लुत्फ उठा सकेंग, वहीं कुटलैहड़ के अंदरौली में वाटर स्पोर्ट्स को पर्यटक की दृष्टि से विकसित करने के लिए 14 करोड़ की धनराशि खर्च की जा रही है।

विवेक शर्मा के अनुसार सरकार के राजस्व में 2600 करोड़ की वृद्धि हुई है जो कि बड़ी उपलब्धि है। पहली बार शराब की बोतल पर मिल्क सैस लगाया गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करके जनता को सुविधाएं देने पर बल दिया है।

वहीं, सरकारी स्कूलों के प्राइवेट स्कूलों जैसी सारी सुविधाएं देकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों की तरफ मोड़ने का काम किया है। वहीं, 1.36 लाख कर्मचारियों को ओपीएस का लाभ देकर कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा के अलावा अन्य मौजूद रहे।



बंगाणा में मीडिया से बात करते कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा व अन्य।

### आशियाना बनाने के लिए बढ़ाई धनराशि

मुख्यमंत्री सुक्खू ने आपदा के समय सैकड़ों परिवारों को जिनके रिहायशी मकान ध्वस्त हो चुके थे, उन्हें आशियाना बनाने के लिए धनराशि मुहैया करवाई और दो लाख मिलने की बजाए सात लाख धनराशि देने का संविधान पास करके पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान की। वहीं, दीपावली पर कर्मचारियों को तीन दिन पूर्व सैलरी देकर उन्हें राहत दी। विवेक शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू की दूरगामी सोच से आज प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन हो रहा है और राज्य सरकार की हर योजना से गरीब परिवार को लाभ मिल रहा है।

# समोसा जांच और शौचालय टैक्स के अलावा सरकार की कोई उपलब्धि नहीं : देवेंद्र भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

सुक्खू सरकार से राज्य का हर वर्ग दुखी है और भाजपा के जन आक्रोश में भारी भरकम भीड़ इकट्ठी होना इस बात का प्रमाण है कि सुक्खू सरकार अपने दो वर्ष के कार्यकाल में ही अपनी लोकप्रियता खो चुकी है। आज प्रदेश की जनता त्रस्त है, लेकिन सुक्खू सरकार दो वर्षों के कार्यकाल की मनाने में मस्त है।



कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि राज्य की सुक्खू सरकार की दस गारंटियों से एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई और न ही महिलाओं के खाते में प्रति माह 1500 रुपए की किस्त आई है। आज राज्य की जनता महंगाई और घूसखोरी से त्रस्त हो चुकी है। चारों तरफ माफियों का बोलबाला है। राज्य सरकार हर कदम पर बदले की भावना से काम कर रही है, लेकिन सुक्खू सरकार के मित्र राज्य सरकार के दो वर्षों के झूठे कसीदे पढ़ने में ही मस्त है। पूर्व भाजपा सरकार के समय खोले गए एक हजार सरकारी संस्थान बंद कर दिए।

सुक्खू सरकार के दो वर्षों में कोई उपलब्धि नहीं है, लेकिन फिर राज्य सरकार का जश्न किसलिए। मुख्यमंत्री सुक्खू समोसा जांच, शौचालय टैक्स या फिर मित्र मंडली के नाम से देश में प्रसिद्ध हुए हैं और अंतराष्ट्रीय न्यूज चैनलों में राज्य सरकार का मजाक देश नहीं, बल्कि दुनियां में दिखाया गया है। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, सुषमा ठाकुर, संतोष सैनी आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# पिरथीपुर स्कूल के होनहारों को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में मंगलवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में गगरेट के विधायक राकेश कालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यकारी स्कूल प्रधानाचार्य पूनम देवी तथा स्कूल स्टाफ ने मुख्यातिथि को शाल, टोपी तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रवक्ता अजय कुमार शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करके पढ़ाई, खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में स्कूल की उपलब्धियों को गिनाया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राजस्थानी नृत्य, नाटी, पंजाबी गिद्दा, पंजाबी भांगड़ा जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्यातिथि विधायक राकेश कालिया ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के साथ पढ़ाई करने से हमेशा सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना कुछ हासिल नहीं होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसे बुराई से भी दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए विद्यार्थियों को 11 हजार व स्कूल कमरों के निर्माण के लिए 8 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की।

वहीं, इस मौके पर समाजसेवी ब्रजेश डोगरा ने स्कूल कमरों के निर्माण के लिए दो लाख रुपए दिए। इस कार्यक्रम में विद्यालय का नाम पढ़ाई, खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में रोशन करने पर काजल, पल्लवी, ईशा, जसमीन, कृष, नुसरत बानो, सानिया, रोहित, कनिका धीमान, ईशा, अक्षित शर्मा, अजय कुमार, मोहम्मद अख्तर, एकता मिन्हास, जिया भाटिया, सुरभि, सुशांत डडवाल, ईशा, काजल, कीर्ति भाटिया, पल्लवी, आदित्य डोगरा, अक्षित ठाकुर,अरविंद ठाकुर, हर्षित कंवर, राघव ठाकुर, विधि शर्मा, आदित्य मिन्हास, शालिनी शर्मा, कृष राणा, शगुन ठाकुर, अनमोल रतन, नियति, कामनी, मोहित, नैना, सिमरन देवी, कनिका व अन्य को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान नरिंदर कुमार, समाजसेवी बृजेश डोगरा, समां शर्मा, प्रधान डंगोह खुर्द रेणुका शारदा, राजदेव राणा, मदन लाल शर्मा, अरुण ठाकुर, नरेश वर्धन, अशोक चौधरी, विजय कुमार, सतीश परमार, पवन पेनु, सुरेंद्र शिंदू, सतीश चौधरी, राजीव, रंजू, गगन डोगरा, अरुण डोगरा, अजय कुमार शर्मा, हरविंदर सिंह, सतीश मन्हास, सुनंदा, अमित शर्मा, सुशील पठानिया, सुलोचना देवी, अभिनव पराशर, प्रमिला, असिस्टेंट विनीत कुमार शर्मा, विभिन्न विभागों से आए हुए अधिकारी, स्कूल के विद्यार्थी व उनके अभिभावक अन्य मौजूद रहे।




राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

### छात्रों को आपदा से निपटने के तरीके बताए

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टकारला में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरफ) के सौजन्य से एक आपदा प्रबंधन विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिविर में बच्चों को आपदा के समय बचाव एवं उससे निपटने के उपायों को नकली अभ्यास कराया गया, जिसमें एनडीआरफ की ओर से इंस्पेक्टर आदेश कुमार, सब इंस्पेक्टर अवतार सिंह एवं मोहित सिंह ने अपनी टीम उपस्थित रही।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE

I, Kartik Sharma S/o Sh. Tilak Raj from Village Badwal P. O. Panjahra Tehsil Nurpur District Kangra H. P. Declare on oath that I have changed my name from Kartik to Kartik Sharma. Concern noted.



# चीख पुकार व एंबुलेंस की आवाज से गूंजा घटनास्थल

## बस हादसे में घायल और मृतकों को प्रशासन ने 25-25 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की

**जितेंद गुप्ता, आनी**

जिला कुल्लू के आनी स्थित श्वाड-निगान सड़क मार्ग पर शकेलड़ के समीप मंगलवार करीब 11:30 बजे अचानक सड़क से गहरी खाई में गिरी बस की आवाज से आसपास के लोग घबरा गए।





अनंत ज्ञान साइड स्टोरी

बस के गिरने की सूचना मिलते ही लोग घटनास्थल पर पहुंचने लगे और इस घटना के बाद घटनास्थल के चारों तरफ लोगों की चीख पुकार और एंबुलेंस की आवाज दिनभर गूंजती रही। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं, घायलों की संख्या ज्यादा होने से उनको अस्पताल पहुंचाना चुनौती था। ऐसे में स्थानीय लोग फरिश्ते की तरह सामने आए। पुलिस, स्थानीय लोगों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों जंर मिलकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर भी लोगों की पूरा दिन चहल-पहल रही। वहीं, वहां से 21 गंभीर घायलों को रामपुर व शिमला रेफर किया गया है। आनी के शकैलड़ में मंगलवार प्रात: पेश आए बस हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। मृतकों के परिजनों को आनी उपमंडल प्रशासन की ओर से 25-25 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की गई है। इसके अलावा घायलों को 5-5 हजार रुपए की राहत राशि वितरित की गई। तहसीलदार आनी भीम सिंह नेगी की अगुवाई में प्रशासन ने राहत राशि बांटी। बस नं. एचपी 65 4768 निजी बस मंगलवाल सुबह करसोग से आनी आ रही थी और शकैलड़ के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। चालक समेत बस में 42 लोग सवार थे। इसमें तीन लोग चालक दीनानाथ पुत्र भूतेश्वर गांव बाउरी, तहसील करसोग जिला मंडी, केशव राम पुत्र कांशी राम गांव टिप्पर, डाकघर कोठी तहसील आनी जिला कुल्लू और गुलशन पुत्र सुरेश कुमार गांव कटोली, डाकघर कंडूगाड तहसील आनी, जिला कुल्लू की मृत्यु हो गई है। अन्य सभी सवारियों में से कुछ को गंभीर और कुछ को सामान्य चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा। राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न टीमों और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू में योगदान दिया। सभी घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल आनी लाया गया, जहां सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया।

देर शाम 6 बजे तक 25 से ज्यादा घायलों को रामपुर अस्पताल और आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया गया, जिन लोगों को सामान्य चोटें आई हैं, उनका ईलाज सिविल अस्पताल आनी में चल रहा है। तहसीलदार आनी भीम सिंह नेगी ने इस दौरान कहा कि प्रशासन ने हादसे की सचूना मिलते ही घटना स्थल का रुख किया। सभी विभागों के समन्वय से बस में सवार लोगों दुर्घटना के पश्चात रेस्क्यू किया गया। हादसे में मारे गए लोगों को फौरी राहत प्रदान की गई है। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। (अनंत ज्ञान)

### एसडीएम निरमंड ने जाना बस हादसे में घायलों का कुशलक्षेम

**एसडीएम** निरमंड मनमोहन सिंह ने आनी बस हादसे में रामपुर अस्पताल को रेफर किए गए घायलों का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने दोपहर बाद अस्पताल को रेफर किए गए बस हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों को सरकार और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल आनी से रामपुर अस्पताल को कुल 5 लोगों को रेफर किया गया है। सभी का अस्पताल प्रशासन द्वारा तत्परता से ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने इस दौरान घायलों के ईलाज के लिए अस्पताल प्रशासन के साथ चर्चा भी की।

# ... यहां भी सहानुभूति की नजर डाले सरकार, डेंजर जोन में जियावासी

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



पार्वती व ब्यास नदी संगम में बसे जिया गांव के लोगों भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

जिया के लोगों ने सरकार व प्रशासन से गुहार लगाई है कि आज कल पार्वती व ब्यास नदियों का जल स्तर काफी कम हो गया है। समय रहते लोअर जिया को बचाने के लिए दोनों नदियों के किनारों में आरसीसी की पक्की दीवार लगाई जाए, ताकि बाढ़ का खतरा कम हो जाए। गत बर्ष आई प्राकृतिक आपदा से जिया गांव को बहुत खतरा उत्पन हो गया है। वहीं, इस वर्ष मलाणा डैम फटने से सभी जगह भारी नुकसान हुआ है। पार्वती नदी फोरलेन पुल जिया के पास बाढ़ से नदी में भारी मलबा भर चुका है, जिस कारण पानी का बहाव गांव की तरफ मुड़ गया और नदी किनारे भी बिलकुल कच्चे हो चुके हैं, अगर समय पर सुरक्षा दीवार नहीं लगाई गई, तो आने वाली बरसात तबाही मचा सकती है। जबकि पिछली बार बाढ़ से जिया के लोगों की जमीन को भी नुकसान हुआ था। रेत से उपजाऊ खेत भर गए मुश्किल से लोगों ने दोबारा जमीनें बनाई हैं। बरसात के दिनों में जिया के ग्रामीणों को बाढ़ से बहुत डर लगा रहता हैं क्योंकि अब नदी के किनारे कच्चे हो चुके हैं दूसरे पानी का बहाव गांव की ओर हो गया है। जिया के ग्रामीण नदी का जल स्तर बढ़ने से अपने घरों को छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। लाचार व बेबस होकर उन्हें रिश्तेदारों व लोगों के पास शरण लेनर पड़ती है। लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में पूरी-पूरी रातें हमें जागकर गुजारनी पड़ती है। डर के साय में हम जीने को मजबूर हैं। लोअर जिया की बस्ती के लोग बहुत गरीब हैं और सरकार से सुरक्षा दीवार की आस लगाए बैठे हैं। पिछली बार पार्वती नदी व ब्यास से कुछ मलवा हटाने का काम हुआ था। इस साल की बारिश में मलाणा डैम फटा और फिर वही हाल हो गया है। स्थानीय लोगों ने फिर एक बार सरकार व प्रशासन से आग्रह किया कि जल्द यहां पर आरसीसी दीवार लगाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जिया का पैदल पुल भी बाढ़ की चपेट में आया था, जिसे विभाग उठाकर ले गया है। अभितक पुल निर्माण की कोई प्रगति नजर नहीं आ रही है, जबकि ग्रामीण पुल के बिना काफी परेशान हैं।

# रंगीन सलाद प्रतियोगिता से बच्चों को स्वस्थ खाने के महत्व की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ब्रिलिएंट ग्लोबल स्कूल शास्त्रीनगर की ओर से एक रंगीन सलाद बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों को स्वस्थ खाने के महत्व को समझाते हुए अपनी पाक कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिला।

विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया और कई स्वादिष्ट और पौष्टिक सलाद बनाए। यह कार्यक्रम स्कूल की स्वस्थ खाने के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो छात्रों को छोटी उम्र से ही स्वस्थ खाने के महत्व के बारे में सिखाने पर केंद्रित है। इस मजेदार गतिविधि में भाग लेकर, छात्रों ने पोषण के बारे में मूल्यवान पाठ सीखे और स्वस्थ भविष्य के लिए सही आहार विकल्प बनाने के लाभों को समझा।



ब्रिलिएंट ग्लोबल स्कूल में रंगीन सलाद बनाने की प्रतियोगिता के आयोजन पर मौजूद छात्र।

# सड़क व खतरनाक स्पॉट्स का किया निरीक्षण



पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी व अन्य पुलिस अधिकारी बर्फबारी के दौरान सड़कों और खतरनाक स्पॉट्स का निरीक्षण करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने जिले में बर्फबारी के दौरान सड़कों और खतरनाक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण में पुलिस उपअधीक्षक मुख्यालय राज कुमार, प्रभारी पुलिस थाना केलांग उपनिरीक्षक जावल सिंह, प्रभारी पुलिस चौकी कोकसर सहायक उपनिरीक्षक उत्तम चंद, प्रभारी एटीआर नॉर्थ पोर्टल उपनिरीक्षक धनी राम, प्रभारी पुलिस चौकी सरचू स्थित जिस्पा मुख्य आरक्षी मेघ सिंह और प्रभारी टीटीआर विंग केलांग मुख्य आरक्षी रणबीर सिंह साथ रहे।

मनाली-लेह मार्ग पर जगह-जगह सड़क पर पानी जमने के कारण सफर खतरनाक हो गया है। सिस्सू और जिस्पा के अलावा अन्य कई स्थानों पर बर्फ में वाहन फिसल रहे हैं। इस निरीक्षण का उद्देश्य पर्यटकों की सुविधा के लिए सुरक्षा प्लान एवं पुलिस की तैयारियों का जायजा लेना था, जिसमें कोकसर से लेकर जिस्पा तक का क्षेत्र शामिल था। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों की ड्यूटी के दौरान आने वाली परेशानियों को देखा गया एवं उनके समाधान के लिए उचित कदम उठाए गए। जिला पुलिस पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# 17 को कुल्लू में मनाया जाएगा पेंशनर्स दिवस

**कुल्लू।** सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुल्लू के अध्यक्ष सेसराम ठाकुर के कहा अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस कुल्लू में ही जिला स्तर पर 17 दिसंबर को मनाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी की प्रदेश स्तर की बैठक मंडी में 3 दिसंबर को बुलाई गई थी।

इस बैठक में प्रदेश के सभी 12 जिलों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया था। इस बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि इस वर्ष अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस जिला स्तर पर ही 17 को मनाया जाएगा। इसलिए जिला कुल्लू और लाहौल-स्पीति पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन ने भी यह दिवस 17 को देव सदन ढालपुर में मनाने का निर्णय लिया है।

# सरकार के जश्न कार्यक्रम में कुल्लू से जाएंगे सैकड़ों लोग : सुंदर ठाकुर



कुल्लू की मासिक बैठक विधायक सुंदर ठाकुर की अध्यक्षता में की आयोजित।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की मासिक बैठक विधायक सुंदर ठाकुर की अध्यक्षता में फॉरेस्ट रेस्ट हाउस ढालपुर में आयोजित की गई।

इस बैठक में 11 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित रैली जो कि कांग्रेस सरकार के 2 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में रखी गई है, उस पर चर्चा की गई। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से 6 बसें और कुछ-कुछ मिनी बसें और लोग अपने निजी वाहनों में सैकड़ों की संख्या में इस रैली में शामिल होंगे। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेस राम आजाद, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेम सिंह, किशन ठाकुर, उत्तम शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, सेस राम चौधरी, मदन सूद, पूर्व महासचिव जिला कांग्रेस संजय गुप्ता, जय किशन शर्मा, मुकेश महंत, संजीवधर, केशव कुलवी, हेमलता शर्मा, इंदिरा ठाकुर, जिला परिषद सदस्य आशा ठाकुर, बंतो चौधरी, पार्षद कुब्जा ठाकुर, ऊष्म शर्मा व मनु ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सैंज में जागरूकता कार्यक्रम एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण

# पर्यावरण संरक्षण विषय पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सैंज**

केंद्रीय विद्यालय सैंज के परिसर में जागरूकता कार्यक्रम एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया।



जागरूकता कार्यक्रम एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण समारोह पर मौजूद लोग।

इस अवसर पर किसानों के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों एवं विद्यालय के छात्रों ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला मिट्टी जांच प्रयोगशाला एवं विद्यालय मिट्टी जांच प्रयोगशाला द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, जिससे वे अपनी मिट्टी की उर्वरता और उपयोगी जानकारी प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला कृषि विकास अधिकारी वेद प्रकाश रहे। इनके साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य विनीता परशीरा, शिक्षकगण और अन्य अतिथियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन कांतिया ठाकुर द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि सैंज क्षेत्र में मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सैंज क्षेत्र के किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व को समझाने के लिए लगातार चौपाल और जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्या विनीता परशीरा ने बताया कि जब भी आवश्यकता पड़ती है, तो किसानों को मिट्टी के परीक्षण के लिए विद्यालय आने का निमंत्रण दिया है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को जैविक खेती अपनाने, मृदा की उर्वरता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी दी गई। सैंज के किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए मृदा के संरक्षण और जैविक खेती को अपनाने का संकल्प लिया।

# विवाद से विश्वास स्कीम के बारे दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



आयकर कार्यालय कुल्लू द्वारा शिव मंदिर भुंतर के सभागार में एक आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापार मंडल के लगभग 25 सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विभाग से आयकर अधिकारी छेरिंग दोरजे तथा निरीक्षक हेम राज ने आयकर विभाग द्वारा चलाई जा रही विवाद से विश्वास स्कीम के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए अधिकारी ने आयकर अधिनयम के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों से वहां उपस्थित सभी कारोबारियों को अवगत करवाया और उन्हें अग्रिम कर के सही भुगतान करने की अपील की। इस अवसर पर कुछ करदाताओं ने अपने अनुभव साझा किए और विभाग की इस पहल का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने ईमानदारी से अपने सही कर समय पर भरने का भी आग्रह किया। इस दौरान पंकज सेठी अध्यक्ष व्यापार मंडल भुंतर, निमे राम प्रधान सब्जी मंडी, प्रताप ठाकुर प्रधान ट्रक यूनियन भुंतर तथा राघव सूद आदि उपस्थित रहे। आयकर अधिकारी कुल्लू छेरिंग दोरजे ने बताया कि यह कार्यक्रम आयकर आयुक्त-1, चंडीगढ़ के संरक्षण तथा अपर आयकर आयुक्त, शिमला रेंज, शिमला के दिशा-निर्देश में किया गया है। उन्होंने करदाताओं को विभाग द्वारा उपलब्ध की जाने वाली सभी आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया और आग्रह किया कि वे बेझिझक आकर विभाग के अधिकारियों से आकर संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त कर सकते हैं और अपने सुझाव भी साझा करें, ताकि देश के विकास में सभी का सहयोग मिल सके।

# कुकुमसेरी में बनाया जाएगा चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट : संकल्प गौतम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



सहायक आयुक्त लाहौल-स्पीति संकल्प गौतम की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय के सभागार कक्ष में जिला बाल संरक्षण इकाई बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मुद्दों जुवैनाइल जस्टिस बोर्ड, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, स्पेशल जुवैनाइल पुलिस यूनिट सहित प्रदेश सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम सुखाश्रय के मामलों की समीक्षा की गई।

उन्होंने बताया कि बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिले में 22 जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट सीसीआई के भवन के निर्माण के लिए जिले में भूमि का चयन कर लिया गया है। यह संस्थान जिले के कुकुमसेरी में बनाया जाएगा। अगली बैठक तक इस संस्थान के लिए भूमि संबंधी सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अर्न्तगत जिले में 25 करोड़ रुपए उपलब्ध हुए हैं। सीसीआई के निर्माण के लिए भी अगले प्रोजेक्ट में इसे डाला जाएगा, ताकि इसके निर्माण के लिए बजट उपलब्ध हो जाए। चाइल्ड केयर हेल्पलाइन के लिए स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। यह हैल्पलाइन अब 24 घंटे कार्य कर रही है। बैठक में स्पॉन्सरशिप एंड फोस्टर केयर योजना के अर्न्तगत कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा, पोषण और चिकित्सा में मदद करने के लिए 31 मामलों की स्वीकृत प्रदान की गई। बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी हीरा लाल, सब इस्पेक्टर राजेश कुमार, जिला पंचायत अधिकारी सचिन, बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविंद्र सिंह, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. जगदीश चंद सहित बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुखाश्रय योजना के तहत बच्चों को मिल रही सुविधा

मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अर्न्तगत जिले में 26 बच्चों को योजना के तहत मिलने वाली सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। इस योजना में पात्र बच्चों एवं युवाओं के रहन-सहन, पालन-पोषण, शिक्षण-प्रशिक्षण, विवाह और मकान निर्माण सहित जीवन के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है।

**प्रदर्शन** हिंदू समाज एसडीएम बंजार पंकज शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर बंजार में विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बंजार**

नगर पंचायत बंजार में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर मानव प्रकृति विकास मंच बंजार के बैनर तले सलाहकार डॉ. राज कुमार सदस्य हेत राम ठाकुर विभिन्न संगठनों व्यापार मंडल बंजार, पेंशनर्स संघ, महिला मंडल, टैक्सी ऑपरेटर, ट्रक यूनियन सहित कई संगठनों द्वारा विरोध-प्रदर्शन पूरा नगर बंजार में किया गया।





नगर पंचायत बंजार में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर मानव प्रकृति विकास मंच बंजार के बैनर तले लोग पदर्शन करते हुए।

विरोध-प्रदर्शन के पश्चात एसडीएम बंजार पंकज शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि गत दिनों हमारे पड़ोसी बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचार की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। हमारे पड़ोसी बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं के साथ अत्याचार व दुर्व्यवहार किया जा रहा है। हिंदू मंदिर तथा हिंदू धार्मिक स्थानों को तोड़ा जा रहा है। साधु-संतों व हिंदू धर्मगुरुओं को बंदी बनाकर कारागार में डाला जा रहा है। हिंदू समाज व हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों के घरों को जलाया जा रहा है। हिंदू व्यवसायियों व दुकानदारों के साथ मारपीट कर उन्हें लूटा जा रहा है। हिंदू माताओं व बहनों के साथ अत्याचार व दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

हिंदू माताओं बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हिंदू समाज के लोगों को डरा-धमका कर धर्म परिवर्तन करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। हिंदू समाज के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचारों की कोर्ट में पेरवी करने वाले वकीलों के साथ मारपीट कर उनकी संपत्तियों को तोड़ा फोड़ा जा रहा है। बांग्लादेश में शासन व संविधान नाम की कोई चीज नहीं है। इस अराजकता और सांप्रदायिकता के माहौल में बांग्लादेश में रह रहे हमारे हिंदू भाई-बहन दहशत व भय में जीवन यापन कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में हिंदू समाज के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचार की पूरे विश्व के हिंदू समाज ने भी घोर निंदा की है और बांग्लादेश का हिंदू समाज भी केंद्र सरकार व विश्व के हिंदू समाज से संयोग व मदद की आस लगाए बैठा है। बंजार क्षेत्र का समस्त हिंदू समाज एसडीएम नागरिक बंजार के माध्यम से राष्ट्रपति से प्रार्थना करता है कि इस अन्याय व अत्याचार के खिलाफ भारत सरकार त्वरित व उचित कार्यवाई कर बांग्लादेश में रह रहे हिंदू भाई व बहनों के जीवन को सुरक्षा प्रदान करें, ताकि बांग्लादेश में रह रहे हमारे हिंदू भाई बहन अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।

# लाहौल-स्पीति पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील : राहुल कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ठोस कचरा प्रबंधन, अवैध खनन, ई-वेस्ट, सीवरेज, बायो मेडिकल बेस्ट सहित पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाए जा रहे विभिन्न बिंदुओं पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान गत बैठक में डीसी द्वारा दिए निर्देशों की अनुपालना की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में लाहौल-स्पीति के अधिकारियों सहित दूसरे जिलों के इस समिति से संबंधित अधिकारी जुड़े रहे। लाहौल-स्पीति जिले के पर्यावरण की दृष्टि से बेहद संवेदनशील होने के कारण जिला प्रशासन इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अटल टनल बनने से जिले में पर्यावरण संरक्षण को लेकर दबाव बढ़ा है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से इस दिशा में संवेदनशील होकर कार्य करने का आग्रह किया। डीसी ने कहा कि बैठक में जो भी निर्देश दिए जाते हैं, उनके प्रति अधिकारी फोकस होकर कार्य करें। डीसी ने बताया कि जिले में चलाई गई ई-वेस्ट कलेक्शन मुहिम तहल केलांग, तांदी, सिस्सु व कोकसर पंचायतों से 350 किलो का ई-वेस्ट एकत्रित किया गया है। जल्द ही काजा और उदयपुर में भी इस तरह की ड्राईव चलाकर ई-वेस्ट इकट्ठा किया जाएगा। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला जिन क्षेत्रों में प्लास्टिक वेस्ट की उपलब्धता ज्यादा है, उन क्षेत्रों में सड़क निर्माण में प्लास्टिक के उपयोग की संभावनाओं सहित अप्रैल माह से पूर्व इस बारे रोड मैप भी तैयार कर लें।

डीसी क्षेत्र में कचरा फैलाने व प्लास्टिक के उपयोग करने वालों पर नजर बनाए रखने और आवश्यक होने पर चालान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कुल्लू ने बताया कि कोकसर में पर्यटकों और आमजन को ठोस कचरा प्रबंधन के बारे जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। लाहौल-स्पीति में गत वर्ष कचरा फैलाने व प्लास्टिक के उपयोग करने पर 42 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### चमाकड़ी पुल के समीप अवैध शराब बेचने का मामला दर्ज

**दाड़लाघाट।** पुलिस थाना दाड़लाघाट में चमाकड़ी पुल के समीप एक ढाबे में अवैध शराब बेचने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चमाकड़ी पुल से करीब 1 किलोमीटर आगे एनएच 205 के साथ ढाबा मालिक महेंद्र पाल निवासी धुंदन अपने ढाबे में अवैध शराब बेचने का काम कर रहा था। पुलिस ने ढाबे में छापा मारकर 10 बोतल शराब बरामद की। इस मामले में एसडीपीओ दाड़ला संदीप शर्मा का कहना है कि पुलिस ने ढाबा मालिक के खिलाफ अवैध शराब बेचने के आरोप में मामला दर्ज किया है और आगे की जांच की जा रही है।

### आज इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित




**अर्की।** बिजली उपमंडल अर्की के अंतर्गत ग्राम बातल, जखौली, मंजयाट, मांजू व राहू में 11 दिसंबर को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता नीरज कतना ने बताया कि 132 केवी सब स्टेशन कुनिहार के रखरखाव के लिए यह आपूर्ति बाधित की जा रही है। उन्होंने लोगों से सहयोग करने का आग्रह किया है। वहीं, सोलन। हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 400 केवीए ट्रांसफार्मर पुलिस लाइन के रखरखाव के दृष्टिगत 11 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अधिशाषी अभियंता विपुल कश्यप ने दी। विपुल कश्यप ने कहा कि 11 को प्रातः 10.30 बजे से सायं 3.30 बजे तक पुलिस लाइन कॉलोनी, न्यू कथेड़ एवं आसपास के क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी दिन प्रातः 10.30 से प्रातः 11 बजे तक तथा सायं 3 से सायं 3.30 बजे तक कारागार, न्यू कथेड़, सब्जी मंडी एवं आसपास के अन्य क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित उपभोक्ताओं से इस अवधि में सहयोग करने की अपील की है।

### सड़क सुरक्षा के नियमों बारे दी जानकारी



**दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी अनिता कौंडल ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क पर बाईं तरफ चलना, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना, कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना और नशा करने से बचना सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियम हैं। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने से हम स्वयं और दूसरों को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

### दाड़लाघाट में प्रशिक्षणार्थियों को दिए बैग



**दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट में प्रशिक्षणार्थियों को निशुल्क बैग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को निशुल्क बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में पंचायत उपप्रधान घनागुघाट प्रवीण कुमार और कपिल कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यातिथि प्रवीण कुमार ने युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में कौशल प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने की सलाह दी, ताकि वे भी कुशल भारत और कौशल भारत जैसी मुहिम का हिस्सा बन सकें। इस कार्यक्रम में 80 प्रशिक्षणार्थियों को बैग प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नंद लाल वर्मा और दलीप शर्मा द्वारा संस्थान की ओर से मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। साथ ही नंद लाल वर्मा ने मुख्यातिथि का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा और मार्गदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारी सहायता करेगा।

### डॉ. शांडिल ने विनोद को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने प्रसिद्ध समाज सेवी एवं मेरिडियन कंपनी समूह के अध्यक्ष विनोद गुप्ता को आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धासुमन अर्पित किए। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर कहा कि अकस्मात निधन के समाचार से हम सभी सोलन वासी स्तब्ध हैं। हमने अपने सबसे अच्छे साथी में से एक महान इंसान को खो दिया है।

### नशे के खिलाफ लड़ने के लिए किया प्रोत्साहित



**दाड़लाघाट।** नशे के विरुद्ध स्थानीय लोगों की एक बैठक पंचायत सभागार दाड़लाघाट में हुई, जिसमें स्थानीय लोगों ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए अपने विचार साझा किए। बैठक में पंचायत दाड़लाघाट, बरायली और रोडी के स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। इस बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया,जिसमें तय किया गया कि गांव नौणी, बागा, धोबटन और मझेड़ के ग्रामवासी नशे के आदी परिवारों से कोई भी नाता-रिश्ता नहीं रखेंगे। इसके अलावा यह भी तय किया गया कि ग्रामवासी किसी भी शादी या अन्य समारोह में शिरकत नहीं करेंगे, जहां नशे के आदि व्यक्ति शामिल हों। साथ ही जो लोग नशा चिट्टा में संलिप्त पाए जाएंगे, उनका भी सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा। पहले बैठक पंचायत सभागार में आयोजित हुई, जहां यह फैसला लिया गया। इसके पश्चात पंचायत घर से एक प्रतिनिधिमंडल डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा से दाड़ला थाने में मिला, जहां इस बारे में चर्चा की गई। डीएसपी दाड़लाघाट के साथ बैठक में नशे के खिलाफ लड़ने के लिए रणनीतियों पर चर्चा की गई। संदीप शर्मा ने स्थानीय लोगों को नशे के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# सोलन में बगैर फूड लाइसेंस के संचालित किए जा रहे शराब के ठेके

## खाद्य सुरक्षा विभाग नकेल कसने की तैयारी में, जिले में 6 यूनिट के 144 शराब के ठेके

**आर मोहन चौहान, सोलन**

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के तहत शराब ठेके के संचालन के लिए भी फूड लाइसेंस लेना जरूरी है पर जिला सोलन में चल रहे शराब के करीब 144 ठेके बिना फूड लाइसेंस के ही चल रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग की चेतावनी के बावजूद शराब ठेके का मालिकों पर इसका असर नहीं हुआ। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के नियम को मानने से गुरेज कर रहे ठेकेदारों पर अब खाद्य सुरक्षा विभाग कार्रवाई की तैयारी में है। विभाग के मुताबिक अब तक एक भी शराब के ठेकेदार ने फूड लाइसेंस के लिए अप्लाई नहीं किया है। ऐसे में अब खाद्य सुरक्षा विभाग सोलन भी सख्त होने जा रहा है। विभाग की मानें तो यदि जल्द ही शराब के ठेकेदारों ने फूड लाइसेंस अप्लाई नहीं किया, तो विभाग उन पर सख्त कार्रवाई करेगा। जानकारी के अनुसार जिला सोलन में इस समय 6 यूनिट के करीब 144 शराब के ठेके हैं। यह सभी शराब के ठेके मार्च महीने में ओपन नीलामी के बाद दिए गए हैं। कुल करीब 130 करोड़ रुपए में नीलाम हुए शराब की यह 6 यूनिट ने 6 एक्साइज डिपार्टमेंट से तो लाइसेंस लिया है, लेकिन वह खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेना भूल गए हैं, जबकि नियम अनुसार शराब एक फूड आइटम में आती है। लिहाजा इसका लाइसेंस होना अनिवार्य होना चाहिए। विभाग की माने तो किसी भी शराब के ठेकेदार ने अब तक फूड लाइसेंस लेने के लिए अप्लाई नहीं किया है। इसका खामियाजा एक तो नियम को दरकिनार कर रखा जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ खाद्य सुरक्षा विभाग को जो इनकम होनी थी। वह भी नहीं हो पा रही है। खैर इस पूरे मसले पर जल्द ही खाद्य सुरक्षा विभाग भी कार्रवाई कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

> जिले में किसी भी शराब के ठेकेदार ने अभी तक फूड लाइसेंस के लिए अप्लाई नहीं किया है। इस बारे में कई बार ठेकेदारों को पहले ही अवगत किया जा चुका है। निर्देशों की पालना न करने पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
> **अरुण चौहान, सहायक आयुक्त, सोलन।**

## माल रोड पर बिना अनुमति के रैली करने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ दर्ज हो मुकदमा : कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, सोलन**



भाजपा की तरफ से सरकार के खिलाफ निकाली गई आक्रोश रैली के बाद अब कांग्रेसी नेता सरकार के बचाव में आगे आए हैं। निवर्तमान जिला सोलन अध्यक्ष शिव कुमार की अगुवाई में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेसी नेताओं ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि उन्होंने भीड़भाड़ वाले माल रोड पर बिना प्रशासन की अनुमति के रैली का आयोजन किया, जिससे आम लोगों को असुविधा हुई।

उन्होंने कहा कि आम जनता के हित की बात करने का दावा करने वाली भाजपा जनता की असुविधा का ख्याल नहीं रख सकी। उनका कहना था कि प्रशासन इस मामले में सख्त कार्रवाई करने जा रहा है संभव है कि भाजपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया जाए। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि भाजपा के नेता जिस निर्लजता के साथ माल रोड पर जाम लगाकर नारेबाजी और डांस कर रहे थे, उसे देखकर किसी भी एंगल से नहीं लगा कि वे भाजपा के चाल चरित्र व चेहरे वाली राजनीति से निकले हुए नेता हैं। बिना प्रशासनिक इजाजत के माल रोड पर रैली करने वाले नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। वहीं, जोगिंद्रा बैंक सोलन के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को गरीबों और वंचितों का नेता बताया। इसके अलावा महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादे के अनुरूप महिलाओं से आवेदन मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश सरकार को व्यवस्था परिवर्तन की सरकार यूं ही नहीं कहते। वे व्यवस्था परिवर्तन करके दिखा भी रहे हैं।

## इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत सिरमौर जिले में 4128 महिलाएं लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, नाहन**




हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के हर वर्ग के उत्थान में महत्वपूर्ण प्रगति की है। प्रदेश सरकार द्वारा कमजोर वर्गों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं।

राज्य सरकार ने प्रदेश की महिलाओं व अन्य संवेदनशील वर्गों के उत्थान के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए हैं। राज्य सरकार ने अपने लगभग दो वर्ष के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। सिरमौर में प्रदेश सरकार की महिला कल्याण के लिए समर्पित सभी योजनाओं का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन कर पात्र महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की प्रमुख योजना इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत सिरमौर में 4128 पात्र महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी पात्र महिलाओं को 1500 प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। सिरमौर में इस योजना के तहत अब तक 75425 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 4128 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गए हैं। इस संदर्भ में सिरमौर के जमटा की अंकिता जो अपने अभिभावकों के साथ रहती है और अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए अपने परिजनों पर निर्भर है। अंकिता का कहना है कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना योजना से उनकी अपने परिजनों पर निर्भरता कम हुई हैं, जिसके लिए वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू की आभारी हैं। इसी प्रकार, सिरमौर के नाहन की अलिशा ने हिमाचल सरकार का 18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को 1500 प्रतिमाह प्रदान करने की गारंटी को पूर्ण कर इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना लागू करने पर आभार व्यक्त किया। प्रदेश का समग्र एवं समावेशी विकास सुनिश्चित करने और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं के लिए हिमाचल प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हिम ईरा ब्रांड नामक विक्रय केंद्र आरंभ किए गए हैं। सिरमौर की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उनके उत्पाद का उचित मूल्य तथा उनकी आर्थिकी को हिम ईरा विक्रय केंद्रों के माध्यम से सुदृढ़ता प्राप्त हो रही है।

## भारतीय मानक ब्यूरो ग्राहकों को जागरूक करने के लिए चला रहा अनेक कार्यक्रम



उपभोक्ता जागरूक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अखिल भारतीय ग्राहक कल्याण परिषद हिमाचल प्रदेश की बैठक तारा देवी विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक एआईसीडब्लयूसी हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में उनके साथ महिला विंग अध्यक्ष सावित्री कश्यप भी मौजूद रही। हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष अजय शर्मा ने बैठक में मुख्यातिथि एआईसीडब्लयूसी नेशनल चेयरमैन विख्यात सेनई को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। उनके साथ चंडीगढ़ के अध्यक्ष इकबाल सिंह, चंडीगढ़ स्टेट प्रेसिडेंट रुपा शर्मा, जॉन प्रेसिडेंट गुरवेज सिंह ढिल्लों, डॉ. इंद्रजीत सिंह कौर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अजय शर्मा ने सभी का स्वागत किया। हिमाचल प्रदेश कार्यकारिणी में इस एकदिवसीय उपभोक्ता जागरूक प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर सभी सदस्य बहुत उत्साहित थे, जब से कार्यकारिणी का निर्माण हुआ है सभी सदस्य यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि उन्हें आगे और किस तरह की जिम्मेदारियों के साथ कार्य करना है।

इस बैठक का आयोजन अपने कार्यों के प्रति जागरूक होने और समाज में संस्था द्वारा कार्य कैसे करना है इसके लिए किया गया है। उन्होंने मुख्यातिथि से आग्रह किया कि वह संस्था के कार्यों की पूरी जानकारी उन्हें दें।

## बार एसोसिएशन ने बिगड़ती कानून व्यवस्था पर जताई चिंता

**बीबीएन।** बार एसोसिएशन नालागढ़ ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक की गई। बार एसोसिएशन ने शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर चिंता जाहिर की। बैठक में एडवोकेट लाभ सिंह वार्ड-9 की बीते दिन देर-रात अज्ञात द्वारा गाड़ी में आग लगाने पर पुलिस की संतोषजनक कार्रवाई न होने पर चिंता जाहिर की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आज तक पुलिस आरोपी को पकड़ नहीं पाई है, जबकि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना नालागढ़ की ओर से पूरे मामले की गंभीरता से जांच नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक बद्दी को पूरे मामले की गंभीरता से जांच करने को कहा ताकि आरोपी को पकड़ा जा सके।

## नालागढ़ रेडक्रॉस मेले में गायक रंजीत बावा को बुलाने पर हिंदू संगठनों ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले में आने से पहले ही पंजाबी गायक रंजीत सिंह बावा का विरोध शुरू हो गया है। 15 दिसंबर को पंजाबी गायक रंजीत बावा कार्यक्रम के समापन अवसर पर बुलाया गए है, जो कि अपनी प्रस्तुति देंगे, लेकिन उनका विरोध स्थानीय हिंदू संगठनों व स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर करना शुरू कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने बावा पर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। विश्व हिंदू परिषद सोलन के विभाग मंत्री राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि नालागढ़ प्रशासन के इस फैसले का विरोध करते है क्योंकि रंजीत सिंह बावा ने हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

हमारे जनेऊ, शिव भगवान और गौ माता पर गलत टिप्पणी करने वाले गायक व कलाकार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष-2022 में भी चंबा के मिंजर मेले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के विरोध के बाद जिला प्रशासन ने बावा का कार्यक्रम रद्द कर दिया था। राजश कुमार ने डीसी सोलन से मांग उठाते हुए रंजीत बावा के कार्यक्रम को रद्द करने की मांग उठाई है और हिमाचल के अच्छे कलाकारों को मौका देने का आग्रह किया। जिला स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन नालागढ़ के ओल्ड ब्वॉयज स्कूल में 13 से 15 दिसंबर तक होने जा रहा है। इस दौरान हिमाचल व पंजाब के कई गायक अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसका शुभारंभ राज्यपाल के द्वारा किया जाएगा और समापन अवसर पर मुख्यमंत्री सुक्खू शामिल होंगे। एसडीएम नालागढ़ राज कुमार का कहना है कि कमेटी ने जिन कलाकारों का चयन किया था, उन्हें बुलाया जा रहा है।

> **सोशल मीडिया पर हो रहा जमकर विरोध**
> **हिंदू** संगठन से जुड़े लोग और स्थानीय लोग भी रंजीत बावा को रेडक्रॉस मेले में बुलाने का विरोध कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी जमकर इस गायक का विरोध किया जा रहा है और प्रशासन से इसे रद्द करने की मांग उठाई गई है।

**कहा-हिंदुओं की भावनाओं को पहुंचा चुके हैं ठेस इसलिए नहीं बर्दाश्त होगा ऐसा गायक**

## शूलिनी विवि का किया दौरा



शूलिनी विश्वविद्यालय पहुंचे रॉयल होलो-वे विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने ब्रिटेन के प्रसिद्ध संस्थानों, रॉयल होलोवे, लंदन विश्वविद्यालय (आरएचयूएल) के प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी की, जो अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग में महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

आरएचयूएल में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट के कार्यकारी डीन प्रोफेसर क्रिस्टोस त्सिनोपोलोस ने अभूतपूर्व शैक्षणिक साझेदारी पर चर्चा करने के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय का दौरा किया। यात्रा का मुख्य आकर्षण 1+1 एमबीए कार्यक्रम की घोषणा थी, जो छात्रों को अपना पहला वर्ष शूलिनी विश्वविद्यालय में और दूसरा आरएचयूएल, यूके में बिताने की अनुमति देगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा और मूल्यवान अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करना है, जिससे शूलिनी विश्वविद्यालय अपने छात्रों को वैश्विक सीखने के अवसरों के साथ सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को मजबूत कर सके। कुलपति प्रोफेसर अतुल खोसला ने कहा कि ये सहयोग हमारे छात्रों के लिए वैश्विक प्रदर्शन हासिल करने और शिक्षा और नवाचार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के हमारे मिशन के साथ जुड़कर हमारी अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के द्वार खोलेंगे।

## 15 दिसंबर तक करवाएं गेहूं और जौ की फसलों का बीमा : राजकुमार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 15 दिसंबर तक रबी मौसम में गेहूं व जौ की फसलों का बीमा किया जाएगा तथा इस योजना के तहत गेहूं की फसल के लिए 72 रुपए प्रति बीघा और जौ की फसल के लिए 60 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम देनी होगी।

यह जानकारी कृषि उपनिदेशक नाहन राजकुमार ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गेहूं की फसल के लिए कुल बीमित राशि 60 हजार प्रति हेक्टेयर और जौ की फसल के लिए 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है। रबी के मौसम की मुख्य फसलों गेहूं व जौ को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए कृषि विभाग की योजना एआईसी कंपनी के द्वारा चलाई जा रही फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 निर्धारित की गई है इससे न केवल किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई होगी, बल्कि उनकी रोजी रोटी के संकट को भी दूर किया जा सकेगा। किसान अपने फसलों का बीमा अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र के माध्यम से करवा सकते हैं। किसान ऑनलाइन पोर्टल पर भी आवेदन कर सकते हैं इसके अलावा नजदीकी बैंक जाकर भी बीमा किया जा सकता है। इसके लिए किसानों को बैंक पास बुक जमाबंदी बिजाई प्रमाण पत्र व आधार कार्ड साथ ले जाने की आवश्यकता होगी।

ऋणी किसानों के लिए यह योजना ऐच्छिक रहेगी तथा किसानों को इस योजना का लाभ लेने अथवा नहीं लेने के लिए अपने बैंक शाखा को सूचित करना होगा। उपनिदेशक कृषि विभाग ने बताया कि किसान अपनी फसलों का बीमा जरूर करवाएं, जिससे उनको होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र या विषय वाद विशेषज्ञ (कृषि) से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि फसलों के बीमा संबंधी जानकारी के लिए राहुल चौहान, जिला प्रबंधक, कृषि विभाग के मोबाइल नं. 98166-40065 पर संपर्क कर सकते हैं।

**आयोजन** आरजीएसएसवाई की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

# स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में डीसी के कक्ष में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना (आरजीएसएसवाई) की जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत जिला सिरमौर के दो लाभार्थियों जिन में सद्दाम हुसैन वीपीओ मिश्रवाला, तहसील पांवटा तथा आकाश भंडारी गांव बानर पीओ गगल शिकोर तहसील पच्छाद को ई-टैक्सी खरीदने की अनुमति प्रदान की गई।

जिला रोजगार अधिकारी नाहन जगदीश कुमार ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल सरकार द्वारा युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार योजना क्रायान्वित की जा रही है। इस योजना के तहत लाभार्थी को नया उद्योग स्थापित करने के लिए 90 प्रतिशत तक ऋण प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 10 प्रतिशत व्यय लाभार्थी द्वारा वहन करना होगा तथा इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदकों को विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध पोर्टल पर एक सामान्य आवेदन पत्र जमा करवाना होगा। इस योजना का लक्ष्य विशेष रूप से हरित क्षेत्र से संबंधित नई परियोजनाओं को प्रोत्साहन प्रदान करना है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना के तहत युवाओं को ई-बसें, इलेक्ट्रिक टैक्सियां, इलेक्ट्रिक ट्रक खरीदने के लिए प्रोत्साहन किया जाएगा। इसके अलावा दंत क्लीनिक, 1 मेगावाट तक वाणिज्यिक सौर ऊर्जा परियोजना और मत्स्य पालन की परियोजना के लिए भी युवाओं को प्रोत्साहन के लिए सुविधा प्रदान की जाएगी। सन् 2026 तक इस योजना के माध्यम से हिमाचल देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनने और इलेक्ट्रिकल वाहनों के लिए एक आर्दश राज्य के रूप में विकसित होने में लाभकारी साबित होगा।

सरकार द्वारा इस योजना के तहत पात्र आवेदकों को प्लांट और मशीनरी या उपकरण के लिए अधिकतम 60 लाख के निवेश पर 25 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी, लेकिन कार्यशील पूंजी कुल परियोजना लागत एक करोड़ से अधिक की नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए निवेश सब्सिडी की सीमा 30 प्रतिशत होगी, जबकि महिलाओं और दिव्यांगजन लाभार्थियों के लिए 35 प्रतिशत तक की सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के प्रभावी संचालन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 10 करोड़ का कॉर्पस फंड आवंटित किया गया है।



आरजीएसएसवाई की जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सिरमौर।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, अर्की**



मां भारती विश्व सनातन रक्षा समिति अर्की इकाई के नेतृत्व में विभिन्न हिंदू संगठनों व महिला मंडलों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ अर्की प्रशासन के माध्यम से उपउच्चायुक्त बांग्लादेश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बंदलादेश की अंतिरम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के गठन के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ गई है।

इस हिंसा में आगजनी लूटपाट, हिंदू महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार व हिंदू मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने जैसी कई घटनाएं घटित हुई हैं। हिंदुओं पर हो रहे इन अत्याचारों के पीछे बांग्लादेश व पाकिस्तान के चरमपंथी विचारधारा के दलों का हाथ है। बांग्लादेश में हिंदू समाज के धन, धर्म व चरित्र को नष्ट करने व लगातार हो रही हिंसा, अपहरण, बलात्कार, लूटपाट व आगजनी सहित प्रमुख नागरिकों एवं हिंदू संतों की गिरफ्तारी से समस्त हिंदू समाज क्षुब्ध व आक्रोशित है क्योंकि बांग्लादेश सरकार इन अल्पसंख्यक समुदायों को कोई सुरक्षा प्रदान नहीं कर पा रही है। ज्ञापन के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल ने हिंदुओं की सुरक्षा एवं उन पर हो रहे अत्याचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई करने की मांग की है साथ ही सभी प्रमुख व्यक्तियों व हिंदू संतों की रिहाई की मांग की है। इससे पूर्व हिंदू संगठनों द्वारा अर्की बाजार में शिव मंदिर से लेकर एसडीएम कार्यालय तक विशाल रोष रैली निकाली गई।

## न्यूज ब्रीफ

### 293 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई

**लुधियाना।** अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने अपने 6ठे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया, जिसमें 293 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई। ये छात्र बैचलर ऑफ डिजाइन, बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, मास्टर ऑफ डिजाइन और अनंत फेलोशिप इन सस्टेनेबिलिटी एंड बिल्ट एनवायरनमेंट से जुड़े थे। समारोह में पद्म भूषण और पद्मश्री से सम्मानित, इंफोसिस फाउंडेशन की संस्थापक, लेखिका और परोपकारविद सुधा मूर्ति मुख्यातिथि रहीं। उनके साथ अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट अजय पिरामल, प्रोवोस्ट डॉ. अनुनया चौबे, फाउंडिंग प्रोवोस्ट डॉ. प्रमथ राज सिंहा और बोर्ड के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। पिरामल ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन, डॉ. स्वाति पिरामल ने भी इस खास अवसर की शोभा बढ़ाई। मूर्ति ने अपने संबोधन में डिजाइन की समस्याओं को हल करने का एक प्रभावी माध्यम बताया, जो अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के दृष्टिकोण से भी मेल खाता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण के लिए अपने अटूट समर्पण के बारे में बात की। उनके काम ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। हाल ही में राज्य सभा के लिए नामित श्रीमती मूर्ति का प्रभावशाली योगदान सामाजिक नवाचार और बेहतर समाज निर्माण की दिशा में जारी है।

### चंडीगढ़ कांग्रेस करेगी राजभवन का घेराव



**चंडीगढ़।** प्रदेश कांग्रेस बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करवाने के लिए 14 दिसंबर को पंजाब राजभवन की ओर मार्च करेगी और उसका घेराव करेगी क्योंकि इससे चंडीगढ़ के निवासियों पर भारी बोझ पड़ेगा और उनके बिजली के बिल कई गुना बढ़ जाएंगे, जो आम जनता को लूटने और एक निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने का प्रयास है और इसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी और इस कदम का पुरजोर विरोध करेगी। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने सभी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, राजनीतिक दलों, नगर पार्षदों, उद्योगपतियों दुकानदारों और सभी हितधारकों से इस मार्च में शामिल होने की अपील की। लक्की ने चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से भी आग्रह किया कि वे चंडीगढ़ बिजली विभाग के निजीकरण सौदे को तुरंत रद्द करें। लक्की ने कहा, प्रशासक एक अनुभवी राजनेता हैं और वर्षों से सार्वजनिक जीवन में हैं और वे इस मुद्दे की गंभीरता को समझेंगे और उनसे न्याय की उम्मीद है। इस सौदे में घोर अनियमितताएं हैं और कांग्रेस पार्टी शहर निवासियों और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए मजबूती से खड़ी है। यह जानकर बहुत हैरानी हुई कि एक भ्रष्ट कंपनी को यह डील दी गई। इस डील में कई गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। यूटी बिजली विभाग पिछले कई सालों से लाभ में रहा है और चंडीगढ़ में बिना किसी बड़ी शिकायत के अच्छी सेवा दे रहा है।

### पंजाब में दिव्यांग कोटे के 1754 पदों पर सीधी भर्ती



**चंडीगढ़।** दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) के लिए विभिन्न विभागों में खाली पड़े आरक्षित पदों के बैकलॉग को भरने के लिए विशेष भर्ती अभियान शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सामाजिक न्याय और बाल कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों में दिव्यांगों के खाली पदों के बैकलॉग की पहचान की गई है, अब तक विभिन्न विभागों में बैकलॉग के रूप में सीधी भर्ती के 1,754 पदों और पदोन्नति के 556 पदों की पहचान की गई है। मान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन खाली पदों को जल्द भरने की प्रक्रिया तेज की जाए।

### 14 दिसंबर को दिल्ली कूच करेंगे किसान

**चंडीगढ़।** शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने एक बार फिर दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि अब हम लोग 14 दिसंबर को दिल्ली की ओर मार्च करेंगे। हमारे प्रदर्शन को 303 दिन पूरे हो चुके हैं और किसानों का आमरण अनशन भी 15वें दिन पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि संगठनों ने तय किया है कि हम 14 दिसंबर को 101 किसानों का जत्था भेजेंगे। आज हम किसान आंदोलन की सफलता के लिए प्रार्थना करेंगे।

### राजस्थान में बोरवेल में गिरा बच्चा, रेस्क्यू जारी



**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले के कालीखाड गांव में बोरवेल में गिरे बच्चे को सकुशल निकालने के लिए मंगलवार को भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रेस्क्यू टीम ने कहा कि हम बच्चे को निकालने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को आर्यन नाम का लड़का खेलते समय बोरवेल में गिर गया था। तभी से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बोरवेल के बगल में एक गड्ढा खोदा जा रहा है। मासूम 160 फुट गहरे बोरवेल में करीब 150 फीट पर अटका हुआ है। बोरवेल के समीप खुदाई कर बच्चे तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। करीब 10 जेसीबी और ट्रैक्टर से तेजी से मिट्टी निकाली जा रही है।

### खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षाबलों ने आतंकी ढेर किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। यह ऑपरेशन खुफिया इनपुट के आधार पर चलाया गया। सुरक्षाबलों ने प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पर अभियान चलाया। इस दौरान मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए, जबकि एक को घायल अवस्था में पकड़ा गया।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके 15 से भारत की यात्रा पर



**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके 15 दिसंबर से भारत की दो दिवसीय यात्रा करेंगे। राष्ट्रपति का कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। प्रवक्ता नलिंडा जयतिस्सा ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान दिसानायके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति की इस यात्रा के दौरान उनके साथ विदेश मंत्री विजिता हेराथ और उप वित्त मंत्री अनिल जयंत फर्नांडो भी मौजूद रहेंगे। जयतिस्सा स्वास्थ्य मंत्री भी हैं।

### मुख्यमंत्री फडणवीस से मिले गौतम अडानी



**मुंबई।** उद्योगपति गौतम अडानी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के नवनियुक्त मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात फडणवीस के दक्षिण मुंबई स्थित 'सागर' बंगले में हुई। फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सके थे, इसलिए आज उनसे मिले।

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में पहुंची

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 223 दर्ज किया गया। दिल्ली के 38 निगरानी स्टेशन में से केवल जहांगीरपुरी में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। प्रति घंटे आंकड़े उपलब्ध कराने वाले समीर ऐप के अनुसार, 27 निगरानी स्टेशन ने वायु गुणवत्ता को 'खराब' श्रेणी में बताया, जबकि शेष 'मध्यम' श्रेणी में थे। दिल्ली में सोमवार को वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में दर्ज की गई थी।

### कर्नाटक के पूर्व सीएम कृष्णा का निधन



**बेंगलुरु।** पूर्व विदेश मंत्री और कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे एसएम कृष्णा का सोमवार देर रात करीब 2:45 बजे निधन हो गया। वे 92 साल के थे। कृष्णा ने बेंगलुरु में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वे उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे। कर्नाटक सरकार ने पूर्व सीएम के निधन पर 3 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। वहीं, एसएम कृष्णा के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है।

### बांसुरी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता सत्येंद्र जैन ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एक टीवी इंटरव्यू के दौरान किए गए कमेंट से उनकी इमेज खराब हुई है। जैन के मुताबिक बांसुरी स्वराज ने झूठा दावा किया कि उनके आवास से 3 करोड़ रुपए, 1.8 किलो सोना और 133 सोने के सिक्के बरामद हुए थे। उनका तर्क है कि ये आरोप निराधार थे और उनकी छवि खराब करने के लिए राजनीति से प्रेरित थे। राउज एवेन्यू कोर्ट आज सत्येंद्र की याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार है। अदालत 16 दिसंबर को फैसला सुनाएगी।

# विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी के सक्रिय योगदान की आवश्यकता : नितिन गडकरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**





अमेजन ने सालाना आयोजित होने वाले अपने 'संभव समिट' के पांचवें संस्करण में 'विकसित भारत' के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का विस्तार करने वाली कई पहलों की घोषणा की। संभव समिट, अमेजन के भारत के छोटे व्यवसायों का जश्न मनाने, उनका समर्थन करने और उन्हें सशक्त बनाने से जुड़े प्रयास का अंग है, जिसका उद्देश्य भारत और दुनिया भर में उन व्यवसायों के विकास में तेजी लाना है।

अमेजन ने इस प्रयास के तहत, भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की सरकार की प्रमुख प्राथमिकता को गति देने के लिए डीपीआईआईटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। अमेजन ने अपने संभव वेंचर फंड से 120 मिलियन डॉलर ऐसे स्टार्टअप में निवेश करने के लिए निर्धारित किए हैं, जो भारत में उपभोक्ता वस्तुओं के विनिर्माण को डिजिटल बनाएंगे और घरेलू और वैश्विक मांग को पूरा करेंगे, जिससे हजारों की तादाद में रोजगार पैदा होगा। अमेजन अपनी निर्यात प्रतिबद्धता को चार गुना बढ़ा रही है और 2030 तक भारत से कुल 80 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात संभव बनाने की योजना बना रही है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारतीय एमएसएमई, विनिर्माताओं और डी2सी स्टार्टअप के लिए अमेजन के ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम के जरिए करने के साथ-साथ अमेजन के ग्लोबल मार्केटप्लेस में बेचे जाने वाले मेड-इन-इंडिया उत्पादों की सोर्सिंग के संयोजन से प्रेरित होगी। अमेजन विभिन्न क्षेत्रों से निर्यात करने में मदद करना जारी रखेगी, जिसमें घर एवं रसोई से जुड़े उत्पाद, परिधान एवं वस्त्र, खिलौने, स्वास्थ्य एवं न्यूट्रिशन सप्लीमेंट, आयुर्वेदिक उत्पाद आदि शामिल हैं।अमेजन इसके अलावा, अब पूरे भारत के व्यवसायों को अपनी विश्व स्तरीय, विश्वसनीय और किफायती लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदान करेगी।

कंपनी ने विभिन्न क्षमता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 5 फुट से 40 फुट तक के पूर्ण ट्रक लोड विकल्पों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर इंट्रा-सिटी (शहर के भीतर) और इंटर-सिटी (विभिन्न शहरों में) परिवहन सेवाओं के लिए अमेजन फ्रेट और 14,000 से अधिक पिन कोड में सेवा प्रदान करने वाली लास्ट माइल (अंतिम-मील) डिलीवरी सेवाओं के लिए अमेजन शिपिंग लांच की है और इसके तहत डिलीवरी (डिलीवरी डेट) और पिकअप के लिहाज से बेहतर अनुभव प्रदान करने की व्यवस्था है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, सरकार के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी हितधारकों के सक्रिय योगदान की आवश्यकता है। विनिर्माण, एआई और निर्यात की दिशा में अमेजन की पहल बहुत सराहनीय है। हम अमेजन की देश भर में अपनी लॉजिस्टिक्स से जुड़ी विशेषज्ञता का लाभ उठाने की कोशिश को महत्वपूर्ण मानते हैं, जो शहरी से लेकर ग्रामीण इलाकों तक के व्यवसायों को सशक्त बनाता है। अमेजन में उभरते बाजार विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमित अग्रवाल ने कहा, मैं भारत में अमेजन के लिए आने वाले अवसरों को लेकर बेहद उत्साहित हूं। भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इस लिहाज से यह अमेजन के लिए एक प्रमुख बाजार है। हम जिन क्षेत्रों पर ध्यान दे रहे हैं, वह सरकार के छोटे व्यवसायों को डिजिटल बनाने, निर्यात को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के दृष्टिकोण और प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं।

## कोटक सिक्योरिटीज का मार्केट आउटलुक जारी

**चंडीगढ़।** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो-इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ-साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरुआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा। कोटक सिक्योरिटीज मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में 2025 के लिए मुख्य प्रवृत्तियों और प्रभावों का विवरण दिया गया है।

## एमसी कमिश्नर ने तिब्बत पोटाला बाजार का किया उद्घाटन

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ नगर निगम कमिश्नर अमित ने रिबन काटकर बाजार का किया विधिवत शुभारंभ।

सेक्टर-17 स्थित सर्कस ग्राउंड में लगे तिब्बत पोटाला बाजार की आज से शुरुआत हो गई है, जिसका चंडीगढ़ नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने रिबन काट कर बाजार का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर चंडीगढ़ नगर निगम पार्षद प्रेम लता सहित सुरेश कपिला और तिब्बत पोटाला बाजार के प्रबंधन सदस्य व दुकानदार मौजूद थे। निगम कमिश्नर ने पार्षद प्रेमलता व अन्य के साथ पोटाला बाजार का दौरा कर स्टाल्स पर उपलब्ध वस्त्रों को देखा और उनकी खूबियों को सराहा। तिब्बत समुदाय ने इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार का धन्यवाद करते हुए प्रतिवर्ष बाजार लगाने में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। समस्यायों में प्रतिदिन लग रहा रेंट ही बेहद ही ज्यादा है। साथ ही लगभग 2 महीने चलने वाले इस बाजार के लिए मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बताया। निगम कमिश्नर अमित ने तिब्बती समुदाय का आभार जताते हुए कहा कि बेशक तिब्बती आज भारत देश मे शरणार्थी हैं, लेकिन देश की आर्थिकता में भी यह अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने तिब्बती परिवार के बच्चों को व्यापार में माता-पिता का सहयोग देने की प्रशंसा की, लेकिन वहीं सुझाव दिया कि पढ़ाई, लिखाई के प्रति भी उनमें रुझान होना चाहिए। पढ़ोगे तो ही आगे बढोगे। उन्होंने तिब्बती गर्म वस्त्रों की भी तारीफ की और कहा कि तिब्बती वस्त्रों के प्रति लोगों में अलग ही क्रेज होता है। सर्दियों में यह गर्म वस्त्र बेहद गरमाहट प्रदान करते हैं। उनकी समस्याओं को लेकर निगम कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि वो इस दिशा में अवश्य प्रयास करेंगे, ताकि उन्हें पेश आ रही समस्याओं का निवारण हो सके। सेक्टर-17 स्थित सर्कस ग्राउंड में लगने वाले तिब्बत पोटाला बाजार का नाम सुनते ही लोग इस बाजार का रूख करते हैं। सर्दियों में शिद्दत के साथ शहर के लोग इस बाजार का इंतजार करते हैं क्योंकि इस बाजार में लोगों को अच्छे वूलन वस्त्र कम कीमत पर मिल जाते है। इसके अलावा भी इस मार्केट की कई और खासियत है। (अनंत ज्ञान)

### हाथों से बुने हुए कपड़े होते हैं खास

**एक** तिब्बती दुकानदार बताती हैं कि उनका पूरा समुदाय इस व्यापार से जुड़ा रहता है और अपने घरों में भी कई तरह के प्रोडक्ट बनाते हैं। भारत में शरण लेने के बाद उन लोगों ने इस व्यापार को अपने जीवन यापन का साधन बनाया इसलिए साल के 9 महीने देश के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सामान इकट्ठा करते हैं और फिर उसके बाद उसे अपने कारखाने या घरों में डिजाइनदार कपड़े का रूप देते हैं।

## 250 छात्रों को 1.25 करोड़ रुपए की मेगा स्कॉलरशिप दी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



हमीरपुर बिलासपुर व कांगड़ा के 250 छात्रों को 'मेरे शहर के 100 रत्न' स्कॉलरशिप टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर 1.25 करोड़ रुपए की मेगा स्कॉलरशिप दी गई। इस टेस्ट को क्रैक अकादमी ने अपनी सीएसआर पहल के तहत आयोजित किया था।

छात्रों को 50,000 प्रति छात्र के हिसाब से कुल 1.25 करोड़ की स्कॉलरशिप दी गई। क्रैक अकादमी के सीईओ और फाउंडर नीरज कंसल ने कहा, स्कॉलरशिप का उद्देश्य टियर 3 और 4 शहरों के छात्रों को बेहतर शिक्षा और कोचिंग प्रदान करना है। इस पहल का मकसद छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनके सपनों को साकार करने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि इस टेस्ट ने क्षेत्र के असाधारण प्रतिभाशाली छात्रों को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमारा उद्देश्य है कि इन छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की कोचिंग, प्रेरक मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संसाधन उपलब्ध करवाएं, जिससे वे पूरे देश से आने वाली प्रतिस्पर्धा का आत्मविश्वास से सामना कर सकें।

## देश-विदेश

## सीयूईटी-यूजी 2025 में फेरबदल : अब अधिकतम 5 विषयों की दे सकेंगे परीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**विद्यार्थी किसी भी विषय की दे सकते हैं परीक्षा, 12वीं में भी न पढ़ा हो**

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा कि 2025 से (विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा-स्नातक) सीयूईटी-यूजी केवल कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के तौर पर आयोजित की जाएगी और विद्यार्थी किसी भी विषय में सीयूईटी-यूजी परीक्षा देने की इजाजत होगी, भले ही उन्होंने 12वीं में उस विषय की पढ़ाई न की हो।

उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से गठित की गई विशेषज्ञों की एक समिति ने इस परीक्षा की समीक्षा की तथा कई बदलावों का प्रस्ताव दिया। पिछले साल के 'हाइब्रिड मोड' (कंप्यूटर आधारित एवं उत्तर पुस्तिका वाली व्यवस्था) के विपरीत 2025 से माध्यम सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) ही होगा। हमने विषयों की संख्या भी 63 से घटाकर 37 कर दी है तथा हटा दिए गए विषयों के लिए प्रवेश सामान्य योग्यता परीक्षण में मिले अंक के आधार पर दिए जाएंगे। परीक्षा के 2025 के संस्करण में किए गए बदलावों की व्याख्या करते हुए कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अब छह के बजाय अधिकतम पांच विषयों में सीयूईटी-यूजी दे पाएंगे। परीक्षा की अवधि, जो विषयों के हिसाब से 45 मिनट से 60 मिनट तक होती थी, अब 60 मिनट के रूप में मानकीकृत कर दी गई है। परीक्षा में वैकल्पिक प्रश्नों की अवधारणा भी समाप्त कर दी गई है और अब सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।

### ममता बनर्जी को करना चाहिए विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व : लालू यादव



**पटना।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस बयान पर कि वह विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। इस पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें भाजपा विरोधी इस गठबंधन का नेतृत्व करने दिया जाना चाहिए। लालू ने कहा कि कांग्रेस के विरोध से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, उन्हें विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने दिया जाना चाहिए।

## शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार, सेंसेक्स में 1 अंक की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**



**शेयर** बाजार में मंगलवार को फ्लैट कारोबार रहा। सेंसेक्स 1 अंक की तेजी के साथ 81,510 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 8 अंक की गिरावट रही, ये 24,610 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 189 अंक की तेजी के साथ 57,503 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में गिरावट और 23 में तेजी रही। ह्स्व सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 1.43 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।

### अगस्टा वेस्टलैंड : क्रिश्चियन की जमानत अर्जी का विरोध

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में 3,600 करोड़ रुपए के अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर प्रकरण से जुड़े धनशोधन मामले में कथित बिचौलिए और ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जमानत याचिका का विरोध किया। नयायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा के समक्ष पेश होते हुए ईडी के वकील ने कहा कि जेम्स के भागने का खतरा है और अपराध की गंभीरता को देखते हुए उसे राहत नहीं दी जा सकती।

### यूपी के फतेहपुर में नूरी मस्जिद का अवैध निर्माण ढहाया गया

**फतेहपुर।** यूपी के फतेहपुर में 185 साल पुरानी नूरी मस्जिद का अतिक्रमण ढहाया गया। हाईवे के चौड़ीकरण को लेकर 5 बुलडोजर ने करीब 7 घंटे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान नूरी मस्जिद का कुछ हिस्सा भी तोड़ा गया। 25000 लोगों को नजरबंद किया गया है। पुलिस ने 500 मीटर एरिया को सील कर दिया है और ड्रोन से निगरानी की जारी है। बांदा-बहराइच राजमार्ग संख्या-13 के चौड़ीकरण के लिए मस्जिद के अवैध निर्माण वाले कुछ हिस्से को हटाने के संबंध में नोटिस दिया था।

## सूखा-प्रभावित क्षेत्रों की वित्तीय मदद का मसला खुद सुलझाएं केंद्र और कर्नाटक सरकार : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कर्नाटक** में सूखा प्रभावित क्षेत्रों को वित्तीय मदद मुहैया कराने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (एनडीआरएफ) वित्तीय सहायता से जुड़े इस मसले को केंद्र और कर्नाटक सरकार को खुद ही सुलझाना चाहिए। केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकरमाणी ने जस्टिस बीआर गवाई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच से अपील की कि उन्हें इस मामले में हलफनामा दायर करने के लिए और समय चाहिए। इस पर बेंच ने कहा कि यह मामला आप खुद ही सुलझाएं। गौरतलब है कि कर्नाटक सरकार ने सूखा प्रबंधन के लिए याचिका डालकर मांग की है कि सर्वोच्च न्यायालय केंद्र को एनडीआरएफ के जरिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता प्रदान करने का निर्देश दे।

### बदायूं में जामा मस्जिद बनाम नीलकंठ महादेव मंदिर मामले में सुनवाई टली

**बदायूं।** बदायूं की जामा मस्जिद बनाम नीलकंठ महादेव मंदिर मामले में मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी है। जिला बार के अधिवक्ता के निधन के चलते अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इसी के चलते सुनवाई टल गई। अब इस मामले की सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।

## धोखाधड़ी के मामले में दिल्ली कोर्ट ने अभिनेता धर्मेंद्र व दो अन्य को तलब किया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** की एक अदालत ने गरम धरम ढाबा फ्रेंचाइजी से संबंधित धोखाधड़ी के एक मामले में फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र और दो अन्य को तलब किया है। वकील डीडी पांडे ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने दिल्ली के व्यवसायी सुशील कुमार की शिकायत पर 89 वर्षीय इन अभिनेता के खिलाफ यह आदेश पारित किया। सुशील ने आरोप लगाया था कि उन्हें फ्रेंचाइजी में निवेश का प्रलोभन दिया गया था। न्यायाधीश ने पांच दिसंबर को पारित आदेश में कहा था कि साक्ष्यों से धोखाधड़ी के अपराध का खुलासा होता है।

## रेपो दर नहीं, वृद्धि में गिरावट के और कारक भी जिम्मेदार : दास

**एजेंसी, मुंबई**



**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निवर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि आर्थिक वृद्धि में नरमी के लिए सिर्फ रेपो दर नहीं, बल्कि कई अन्य कारक भी जिम्मेदार हैं। केंद्रीय बैंक प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के अंतिम दिन संवाददाता सम्मेलन में दास ने कहा कि वृद्धि-मुद्रास्फीति संतुलन को बहाल करना केंद्रीय बैंक के समक्ष सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। छह साल के कार्यकाल में कोविड-19 वैश्विक महामारी, यूक्रेन तथा पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी प्रमुख भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को संभाला है। दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने लगातार 11 बार से रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है।

### अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम काम करने की होगी कोशिश : संजय



**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि 11 दिसंबर को आरबीआई के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वह सभी नजरियों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम काम करने की कोशिश करेंगे। किसी को भी (इस पद पर काबिज) क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम करना होगा।

## ट्रंप ने भारतीय मूल की हरमीत ढिल्लों को सहायक अटॉर्नी जनरल नामित किया

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल की अमेरिकी हरमीत ढिल्लों को न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक 'अटॉर्नी जनरल' नामित किया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा की कि मुझे अमेरिकी न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में हरमीत के ढिल्लों को नामित करते हुए खुशी हो रही है। ट्रंप ने कहा कि हरमीत देश के शीर्ष चुनावी पैरोकारों में से एक हैं, जो यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ रही हैं कि सभी और केवल वैध वोट की गिनती की जाए। वह 'डार्टमाउथ कॉलेज' और 'यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया लॉ स्कूल' से स्नातक हैं और 'यूएस फोर्थ सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स' में कर्मी रही हैं।

### दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों को कथित तौर पर निशाना बनाए जाने के खिलाफ मंगलवार को नागरिक समाज के सदस्यों के प्रस्तावित विरोध मार्च के मद्देनजर बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने विरोध मार्च के मद्देनजर बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। किसी को भी कानून-व्यवस्था का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

## फिलीपीन में ज्वालामुखी विस्फोट, 87 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया



**मनीला।** फिलीपीन के मध्य क्षेत्र में ज्वालामुखी फटने के बाद मंगलवार को लगभग 87 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। ज्वालामुखी फटने के बाद उससे गैस तथा राख का विशाल गुबार निकलता देखा गया और मलबे के साथ अत्यधिक गर्म लावा पश्चिमी ढलानों से नीचे की ओर बहता दिखा। केंद्रीय नीग्रोस द्वीप पर माउंट कनलाओन ज्वालामुखी में हुए हालिया विस्फोट में तत्काल कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन चेतावनी को एक स्तर और बढ़ा दिया गया है जो और अधिक तीव्र विस्फोट होने की आशंका जता रही है। फिलीपीन के मुख्य ज्वालामुखी विज्ञानी टेरेसिटो बैकोलकोल ने बताया कि ज्वालामुखी की राख एंटीक प्रांत सहित पश्चिम में 200 किलोमीटर से अधिक दूर तक समुद्री क्षेत्र में गिरी। राख के गुबार की वजह से दृश्यता कम हो गई और स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो गया।

# लिरेन के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेंगे गुकेश

**एजेंसी, सिंगापुर**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश महत्वपूर्ण बढ़त गंवाने के बाद बुधवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 13वीं बाजी में जब गत चैंपियन डिंग लिरेन से भिड़ेंगे तो उन्हें वापसी करने के अपने दृढ़ संकल्प पर भरोसा करना होगा।

सबसे कम उम्र के चैलेंजर 18 वर्षीय गुकेश और चीन के 32 वर्षीय लिरेन के बीच दिलचस्प मुकाबला चल रहा है जिसमें कोई भी खिलाड़ी लंबे समय तक अपनी बढ़त कायम नहीं रख पाया है। एक दिन के विश्राम के बाद दोनों खिलाड़ी बुधवार को फिर से एक दूसरे का सामना करेंगे।

**विश्व शतरंज चैंपियनशिप**



फाइल फोटो

इस 14 दौर के मुकाबले में 12 दौर के बाद स्कोर 6-6 से बराबर है और जो भी खिलाड़ी सबसे पहले 7.5 तक पहुंचेगा वह विश्व चैंपियन बन जाएगा। अगर 14 दौर के बाद भी स्कोर बराबर रहता है तो फिर टाइब्रेक का सहारा लिया जाएगा। गुकेश के पास 11वीं बाजी जीतने के बाद 7.5 के जादुई अंक तक पहुंचने का मौका था, लेकिन वह अगली बाजी हार गए। भारतीय खिलाड़ी को अगली बाजी सफेद मोहरों से खेलनी है और पूरा विश्वास है कि क्लासिकल प्रारूप में खेले जा रहे इस मुकाबले की इस महत्वपूर्ण बाजी में वह आक्रामक रवैया अपनाएंगे।

अब जबकि मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है तब जो भी खिलाड़ी धैर्य से काम लेगा वह फायदे में रहेगा। इस मुकाबले में 10 बाजी के बाद स्कोर 5-5 से बराबर था, लेकिन उसके बाद के अगले दो मैच का परिणाम निकला। लगातार ड्रॉ खेलने के कारण यह मुकाबला नीरस बन गया था, लेकिन पिछले दो मैच ने इस 25 लाख डालर ईनामी प्रतियोगिता में नई जान फूंक दी है। अब जबकि दो दौर का खेल होना बाकी है तब दोनों खिलाड़ियों के पास मौका है।

लिरेन ने 11वीं बाजी में बेहद खराब प्रदर्शन किया, लेकिन अगले दौर में वह शानदार वापसी करने में सफल रहे। वह इयान नेपोमनियाचची के खिलाफ पिछले विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में भी इसी तरह की स्थिति में थे। वह तब टाईब्रेकर में जीत दर्ज करके विश्व चैंपियन बने थे।

**12** दौर के बाद दोनों खिलाड़ी 6-6 से बराबर

**7.5** अंक तक जो भी खिलाड़ी पहले पहुंचेगा वह विश्व चैंपियन बन जाएगा

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पूर्व विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा सहित शतरंज के विशेषज्ञों का मानना है कि अब चीन के खिलाड़ी का पलड़ा थोड़ा भारी हो गया है और वह अगली बाजी में अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे।

# विश्व कप 2034 की सऊदी अरब की मेजबानी पर मुहर लगाएगा फीफा

**एजेंसी, जिनेवा**

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा बुधवार को अपनी विशेष बैठक में 2034 में होने वाले विश्व कप के मेजबान के रूप में सऊदी अरब के दावे पर अंतिम मोहर लगाएगा। इसके अलावा 2030 में होने वाले विश्व कप का आयोजन तीन महाद्वीप और छह देश में करने के फैसले की भी पुष्टि की जाएगी। इस विश्व कप की मेजबानी तीन देशों स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को सौंपी गई है लेकिन इसके तीन मैच दक्षिण अमेरिकी देशों में खेले जाएंगे।




उरुग्वे ने 1930 में पहले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। वह 2030 में होने वाले विश्व कप के पहले मैच की मेजबानी भी करेगा। इससे पहले उद्घाटन समारोह अभी इसी देश में आयोजित किया जाएगा। उरुग्वे के अलावा अर्जेंटीना और पराग्वे भी 2030 में होने वाली प्रतियोगिता के एक-एक मैच की मेजबानी करेंगे।

फीफा इसके लिए बुधवार को ज्यूरिख में एक विशेष कांग्रेस का आयोजन करेगा। इस बैठक में उसके 211 सदस्य ऑनलाइन भाग लेंगे। विश्व कप 2030 और 2034 मेजबानों की पुष्टि पंजीकृत वोट के बजाय संयुक्त निर्णय से की जा सकती है।

फीफा ने 2026 में होने वाले विश्व कप की मेजबानी के लिए जून 2018 में मॉस्को में हुए मतदान में प्रत्येक सदस्य की पसंद का खुलासा किया था। तब अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको ने संयुक्त मेजबानी हासिल की थी। उन्होंने मेजबानी की दौड़ में मोरक्को के खिलाफ 134-65 वोट से जीत हासिल की।

## मेसी-रोनाल्डो फीफ प्रो विश्व एकादश में नहीं बना पाए जगह

**हूफडॉर्प (नीदरलैंड)।** सर्वकालिक महान फुटबॉल खिलाड़ियों में शामिल लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो वैश्विक खिलाड़ियों के संघ फीफ प्रो द्वारा घोषित वर्ष की पुरुष विश्व टीम में जगह नहीं बना सके। 37 साल के मेसी एमएलएस में इंटर मियामी के लिए खेलते हैं जबकि 39 वर्षीय रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में अल-नासर के लिए खेलते हैं। अंतिम एकादश के मतदान के लिए चुने गए 26 खिलाड़ियों की सूची में सिर्फ मेस्सी और रोनाल्डो ही थे जो किसी यूरोपीय क्लब से नहीं जुड़े है।

यह 2006 के बाद यह पहली बार है कि इस सूची में मेसी का चयन नहीं किया गया है। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता के नाम 17 बार टीम में चुने जाने के बाद रिकॉर्ड है। रोनाल्डो को 15 बार चुना गया है लेकिन आखिरी बार 2021 में वह इस टीम में शामिल थे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन के सभी टिकट बिके

**मेलबोर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन (बॉक्सिंग डे) के सभी टिकट बिक गए हैं, जिससे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की इस सीरीज के प्रति लोगों की दिलचस्पी का पता चलता है। टिकटों की यह भारी मांग ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में शानदार वापसी के बाद देखने को मिली है। भारत ने पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट मैच 295 रन से जीता था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके सीरीज को बराबर करने में सफल रहा। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले इन दोनों टीम के बीच शनिवार से ब्रिस्बेन में तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा।

### आईसीसी ने सनी ढिल्लों पर छह साल का प्रतिबंध लगाया

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अबूधाबी टी-10 लीग में एक फ्रेंचाइजी के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों को मैच फिक्स करने के प्रयास के लिए मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से छह साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। ढिल्लों पर पिछले साल आरोप लगाया गया था। उनका प्रतिबंध 13 सितंबर 2023 से लागू माना जाएगा जब उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। आईसीसी ने बयान में कहा, ''सनी ढिल्लों को अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है और उन्हें सभी तरह की क्रिकेट से 6 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।''

### सबालेंका साल की सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** स्टार टेनिस खिलाड़ी एरिना सबालेंका को पहली बार डब्ल्यूटीए की साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने 2024 में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते और दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी भी बनीं।



## क्रिकेट: ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का अंतिम वनडे आज

# 'क्लीन स्वीप' से बचने उतरेगा भारत

**एजेंसी, पर्थ**

पहले दो मैच में करारी हार से आहत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप से बचने और अगले साल होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी। सात बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक तीन मैच की सीरीज में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा है जबकि भारत ने तीनों विभागों बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन किया है।

दूसरे वनडे में रिकॉर्ड 122 रन की हार से भारत की कमजोरी का पता चलता है। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम किसी भी समय 372 रन के लक्ष्य तक पहुंचने की स्थिति में नहीं दिखी। भारत को सबसे अधिक निराश उसकी दो स्टार बल्लेबाजों कप्तान



फाइल फोटो

हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना ने किया है। मंधाना ने अक्तूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ा था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 17 रन ही बना पाई है। इस सलामी बल्लेबाज की निगाह फॉर्म में लौटने पर टिकी होगी।

हरमनप्रीत अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रही है। उन्होंने दो मैच में 57 रन बनाए हैं। भारतीय टीम इस साल के शुरू में टी-20 विश्व कप में जल्दी बाहर हो गया था और तब से हरमनप्रीत की बल्लेबाजी और कप्तानी पर नजर रखी जा रही है। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर की गई शेफाली वर्मा की अनुपस्थिति में भारतीय टीम ने कुछ अलग संयोजन आजमाए, लेकिन उसकी तरफ से अभी तक रिचा घोष ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई है।

**मैच : सुबह 8.50 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, उमा छेत्री, ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर और साइमा ठाकुर।

**ऑस्ट्रेलिया।** ताहलिया मैक्ग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम।

# भारतीय बल्लेबाजों ने लाल गेंद से किया अभ्यास

**एजेंसी, एडीलेड**

गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में 10 विकेट की करारी हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की अगुआई में भारतीय बल्लेबाजों ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में वापसी के लक्ष्य के साथ मंगलवार को यहां लाल गेंद से कड़े नेट सत्र में हिस्सा लिया। ऑस्ट्रेलिया की टीम शनिवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट के लिए ब्रिसबेन पहुंच गई है, लेकिन भारतीय टीम ने लाल गेंद के अपने कौशल को निखारने पर ध्यान देने के लिए यहीं रुकने का फैसला किया। भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक तकनीक और गेंदों को छोड़ने पर ध्यान दिया। भारतीय टीम के अभ्यास का वीडियो साझा करते हुए बीसीसीआई ने 'एक्स' पर लिखा, ''अब आगे के बारे में सोचने का समय है। ब्रिसबेन टेस्ट की तैयारी यहां एडीलेड में शुरू हो चुकी है।''




खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित पिछली 12 पारियों में एक अर्धशतक (52) के साथ सिर्फ 142 रन बना पाए हैं। वह अपने बेटे के जन्म के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए थे।

## सिराज को समय से पहले जश्न मनाने से रोके भारत: टेलर

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर का मानना है कि मोहम्मद सिराज में अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना समय से पहले विकेट लेने का जश्न मनाने की प्रवृत्ति है और भारतीय टीम में उनके सीनियर साथियों को इस मुद्दे पर इस तेज गेंदबाज से बात करनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करना बुरा लगता है। टेलर ने कहा कि सिराज को जब लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला आने से पहले ही जश्न मनाने के लिए अपने साथियों की तरफ दौड़ पड़ते हैं। टेलर ने कहा, ''जहां तक मोहम्मद सिराज का सवाल है तो मैं चाहूंगा कि उनकी टीम के सीनियर साथी उनसे बात करें। ट्रैविस हेड के साथ जो हुआ उसके बारे में इतना नहीं, बल्कि इस चीज को लेकर उनसे बात की जानी चाहिए कि जब उन्हें लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला देखने के लिए पलटते नहीं है।

## अफगानिस्तान ने जोनाथन ट्रॉट का अनुबंध बढ़ाया

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है और इस तरह से वह 2025 में भी अपनी इस भूमिका को निभाएंगे। यह घोषणा अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से कुछ महीने पहले की गई है।



अफगानिस्तान पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। इंग्लैंड के 43 वर्षीय पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जुलाई 2022 में अफगानिस्तान के मुख्य कोच का पद संभाला था।

## वोल न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल



**ब्रिस्बेन।** भारत के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली 21 वर्षीय जॉर्जिया वोल को न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी एकदिवसीय सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम में शामिल किया गया है।

शीर्ष क्रम की बल्लेबाज वोल ने भारत के खिलाफ मौजूदा एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच में नाबाद 46 रन बनाकर पदार्पण किया था। उन्होंने इसके बाद अगले मैच में शतक (101) बनाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया में यह मैच 122 रन से जीत कर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की।

## क्रिकेट: 107 रनों का लक्ष्य मात्र 7.4 ओवर में ही पूरा कर लिया

# अंतर महाविद्यालय क्रिकेट में डीएवी कांगड़ा ने जीता खिताब

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में डीएवी कांगड़ा ने पौंटा साहिब को 8 विकेट से रौंद कर खिताब अपने नाम कर लिया। मंगलवार को टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पौंटा साहिब की टीम ने 17.5 ओवर में 106 रन बनाए। इसमें सौरभ ने 23, गौरव ने 26, रोहित ने 10 तथा आकाश व हरमन ने 15-15 रन बनाए। कांगड़ा के लोकेश ने 6 और आदित्य ने 4 विकेट लिए।

दिए गए लक्ष्य को कांगड़ा ने मात्र 7.4 ओवर में ही पूरा कर लिया। कांगड़ा के श्याम सुंदर ने 21 गेंदों में चार छक्कों और छह चौकों की मदद से शानदार 52 रन की पारी खेली जबकि कुनाल सिंह ने एक छक्के और आठ चौकों की मदद से 15 गेंदों में 39 रन बना डाले। पौंटा साहिब के शिवचरण और रोहित ठाकुर ने एक-एक विकेट लिया। प्रतियोगिता के प्रेस संयोजक व एचपीसीए अंपायर अनिल गुलेरिया ने बताया कि समापन समारोह पर स्थानीय कालेज प्राचार्य ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर रही टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले तीसरे और चौथे स्थान के लिए वल्लभ कॉलेज मंडी और सोलन के बीच हुए मैच में मंडी ने सोलन को 8 विकेट से हरा दिया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सोलन ने निर्धारित 15 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाए, जिसमें पवन ने 10, अकुल ने 34, साहिल ने 29 और राहुल ने 13 रन बनाए।



मंडी के जगदीश ने दो, दलीप, सौरभ और अर्जुन ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद मैदान पर आई मंडी की टीम ने दो विकेट खोकर 12.4 ओवर में ही 120 रन बनाकर जीत प्राप्त की। मंडी के आदित्य ने 26 गेंदा में 54 और अर्जुन ने 45 रन बनाए। दोनों मैचों में बीएसएनएल की राष्ट्रीय टीम के कोच दिव्या प्रकाश तथा अमित रघु मैच अंपायर रहे।

